ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • वैशाख कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 13 अप्रैल 2023 • वर्ष-24 • अंक-71 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सामंथा, वरुण धवन के साथ 'सिटाडेल' इंडिया... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### सचिव स्तर के चार आईएएस को मिली नई जिम्मेदारी


**रांची।** राज्य सरकार ने सचिव स्तर के चार आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी है। योजना विकास विभाग के सचिव अमिताभ कौशल को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों का सचिव बनाया गया है, उन्हें राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग व आपदा प्रबंधन प्रभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जस संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार को अपने कार्य के अतिरिक्त योजना एवं विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के पद पर पदस्थापित विप्रा भाल को वाणिज्यकर विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव चंद्रशेखर को ग्रामीण विकास विभाग का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

### पीएलएफआई का एरिया कमांडर पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर रोहित टोपना उर्फ राटा (25 ) को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर उड़ीकेल खिजुरटोली गांव के टोंगरी से राटा को पकड़ लिया। गिरफ्तार उग्रवादी तोरपा थानांतर्गत महराओड़ा गांव का निवासी है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, चार जिंदा गोली सहित पीएलएफआई का पर्चा और चंदा रसीद बरामद किया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने बुधवार को दी।

### अगले 10 से 12 दिनों तक बढ़ सकते हैं कोरोना के मामले

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड एंडेमिक स्टेज की ओर बढ़ रहा है। इसलिए मामले अगले 10-12 दिनों तक बढ़ते रह सकते हैं। इन 10 दिनों के बाद इसमें कमी आएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एंडेमिक का मतलब है कि ये बीमारी अब हमारे बीच ही रहेगी, लेकिन इसका असर ज्यादा खतरनाक नहीं होगा। हालांकि, सावधानी बरतनी होगी।




# कोई ठोस वजह नहीं दिखती नक्सलवाद की कथित लड़ाई की : शाहदेव

## सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्में बनाना ही मकसद, उठाता हूं जरूरी मुद्देः लाल विजय

### फिल्म लोहरदगा के निदेशक लाल विजय शाहदेव से राष्ट्रीय नवीन मेल की खास बातचीत

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**

नक्सली, लोहरदगा और लाल विजय शाहदेव। देखें तो इनमें कोई समानता नहीं और दूसरे नजर से देखें तो काफी समानता है। लाल विजय शाहदेव लोहरदगा के हैं, झारखंड के हैं। फिल्म बनाते हैं। 8-9 साल पहले उन्होंने जो कुछ भी देखा-पढ़ा-समझा, उसे ध्यान में रख कर उन्होंने एक फिल्म बनाई-लोहरदगा। फिल्म अच्छी बनी। इस फिल्म का एक डॉयलॉग है ...लेकिन हमारा दुश्मन है कौन...? यही सवाल हमने व्हाट्स एप्प पर शाहदेव से पूछा। यह भी कि आप संदेश क्या देना चाहते हैं। उनका जवाब थाः नक्सलवाद की जो लड़ाई चल रही है उसकी कोई ठोस वजह नहीं दिखती। लेकिन, लड़ाई चल रही है।

यह पूछे जाने पर कि आपने लोहरदगा को ही क्यों चुना आपने? कहा तो यह भी जाता है कि झारखंड के सभी 24 जिलों में नक्सली समस्या बदस्तूर है ही? इस पर शाहदेव कहते हैं: लोहरदगा का रहने वाला हूं और अपने जिले के आसपास की घटनाओं से परिचित था। इसलिए फिल्म का नाम ही लोहरदगा रख दिया। घटनाक्रम भी यहीं से जुड़ा है।




इस सवाल कि इस दौर में इतनी गंभीर फिल्मों का कितना बड़ा दर्शक वर्ग है, विजय कहते हैं : आज सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्में ही ज्यादा बन रही हैं। फिल्म एक बहुत बड़ा माध्यम है किसी भी मुद्दे को उठाने के लिए। इसलिए हम सीरियस टॉपिक्स पर फिल्म बनाते हैं।

### फिल्म में नक्सलवाद के इर्द-गिर्द ही पूरी कहानी

**हमने** पूछा-फिल्म में हिंदू-मुसलमान का भी तड़का दिख रहा है। क्या यह जरूरी था? इसके जवाब में वह कहते हैं : फिल्म में दिखाया गया है कि नौकरी के लालच में गरीब लड़के नक्सलियों संग अपना नाम लिखवाना चाहते हैं। उसके लिए उनका एक मुसलमान दोस्त भी नक्सली बनना चाहता है, पर उसे मना किया जाता है। कारण यह है कि नक्सलियों का कोई भी ग्रुप हो, उसमें मुसलमान नहीं होते। केंद्रीय गृहमंत्री कहते हैं कि झारखंड में नक्सली दम तोड़ चुके हैं और आपकी फिल्म में नक्सलवाद के इर्द-गिर्द ही पूरी कहानी है। इसका अर्थ यह हुआ कि आप मानते हैं कि झारखंड में नक्सली आज भी प्रभावी हैं? शाहदेव जवाब देते हैः यह फिल्म 8 साल पहले की सच्ची घटना पर आधारित है। जो भी दिखाया गया है, सच है। हां, टाइम थोड़ा ज्यादा हो गया था। लेकिन, यह हुआ था। इसीलिए हमने फिल्म बनाई। हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के प्रतिभावान बच्चों को बढ़िया नंबर लाने पर पुरस्कृत किया और कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। क्या ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# मचाया कत्लेआम

## म्यांमार की सेना ने अपने ही लोगों पर की भीषण बमबारी महिलाओं और बच्चों समेत 100 से अधिक लोगों की मौत

### हवाई हमले के बाद सेना ने कई राउंड तक की फायरिंग

**एजेंसी। नाएप्यीडॉ**

यूएन ने की हमले की कड़ी निंदा म्यांमार की सेना ने मंगलवार को नागरिकों के समूह पर बम बरसाए और कई राउंड तक फायरिंग की। हमले में बच्चों और महिलाओं समेत 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद की कई ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जो विचलित कर देने वाली हैं। शवों को बरामद करने और पीड़ितों को चिकित्सा उपचार के लिए ले जाने के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि मरने वालों की संख्या 100 तक हो सकती है। बता दें कि इससे पहले मार्च में शान राज्य में एक हमले में मठ में शरण लिए हुए 30 से अधिक लोग मारे गए थे। वहीं, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और पश्चिमी शक्तियों ने हमलों की निंदा की और जवाबदेही की मांग की। संयुक्त राष्ट्र ने इसे परेशान करने वाली घटना बताया है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा : आज म्यांमार सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। फरवरी 2021 के तख्तापलट में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद से दक्षिण पूर्व एशियाई देश अराजकता की ओर बढ़ गया और इसकी अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। बम गिराए और की हवाई फायरिंग एक प्रत्यक्षदर्शी ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एक लड़ाकू विमान ने सागैंग प्रांत के कनबालु टाउनशिप में स्थित पजीगी गांव के बाहर एकत्र हुई भीड़ पर बम गिराए और फिर हेलीकॉप्टर से फायरिंग कर दी। यहां लोग विद्रोही गुट के स्थानीय कार्यालय के उद्घाटन के लिए एकत्र हुए थे। यह प्रांत देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से लगभग 110 किलोमीटर (70 मील) उत्तर में स्थित है।







### सरकार विरोधी अभियान चलाने का आरोप

#### सैन्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा : विद्रोही गुट के ऑफिस के उद्घाटन के दौरान किया गया था हमला

**शुरुआती** रिपोर्टों में मरने वालों की संख्या लगभग 50 बताई गई थी, लेकिन बाद में स्वतंत्र मीडिया की रिपोर्ट आई कि मौत का आंकड़ा 100 से भी अधिक है। यहां इस घटना के विवरण की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना इसलिए असंभव था, क्योंकि रिपोर्टिंग पर वहां की सैन्य सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। जो लोग मारे गए हैं उनमें महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन टुन ने सरकारी टेलीवीजन को फोन पर दिए गए एक बयान में स्वीकार किया कि विद्रोही गुट के ऑफिस के उद्घाटन के दौरान यह हमला किया गया था। उन्होंने सरकार विरोधी ताकतों पर आतंक का हिंसक अभियान चलाने का आरोप लगाया।

### सेना ने फरवरी 2021 में किया था तख्तापलट

**म्यांमार** में 1 फरवरी 2021 को सेना ने तख्तापलट कर सत्ता हासिल की थी। इसके बाद देश में इमरजेंसी लगा दी गई। इस दौरान म्यांमार की नेता आंग सान सू की और नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया गया था। इसके बाद देशभर में लोकतंत्र बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ था। तब से सुरक्षा बलों के हाथों तीन हजार से अधिक नागरिकों के मारे जाने का अनुमान है।

### घायलों को अस्पताल ले जाते समय हेलीकॉप्टर से की गई फायरिंग


**प्रत्यक्षदर्शी** ने बतायाः गोलाबारी में समूह का कार्यालय ध्वस्त हो गया। घटना में करीब 30 लोग घायल हो गए। घायलों को ले जाते वक्त हेलीकॉप्टर के जरिए गोलीबारी की गई। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में करीब 150 लोग जमा हुए थे और मरने वालों में महिलाएं तथा 20-30 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मारे गए लोगों में सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों और अन्य विपक्षी संगठनों के नेता भी शामिल हैं। विपक्षी समूह नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) ने एक बयान में कहाः आतंकी सेना की ओर से यह जघन्य कृत्य निर्दोष नागरिकों के खिलाफ ताकत के उनके अंधाधुंध इस्तेमाल का एक और उदाहरण है।

# सचिवालय घेराव : तीन पूर्व सीएम सांसद सहित 41 पर एफआईआर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान हुई पत्थरबाजी और उपद्रव की घटना को लेकर धुर्वा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मंगलवार देर रात कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान पर तीन पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद सहित 41 लोगों पर केस दर्ज किया गया। इस मामले में अज्ञात हजारों कार्यकर्ताओं को आरोपित बनाया गया है। सभी आरोपितों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगाई गई हैं।

धुर्वा थाना में जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, इनमें सांसद संजय सेठ, सांसद निशिकांत दुबे, सांसद समीर उरांव, सांसद सुनील कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री सह सांसद अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक अमित मंडल, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, विधायक विरंची नारायण सिंह, पांकी के श्यामनंदन ओझा, शत्रुघ्न सिंह और आरती कुजूर का नाम शामिल हैं। इसके अलावा जमशेदपुर के प्रदीप मुखर्जी, अनीता सोरेन, मुनचुन राय, उमेश यादव, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह, अशोक कुमार, रमेश सिंह, रमेश नाथ तिवारी, संजीव कुमार सिंह, ब्रजकांत केसरी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




### धुर्वा थाना में दर्ज हुई है एफआईआर

**धुर्वा** थाना में दर्ज कराये गये मामले में कहा गया है कि 11 अप्रैल को भाजपा का सचिवालय घेराव कार्यक्रम घोषित था। इसको लेकर डीसी और एसएसपी ने संयुक्त रूप से दंडाधिकारी, अधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती संबंधित आदेश जारी किया था। विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए धुर्वा गोलचक्कर से चांदनी चौक हटिया तक 11 अप्रैल की सुबह आठ बजे से रात के 11.30 बजे तक धारा-144 लगाई गई थी। इसके बाद भी भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग उखाड़ने और हटाने की प्रयास किया। वे उपद्रवियों की तरह व्यवहार करने लगे, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और दंडाधिकारी को निशाना बनाकर बोतल फेंके, पत्थरबाजी की।

## झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी से दो सप्ताह में मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को झारखंड लोक सेवा आयोग से संबंधित छह याचिकाओं पर सुनवाई की। जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने आयोग से सातवीं, आठवीं, नौवीं और 10वीं परीक्षा पर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। हाईकोर्ट ने अभ्यर्थी सूरज कुमार रजक और अन्य पांच की याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय ने अगली सुनवाई के लिए दो मई की तारीख मुकर्रर की है। याचिकाकर्ता सूरज रजक का पक्ष अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन और आयोग का पक्ष अधिवक्ता संजोय पिपरवाल व अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने रखा। अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने कहा याचिकाकर्ताओं को उनकी कैटेगरी में कट ऑफ से ज्यादा अंक मिले हैं। आयोग ने उनके जाति प्रमाण पत्र को यह कहते हुए रद्द कर दिए कि वह विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप नहीं थे।

# पूजा सिंघल ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर, भेजी गईं जेल

### पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में कल होनी है सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की अवधि बुधवार पूरी हो गयी। इसके बाद पूजा सिंघल ने अदालत के समक्ष सरेंडर किया।

पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई होनी है। सरेंडर करने के बाद अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी ने बताया कि अदालत से उनके जरिए जरूरी दवाओं को मुहैया कराने के लिए भी आग्रह किया गया है जिसे अदालत ने स्वीकार किया है। सोमवार को पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप तय किए गए थे। इस दौरान पूजा सिंघल कोर्ट में उपस्थित थीं। अदालत ने पूजा सिंघल के खिलाफ लगे सभी आरोपों को पढ़कर सुनाया। पूजा सिंघल ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को गलत बताया था। ईडी कोर्ट ने पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा तीन और चार के तहत पूजा सिंघल के खिलाफ आरोप तय किए हैं।



## अरहर और उरद दाल की कीमतों में उछाल से हरकत में सरकार

# 9 राज्यों के साथ की घोषित स्टॉक की समीक्षा, सही विवरण की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अरहर दाल और उरद की कीमतों में हाल के महीनों में उछाल देखने को मिली है। इस बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को देश में अरहर और उरद के स्टॉक के खुलासे की समीक्षा की है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने अरहर और उरद दाल की उपज और खपत करने वाले प्रमुख राज्यों के साथ मिलकर दोनों प्रकार के दालों के स्टॉक की समीक्षा की है। बैठक में आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने भाग लिया है। बैठक में शामिल राज्यों के रजिस्टर्ड फर्म और उनके पास उपलब्ध स्टॉक की समीक्षा की गई। साथ ही राज्यों से कहा गया कि वे सुनिश्चित करें कि इंपोर्टरों, मिलर्स, स्टॉकिस्ट और टेडर्स सही तरीके से अपने स्टॉक का विवरण दें। स्टॉक डिस्क्लोजर पोर्टल में रजिस्टर्ड लोगों की संख्या बढ़ी है, लेकिन ये माना जा रहा है कि राज्यों में स्टेकहोल्डर्स की संख्या ज्यादा हो सकती है। बैठक में इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि कुछ राज्यों में अरहर दाल के स्टॉक होने की जितनी घोषणा की गई है वो अरहर के प्रोडक्शन और खपत के मुकाबले बेहद कम है। राज्यों से एफएसएसएआई लाइसेंस, एपीएमसी रजिस्ट्रेशन, जीएसटी रजिस्ट्रेशन, वेयरहाउस और कस्टम बॉन्डेड वेयरहाउस के डाटा को खंगालने के लिए कहा गया है। केंद्र सरकार ने राज्यों से स्टॉक्स का वेरिफिकेशन करने को कहा है। जिन लोगों ने स्टॉक को डिस्क्लोज नहीं किया है, उनके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और जमाखोरी कानून के तहत कार्रवाई करने के लिए भी कहा गया है।



## राजनीति | विपक्षी एका को मजबूत करने इसी माह होगी एक बड़ी बैठक

# पीएम की गहलोत पर चुटकी का अर्थ समझिए

### विपक्षी एका को मजबूत करने के लिए किसे क्या जिम्मेदारियां दी जाएंगी, यह फिलहाल गोपनीय है

**आनंद सिंह। रांची**

बुधवार को नीतीश कुमार, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, तेजस्वी यादव, ललन सिंह आदि एक साथ बैठे। मंगलवार को ही खड़गे ने नीतीश कुमार को फोन करके बुलाया था। वो दौड़े-दौड़े पहुंचे थे दिल्ली। बुधवार को वह राहुल गांधी से मिले। उनके साथ तेजस्वी, ललन सिंह भी खड़गे-राहुल से मिले। काफी देर तक बातें हुईं। फिर यह तय हुआ कि इसी माह बड़ी बैठक होगी। उस बैठक में ज्यादा से ज्यादा दलों-पार्टियों को विपक्षी एका के नाम पर जोड़ा जाएगा। जाहिर है, जब दिल्ली में इस तरह की गतिविधि हो रही हो, विपक्ष के लोग लामबंद हो रहे हों तो भाजपा आंखें मूंद कर तो बैठी नहीं रहेगी। हालांकि, इस बैठक को लेकर भाजपा ने सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा, लेकिन प्रधानमंत्री ने दिल्ली कैंट से जयपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना करने के मौके पर चुटकी ले ही ली। उन्होंने कहाः मैं गहलोत जी का आभार व्यक्त करता हूं। इन दिनों राजनीतिक आपाधापी में वे अनेक संकटों से गुजर रहे हैं, उसके बावजूद विकास कार्य के लिए वे समय निकाल कर आए... जो काम आजादी के तुरंत बाद होना चाहिए था पर नहीं हो पाया। आपका मुझ पर इतना भरोसा है कि आज वो काम भी आपने मेरे सामने रखा है। यह सुन कर गहलोत झेंप गए।

विपक्षी एका को लेकर जो तानाबाना बुना जा रहा है, उसमें कई पैबंद हैं। पहला पैबंद तो कांग्रेस को ही लेकर है। राजस्थान में अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन करने पर बैठे सचिन पायलट के तेवर अभी भी नरम नहीं हुए हैं। बताया जाता है कि राहुल और सोनिया उनके इस कृत्य से नाराज हैं। सचिन के बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें अगर प्रॉपर रिस्पांस नहीं मिला तो वह बड़ा फैसला कर सकते हैं। शायद वह भी माधव राव ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### विपक्ष में हर नेता खुद को मानता है पीएम पद का दावेदार



**विपक्ष** में हर नेता खुद को पीएम पद का दावेदार मानता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर से लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल में भी लोग पीएम मैटेरियर देख रहे हैं। भानुमति के कुनबा टाइप इन दलों में एका हो पाएगी, यह आने वाला वक्त बताएगा। बुधवार को एक बड़ा सियासी घटनाक्रम भी सामने आया। आम तौर पर बाल ठाकरे का निवास स्थल मातोश्री में नेता लोग आते ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# कलाकारों के योगदान को नहीं भूला सकते




## क्षितिज कुमार रॉय ने नागपुरी भाषा, लोक संगीत नाच गान एवं परंपरा की अनमोल विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
भाषा, लोक संस्कृति व परंपरा हमारी पहचान और अनमोल विरासत है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। यह बातें सांसद सुदर्शन भगत ने कहीं। वे कुंजवन छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केंद्र चुटिया रांची के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड स्थित खुखरागढ़ के मठियानी टोली गांव में बुधवार को अखरा बचाऊ, झारखंड सजाऊ,भारत बढ़ाऊ के उद्देश्य व संकल्प को लेकर आयोजित पांच दिनी झारखंड लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सांसद ने कहा कि इस आधुनिक युग के दौर में अखरा का अस्तित्व सिमट रहा है। इसे दुरुस्त करने की आवश्यकता है। अखरा के तहत हमारी भाषा, संस्कृति परंपरा व लोक संगीत की रक्षा में कवि, कलाकारों व संस्कृतिकर्मियों के असीम योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने इसकी महत्ता और अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सांसद कोष से एक सामुदायिक भवन बनाए जाने की घोषणा किया। वहीं समारोह में सांसद व अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं समारोह में सांसद सुदर्शन भगत, पद्मश्री मुकुंद नायक, मधु मंसूरी व कवि सह कलाकार क्षितिज कुमार रॉय ने नागपुरी भाषा, लोक संगीत नाच गान एवं परंपरा की अनमोल विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि नागपुरी की पढ़ाई अब क्लास नवम से एमए तक हो रही है। जो एक गर्व की बात है। जिससे इसकी महत्ता स्वयं सिद्ध हो जाती है। उन्होंने इस अनमोल विरासत की रक्षा के लिए युवकों व युवतियों से इसे एकजुट होकर आवाज बुलंद कर संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह में पद्मश्री मुकुंद नायक,मधु मंसूरी व कवि कलाकार क्षितिश कुमार रॉय के नेतृत्व में नागपुरी कलाकारों ने राग रागिनियों में डमकच, अंगनई, लूझरी, झूमटा, भिनसरिया, मर्दानी झूमर व अधरतिया आदि में दर्जनों परंपरागत नाच गान प्रस्तुत कर जनमानस को थिरकने पर मजबूर कर दिया। जो समारोह का आकर्षण रहा। वहीं इस दौरान खुखरागढ़ सांस्कृतिक केंद्र में दर्जनों लोगों को झारखंड के लोक संगीत एवं नाच गान का प्रशिक्षण दिया गया। जो बुधवार को समाप्त हो गया। वहीं मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, सोनाकर नागपुर फिल्म के निमार्ता धनंजय नाथ तिवारी व मुखिया जतरू उरांव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं इस समारोह को सफल बनाने में कुंजवन संस्था रांची के अध्यक्ष किशोर नायक, अभिषेक कुमार बड़ाईक, राजेश महली, श्रवण गोप, गणेश मुंडा, किशोर महली, नेहा कुमारी, नूतन लकड़ा,नीलम कुमारी, देवी कुमारी, बालेश्वर नायक,प्रिया खलखो, लक्ष्मी कच्छप तथा खुखरागढ़ सांस्कृतिक केंद्र बेड़ो के सचिव सुदामा सिंह, प्रभात साहू, स्वराज सिंह, रीतिका देवी, पूनम लकड़ा, वीर कुंवर सिंह, जूली कच्छप, सुजीता केरकेट्टा, संजू मिंज, संध्या मिंज व जया देवी समेत दर्जनों कलाकारों ने सराहनीय योगदान दिया। इधर समारोह की अध्यक्षता किशोर नायक, संचालन मनीष बरवार व धन्यवाद ज्ञापन सुदामा सिंह ने किया।

## यूएपीए की धारा 15 के तहत बनेगा आरोपी

**रांची।** धनबाद का गैंगस्टर प्रिंस खान उर्फ मो हैदर अली पर झारखंड पुलिस यूएपीए (अनलॉफुल एक्टिविटिज प्रिवेंशन एक्ट) के तहत कार्रवाई करेगी। सीआईडी मुख्यालय ने प्रिंस खान के खिलाफ दर्ज मामलों की समीक्षा की है। समीक्षा के बाद सीआईडी एसपी 1 ने इस संबंध में बोकारो रेंज के क्षेत्रीय पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार सिंह को पत्र भेजा है। पत्र में प्रिंस खान के खिलाफ दर्ज सभी कांडों का विवरण, उन कांडों में उसे जमानत कब मिली, न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान शेष कांडों में उसे रिमांड पर लिया गया या नहीं, इसका विवरण भी सीआईडी तैयार कर रही है। सीआईडी मुख्यालय ने प्रिंस खान पर लगे फायरिंग समेत कई कांडों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यूएपीए के प्रावधान धारा 15 के तहत कार्रवाई का निर्णय लिया गया। धारा 15 के मुताबिक, किसी व्यक्ति या संगठन के द्वारा यदि इस तरह की कार्रवाई की जाए, जिससे देश में टेरर कायम हो , आम लोगों में भय कायम करने की कोशिश हो या देश की अखंडता, एकता के लिए खतरा हो तो यूएपीए के तहत कार्रवाई हो सकती है। प्रिंस खान की गतिविधियों को आमलोगों में भय कारित करने की गतिविधि के तौर पर पाया गया है। यूएपीए कानून के तहत आरोपी की संपत्ति की जब्ती की जाती है।

## थाना से संबंधित मामले में अभियोजन की स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अरगोड़ा थाना काण्ड सं०-64 /2023 11.02.2023 के अभियुक्त आशीष सैमुअल जॉर्ज उर्फ जॉर्ज बुश, पिता- संजय सैमुअल जॉर्ज, पता- फ्लैट न० 265, डी०ए० फ्लैट निमदी कॉलोनी, अशोक विहार फेज-04, थाना-भारतनगर, दिल्ली को दिनांक-11-02-2023 को गुप्त सूचना के आधार पर अरगोड़ा चौक से डिबडीह जाने वाले रास्ते के समीप नवनिर्मित बस स्टॉपेज के पास से कुछ आपत्तिजनक सामान (ब्लैक स्टोन ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं तलाशी के क्रम में अभियुक्त द्वारा बताया गया की उसे दो जिंदा गोली एवं ब्लैक स्टोन ड्रग्स की कुछ पुड़िया सैम्पल के रूप में डिलीवरी करने के लिए भेजा गया था। उक्त काण्ड को अनुसंधान के क्रम में उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध सत्य पाया गया।


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-नोडल पदाधिकारी, आर.टी.ई राँची

**आवश्यक सूचना**

**राँची जिला अंतर्गत निजी विद्यालय को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त करने के संबंध में**

**आवश्यक सूचना :–**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 464 दिनांक 20.03.2023 के आलोक में सूचित किया जाता है कि राँची जिला में अवस्थित निजी विद्यालयों को झारखण्ड निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली 2011 के प्रावधान 12 के तहत विभागीय अधिसूचना संख्या 629 दिनांक 25.04.2019 में निर्धारित मापदण्डों, मानकों एवं शर्तो के अधीन मान्यता प्राप्त करने हेतु पोर्टल/वेबसाईट www.dseranchi.com पर आवेदन ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य है, ताकि मान्यता हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

निदेशानुसार जिस निजी विद्यालयों द्वारा ऑफलाईन आवेदन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा किया गया है, उन विद्यालयों को भी आवेदन ऑनलाईन पोर्टल/वेबसाईट www.dseranchi. com करना अनिवार्य है।

PR 295016 Human Resource Developement(23-24).D

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
नोडल पदाधिकारी, आर.टी.ई.राँची


# इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में स्नातक समारोह का सफल आयोजन

# प्रतिभा टोप्पो हुई सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर प्रखंड अंतर्गत ब्राम्बे में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में त्रिवर्षीय बी-एससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष, बैच 2020-23 के छात्रों हेतु स्नातक समारोह का आयोजन भव्य रुप से किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन, विशिष्टअतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, निदेशक पर्यटन झारखंड सरकार अंजली यादव तथा संस्थान के प्राचार्य भूपेश कुमार, शिक्षक, शिक्षकेक्तर कर्मी एवं सभी छात्र तथा अन्य अतिथिगण उपस्थित रहें। स्नातक समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद छात्राओं ने गणेश वंदना तथा झारखंडी लोक नृत्य से कार्यक्रम का प्रारंभ किया। तत्पश्चात बी. एससी पाठ्यक्रम, बैच 2020-23 के सभी छात्रों को उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं देश विदेश के विभिन्न होटलों तथा सेवा क्षेत्रों जैसे ताज ग्रुप, द ओबेरॉय ग्रैंड, कोलकाता, द पार्क ग्रुप, द रोजिएट ग्रुप, आदित्य बिड़ला फैशन, टेकोबेल बर्मन हॉस्पिटैलिटी, दिल्ली ड्यूटी फ्री, पोस्ट कार्ड होटल्स, मैसिव रेस्टोरेंट प्राइवेट लिमिटेड, सरोवर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, एमआरपीएल, लेमन ट्री, ईजीडायनर, जस्ता होटल्स एवम अन्य द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित होने पर नियुक्ति पत्र प्रदान की गई। साथ हीं पूरे पाठ्यक्रम के दौरान उपस्थिति, शैक्षणिक परिणाम, पाठ्येतर गतिविधि, व्यवहार में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभा टोप्पो को वर्ष 2023 हेतु स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया तथा गोल्ड मेडल एवं 5000 रुपए चेक से सम्मानित भी किया गया। प्रतिभा टोप्पो झारखंड राज्य, रांची जिला के नगड़ी क्षेत्र की एक छोटे से गांव एड़चेरो की निवासी है। प्रतिभा ने अपने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई लखनऊ से की तथा स्नातक की पढ़ाई आईएचएम रांची से की जहां संस्थान के प्राचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभा त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम बी. एससी पाठ्यक्रम में एक्डेमिक टॉपर के साथ साथ देश के नामी गिरामी होटल्स जैसे ताज होटल, कोलकाता में मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर प्लेसमेंट प्राप्त किया। इसके अलावा प्रतिभा का चयन दिल्ली ड्यूटी फ्री, दिल्ली एवं रोजिएट हाउस, न्यू दिल्ली में भी हुआ है।

## साईं मंदिर का 13वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा



**रांची।** साईं मंदिर पुंदाग के 13वां स्थापना दिवस 17 अप्रैल को धूम धाम से मनाया जायेगा। विशेष पूजा अर्चना के साथ ही अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे सुबह पांच बजे से काकड़ आरती , सुबह छह बजे शाही मंगल स्नान, इसके बाद सवा सात बजे छोटी आरती होगी,दोपहर बारह बजे मध्यांन आरती के बाद महाभंडारा साथ ही अम्मू जी के द्वारा भजन जो रात 9 बजे तक ,शाम साढ़े छह बजे धूप आरती रात में नौ बजे सेज आरती होगी।


## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

**(द्वितीय) नीलामी सूचना संख्या – 01/2022–23 दिनांक – 11.04.2023**

नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत उपयोग में न आने वाले खराब एवं निष्प्रायोजित वाहनों की क्रमांक 01 से 06 तक की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक – 19.04.2023 को 11:30 पूर्वाहन अपर समाहर्ता, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति की उपस्थिति में की जायेगी। वाहनो का विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार तथा मॉडल | चेचिस नम्बर | इंजन नम्बर | वाहन का स्थान जहाँ रखा गया | न्युन्तम संधारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tractor Massy 245HP | 228513 | 78153 | नगर पंचायत कोडरमा | 10550/- |
| 2 | Tata Ace (Tipper) | MAT491011G6F09274 | - | नगर पंचायत कोडरमा | 15550/- |
| 3 | Tata Ace (Tipper) | MAT491014H6F11581 | - | नगर पंचायत कोडरमा | 15550/- |
| 4 | Small Excavator | 00054/0/03 | - | नगर पंचायत कोडरमा | 1050/- |
| 5 | Mahindra Alfa Tempu Loader | - | - | नगर पंचायत कोडरमा | 8550/- |
| 6 | Eicher Turbo intercooler M/Truck | ME0S01277L3016 | TOSHI1D201736 | नगर पंचायत कोडरमा | 12500/- |

नोट :– नीलामी के संबंध में नियम एवं शर्ते की जानकारी हेतु **Official website- koderma.nic.in** एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 294985 Urban Development(23-24)#D


# ओपी के नवनिर्मित भवन का एसएसपी ने किया उदघाटन




**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
बुधवार को सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मुरी ओपी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किशोर कौशल वरीय पुलिस अधीक्षक रांची तथा विशिष्ट अतिथि नौशाद आलम पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। नवनिर्मित भवन को फूल और गुब्बारे से बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। एसएसपी ने कहा कि ग्रामीण थाना को भी सुविधाओं से लैस बनाया जायेगा। सूत्रों के अनुसार मुरी ओपी का पुराना भवन जर्जर होने की स्थिति में है अभी भी वहां सुविधा की बहुत सारी कमियां है। वही नए भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है तथा थाना के अंदर जितनी सुविधाएं होनी चाहिए उतनी सुविधा से परिपूर्ण है। जानकारों के मुताबिक मुरी ओ पी का स्थापना लगभग 1990 ईसवी को कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया था। बढ़ती हुई आबादी तथा क्षेत्र का विस्तार एवं विकास होने के बाद यह मुरी ओ पी के रूप में कार्य करने लगा जिससे लोगों को भी सुविधा प्राप्त होने लगी और जनता अपने आप को काफी सुरक्षित महसूस करने लगी। इसी के आलोक में नए भवन का उद्घाटन किया गया। मौके पर सिल्ली पुलिस उपाधीक्षक क्रिस्टोफर केरकेट्टा, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओ पी प्रभारी बबलू कुमार, सोनाहातू थाना प्रभारी मुकेश हेंब्रोम, अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन, राधेश्याम राय, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील महतो, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेश कुम्हार, बालिका देवी एवं समाज के समाजसेवी तथा गणमान्य लोग समेत दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अली का जिक्र करना इबादत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पैगंबर मुहम्मद(स) के दामाद हजरत अली की शहादत पर मस्जिद जाफरिया रांची में शोक सभा(मजलिस गम) का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय मजलिस गम के तीसरी मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष, खतीब व इमाम मस्जिद जाफरिया रांची व सदस्य हज कमेटी झारखंड हजरत मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने कहा कि ए लोगो ज़िक्र अली करना इबादत है। पैगंबर मुहम्मद (स) ने कहा अपनी मजलिसो को खूबसूरत बनाओ जिक्र अली से। कियूंकी जिक्र अली करना इबादत है। जिसका जिक्र करना इबादत हो उसका व्यक्तित्व कैसा होगा? जमाने में अगर सच्चाई के साथ जीना है तो अली की राह पर चलना सीखो। मौला अली ने कहा कि जो सच्चाई के साथ रहता है उसे कभी भी अपमानित नहीं किया जा सकता है। अली का हत्यारा(कातिल) यह सोच रहा था कि अली को मारने के बाद कोई अली का नाम नहीं लेगा, जिक्र अली खत्म हो जाएगा। लेकिन अली की शहादत के बाद जमाने में अली का जिक्र आम हो गया। मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) दुनिया में किसी के भाई नहीं हैं, लेकिन हजरत अली वह शख्स हैं जिन्हें पैगंबर मुहम्मद (सल्ल)ने अपना भाई बनाया। जब अली का दूसरा नहीं हो सकता तो मुहम्मद अरबी जैसा कैसे हो सकता है? आप सभी को पता होना चाहिए कि शहादत के बाद मौत नहीं, जिंदगी है। आज से चौदह सौ साल पहले, हजरत अली पर कातिल अब्दूर रहमान ने हमला किया था, जब वह मस्जिद कुफा में नमाज पढ़ रहे थे। उनकी शहादत रमजान की 21 तारीख को हुई। शहादत अली की याद में पूरी दुनिया में मातम मनाया जाता है। मजलिस के बाद हजरत अली का ताबूत निकाला गया। या अली, मौला अली, से प्रिसर गूंज उठा।


## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04, वर्ष 2023–24)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : **13.05.2023** से **15.05.2023** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: **16.05.2023** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **16.05.2023** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराहन में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – : **DMFT (212/14.03.23)**

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टण्डवा | पदमपुर | चेपा | ग्राम चेपा स्कुल में भवन का नव निर्माण एवं चाहरदिवारी का निर्माण। | 866800 | 1250 | 17500 | 02 माह |

**निविदा की शर्ते –**
1. जिला परिषद/जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित है, तो उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा

PR294996 (District)23-24*D


# हॉकी अभियान: ठेठईटांगर प्रखंड उतरी प्रभाग का ट्रायल हुआ संपन्न

# महाभियान में छूट न पाये एक भी प्रतिभावान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हॉकी सिमडेगा द्वारा 22 मई से 28 मई 2 023 तक सिमडेगा में आयोजित हॉकी सिमडेगा जिला स्तरीय सब जूनियर महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में जिला का कोई भी प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी खेलने से वंचित ना रहा है। जिसके साथ ओके सिमडेगा के पदाधिकारी जिला के विभिन्न पंचायतों में घूम-घूमकर तीन-चार पंचायतों को मिलाकर एक जगह ट्रायल कराकर टीम का गठन किया जा रहा है । सिमडेगा जिला के सभी 94 पंचायत के लिए विभिन्न सुदूर इलाकों में 25 स्थलों में चयन ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को ठेठईटांगर प्रखंड उतरी प्रभाग के तुकुपानो पंचायत, कोनमेंजरा पंचायत, मेरोमडेगा पंचायत और बंबलकेरा पंचायत के हॉकी खिलाड़ियों के लिए फरसापानी में चयन ट्रायल कर 22-22 सदस्यों वाली एक-एक महिला और पुरुष टीम का गठन किया गया, जो टीम जिला स्तरीय सब जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। आज के ट्रायल में चयनकर्ता के रूप में मिरास डुंगडुंग, बसंत बा, बलदेव मांझी थे। ट्रायल के समय हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी भी उपस्थित थे। बानो प्रखंड दक्षिणी प्रभाग के लिए 14अप्रैल 2023को पूर्वाहन 8.30बजे से हुरदा खेल मैदान जेनमेर पंचायत, जमताई पंचायत, साहुबेड़ा पंचायत , डूमुरिया पंचायत और रायकेरा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। बानो प्रखंड पूर्वी प्रभाग के लिए दिनांक 14 अप्रैल दोपहर 01बजे से बाकी स्कूल मैदान-बांकी पंचायत, उकौली पंचायत, बिनतुका पंचायत, बड़काडोइल पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है। पाकरटाढ प्रखंड के लिए दिनांक 15 अप्रैल प्रातः 08 बजे बजे से पाकरटाढ बाजार स्थित खेल मैदान में- पाकरटाढ पंचायत, कैरबेडा पंचायत, केशलपुर पंचायत, आसनबेदा पंचायत, सिकिरियाटाढ पंचायत और क्रूसकेला पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है। सिमडेगा प्रखंड उतरी प्रभाग के लिए दिनांक 16अप्रैल प्रातः 07बजे बजे से बीरू खेल मैदान में बीरू पंचायत, तामड़ा पंचायत और अरानी पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है। सिमडेगा प्रखंड पूर्वी प्रभाग के लिए 16 अप्रैल को प्रात 8.30 को बरपानी खेल मैदान में बरपानी पंचायत, जोगभबहार पंचायत और बंगरू पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है। सिमडेगा प्रखंड पश्चिमी प्रभाग के लिए दिनांक 16अप्रैल 2023को 8.30 बजे से महुवाटोली स्कूल मैदान में (कोचेडेगा) गरजा पंचायत, कोचेडेगा पंचायत, पिथरा पंचायत, सेवई पंचायत, कुलुककेरा पंचायत और बनाबिरा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

### कहां-कहां होगा ट्रायल

14 अप्रैल को हुरदा और बाकी में, 15 को पाकरटाड में,16 को बीरू, महुवा टोली और बरपानी में,17 को गंगूटोली और टांगिया में, 19 को ओडग्गा में और 21 को बरवाडीह में होगा ट्रायल


## निदेशक का कार्यालय, झारखण्ड पुलिस अकादमी,हजारीबाग

**निविदा संख्या–03/2023–24**

झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के विभिन्न कार्यालयों हेतु वित्तीय वर्श 2023–24 के लिए कम्प्यूटर सामग्री क्रय करने की आवश्यकता है जिसकी सूची कार्यालय के सूचना पट्ठ पर उपलब्ध है।

अतः इच्छुक एवं पात्र (Eligible) मेसर्स/फर्म उपरोक्त सामग्री आपूर्ति के लिए दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियां (Technical & Commercial Bid) बंद लिफाफे में दिनांक–03.05.2023 को 17:00 बजे अपराहन् तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे। निविदा देने वाले फर्म को सभी तरह का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा तथा सुरक्षित राशि (Bid Security) के तौर पर 20,000/– (बीस हजार रू०) का डिमाण्ड ड्राफ्ट निदेशक, झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के नाम से देय होगा जो निविदा के साथ जमा करना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक– 04.05.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन् में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में संबंधित फर्म की उपस्थिति एवं तकनीकी बोली (Technical Bid) के योग्य होने पर ही वाणिज्यिक बोलियां (Commercial Bid) खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदा दाताओं या उनके प्रतिनिधि सामग्री का नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी क्षण निविदा खोलने की तिथि को परिवर्तित करने या निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

शर्तें– 1. GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति अनिवार्य होगा।
2. आपूर्तिकर्ता का विगत तीन वर्शो का वार्शिक रिर्टन फाइल/टर्नओवर रू0 पचास लाख तक की छायाप्रति अनिवार्य होगा।
3. आपूर्तिकर्ता द्वारा कम से कम दो जिलाबल/सरकारी इकाई में आपूर्ति करने का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
4. सामानों की आपूर्ति निर्धारित अल्पावधि में करना होगा।
5. चरित्र प्रमाण–पत्र।
6. उपरोक्त कोई भी शर्त को पूरा न करने वाले फर्म को रद्द कर दिया जायेगा।
7. किसी भी समय निविदा को बिना कारण बताए रद्द करने या संसोधन करने का अधिकार अधाहस्ताक्षरी के पास होगा
8. ब्लैक लिस्टेड न होने संबंधी शपथ पत्र।
9. स्थानीय को निविदा में प्राथमिकता दी जायेगी।

CHOTHE MANOJ RATAN
SENIOR DEPUTY DIRECTOR ,
JHARKHAND POLICE ACADEMY, HAZARIBAGH.
Email id-directorjpa@jhpolice.gov.in

PR 294897 Police(23-24).D

# राजद की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए झारखंड प्रभारी, स्वागत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिहार में डिप्टी सीएम व राजद नेता तेजस्वी यादव की दावत-ए-इफ्तार पार्टी में सियासी नेताओं के जुटान के बाद अब झारखंड राजद द्वारा रांची में इफ्तार का आयोजन किया गया। पार्टी मुख्यालय में गुरुवार शाम 6 बजे आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होने के लिए झारखंड प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव शामिल हुए। रांची एयरपोर्ट पर जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि रमजान माह की शुभकामना देने के लिए झारखंड आया हूं। यह महीना भाईचारा, प्यार, शांति और साथ मिलकर रहने का पैगाम देता है। यह माह पाक का माह है, इसमें हर मुस्लिम एहतराम के साथ रोजा रखते हैं और तरावीह पढ़ते हैं। अल्लपाक फरमाता है कि अगर इस में हर रोजादारों की गुनाहें माफ होती हैं। इसलिए हम सभी को चाहिए वह किसी भी धर्म के क्यों न हों रमजान का एहतराम करना चाहिए। यह महीना एकता का संदेश देता है और लोगों को आपस में मिलकर रहने की हिदायत देता है। रमजान में चारों तरफ गुलजार ही गुलजार नजर आता हैं। रोजा खोलने के बाद लोग मस्जिदों में तरावीह के लिए जाते हैं और पूरी मजिस्दें भरी रहती हैं।

प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि इस पवित्र रमजान माह के मुबारक मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। राष्ट्रीय जनता दल के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, सभी प्रदेश के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष इसमें शामिल हुए। जयप्रकाश नारायण यादव के आने पर रांची एयरपोर्ट पर राजद के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह, झारखंड युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव, युवा राजद के प्रदेश महासचिव मंतोष यादव, इरफान अंसारी, कमलेश यादव, अरशद अंसारी, अंजल किशोर सिंह, शहनाज खान, विनोद सिंह, आनंद गोप, राजकुमार समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन से ईडी करेगी पूछताछ

**रांची।** जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन की गिरफ्तारी के बाद उसे ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में बुधवार को पेश किया गया। इस दौरान ईडी ने कोर्ट से आलोक रंजन से पूछताछ करने के लिए रिमांड मांगी। रिमांड पर बहस के बाद कोर्ट ने ईडी को आलोक रंजन से पूछताछ के लिए एक दिन की रिमांड दे दी है। फिलहाल आलोक रंजन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आलोक रंजन को ईडी ने गत 11 अप्रैल को देर शाम गिरफ्तार किया था। इससे पहले ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। बीते 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात के अलावा देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश के दस्तावेज बरामद किये गये थे।

# मुक्ति संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राजभवन में मुक्ति संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने संस्था की ओर से किए गये अब तक के कार्यों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को दी। साथ ही राजधानी में विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की मांग रखी। इस पर राज्यपाल ने एक अच्छी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया और संस्था के कार्यों की प्रशंसा। मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने राज्यपाल के सामने विचार रखा कि अंग दान करने के लिए काफी लोग इच्छुक हैं। अगर राज्य में रख रखाव की उचित व्यवस्था हो जाए तो यहां के मरीजों को काफी मदद मिलेगी। राज्यपाल ने मुक्ति संस्था के कार्यों की प्रशंसा की और भविष्य में बेहतर करते रहने के लिए शुभकामना दी। उल्लेखनीय है कि मुक्ति संस्था की ओर से अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। अबतक लगभग 1534 अज्ञात शव का अंतिम संस्कार विधि-विधान से संस्था की ओर से किया गया है।

## नवनियुक्त सीएचओ का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची।** धुर्वा स्थित राजकीय गव्य एवं मतस्य निदेशालय के सभागार में नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने किया। मौके पर एसीएस ने कहा कि लंबे समय तक आयुष विभाग उपेक्षित था। केंद्र सरकार द्वारा जो भी राशि इसके विकास के लिए दी जाती थी, वह पड़ी रह जाती थी। लेकिन अब तेजी से आयुष के क्षेत्र में काम हो रहा है। निश्चित रूप से राज्य का स्थान देश के मानचित्र पर ऊपर होगा। वर्षों से आयुष प्रक्षेत्र में चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग प्रयत्नशील है। शीघ्र ही उनकी नियुक्ति कर ली जायेगी। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 485 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति संविदा के आधार पर की जा चुकी है। रिक्तियों के बावजूद अभ्यर्थी नहीं मिल रहे हैं।

# शिक्षा और स्वास्थ्य अच्छा है तो सब कुछ पाया जा सकता है : मंत्री




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि समाज के विकास के लिए हमें तीन बुनियादी बातों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पहला है स्वास्थ्य रहना, दूसरा शिक्षा ग्रहण करना और रोजगार के अवसर पैदा करना। केंद्रीय मंत्री बुधवार को खूंटी प्रखंड के तोड़ंगकेल और भूत गांव में ग्रामीणों के साथ बातचीत कर रहे थे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा भी थी। इससे पूर्व अर्जुन मुंडा और मीरा मुंडा बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचे और भगवान भोलेनाथ और अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना कर देश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंत्री ने तोड़ंगकेल और भूत में गांव वालों से सीधी बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया उनके निदान का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने पेयजल संकट, सड़क, राशन नहीं मिलने सहित कई अन्य समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। अर्जुन मुंडा ने गांव वालों से उनकी मातृभाषा मुंडारी में बातचीत करते हुए कहा कि स्वस्थ्य और शिक्षा है तो सब कुछ पाया जा सकता है, इसलिए हर कोई को शिक्षित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गांव वाले यह तो देखते हैं, कि बच्चे स्कूल जा रहे हैं, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता कि गांव का कोई बच्चा स्कूल नहीं जा रहा है, तो क्यों नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा बच्चों को सिर्फ स्कूल भेजने भर से कुछ नहीं होगा। बच्चा क्या करता है, इस पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आजकल पढ़-लिखकर भी नौकरी नहीं मिलती। इसलिए केंद्र सरकार एकलव्य विद्यालय, आइटीआइ जैसी सुविधाएं गांव वालों को दे रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जनधन योजना, पेंशन, राशन, चिकित्सा, हर घर नल योजना के बारे में भी ग्रामीणों से पूछा। केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने गांव वालों से अपील की कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और किसी तरह की समस्या होने पर इसकी जानकारी दें। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार भाजपा के वरिष्ठ नेता भीम सिंह मुंडा, अनूप साहू, भूत पंचायत के मुखिया प्रेमचंद टूटी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## परीक्षा के दिन भी परीक्षार्थियों को मिलेगा मध्याह्न भोजन

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों की आठवीं बोर्ड की परीक्षा के दिन भी परीक्षार्थियों को अब मध्याह्न भोजन दिया जायेगा। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण ने आदेश जारी कर दिया है। प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को भी पत्र के जरिये इसकी सूचना दे दी है। जारी आदेश में निदेशक ने कहा है कि 13 अप्रैल को आठवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन होना है। पूर्व की भांति परीक्षा आयोजन के दिन सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा खत्म होने के बाद सभी परीक्षार्थी मध्याह्न भोजन ग्रहण करेंगे। उच्च विद्यालय में परीक्षा केंद्र रहने की स्थिति में निकटतम मध्य विद्यालय में परीक्षार्थियों के लिए मध्याह्न भोजन का आयोजन होगा। भोजन के लिए मंजूरी भी दे दी गयी है। क्योंकि परीक्षार्थियों को परीक्षा में निकलने के बाद काफी समय भी होता जाता है।

## निःशुल्क मेडिटेशन शिविर का आयोजन पांच मई को

**रांची।** योग विद्या प्राणिक हीलिंग झारखंड ट्रस्ट की ओर से खेलगांव टाना भगत स्टेडियम में पांच मई को मेडिटेशन कैंप लगाया जा रहा है। मेडिटेशन कैंप में 16 वर्ष से ऊपर के सभी लोग भाग ले सकते हैं। योग विद्या प्राणिक हीलिंग झारखंड से जुड़ी विनीता भवनानी और अरिहंत जैन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह रांची वासियों के लिए स्वर्णिम अवसर है। कार्यक्रम के लिए रजिस्टर करने के लिए निःशुल्क में भाग लेने के लिए के आप फेसबुक, इंस्टाग्राम में झारखंड फाउंडेशन प्राणिक हीलिंग पर रजिस्टर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योग विद्या झारखंड ट्रस्ट रांची की ओर से मास्टर मे चोआ काक सुई द्वारा बताई गई द्वि हृदय ध्यान तकनीकी को निःशुल्क समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को सिखाया जाता है।

## 14 को मनाई जाएगी आंबेडकर की जयंती

**रांची।** आजसू केंद्रीय कमेटी के दिशा-निर्देश अनुसार 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती मनाने का निर्देश मिला है। इसे देखते हुए खिजरी विधानसभा क्षेत्र के नामकुम प्रखंड के टाटीसिल्वे में बाबासाहेब की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रतिमा का रंग-रोगन, साफ-सफाई आदि कार्यों को पूरा किया जा रहा है। केन्द्रीय कमेटी का कहना है कि बाबा अम्बेकर संविधान के महानायक हैं। उनके बताये रास्ते पर चलकर हमलोग देश को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आज हमलोगों को एक बहुत बड़ी चीज दे दी है। जयंती के अवसर पर आजसू के जिला सचिव राजू नायक ने आजसू पार्टी के केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी, महिला समिति एवं पार्टी के सभी विंग को इस जयंती में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। जयंती को सफल बनाने में मुख्य रूप से अरुण राम, मंटू नायक, किशन नायक सहित अन्य लोग जुटे हुए हैं।

# तापमान में हो रही लगातार वृद्धि से लोगों के लिए बढ़ा खतरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। दोपहर में अब बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। तेज धूप और बढ़ती गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ाने लगी है। कई जिलों में अब हीट वेव के हालात उत्पन्न हो रहे हैं। स्कूल से छुट्टी के बाद दोपहर को घर वापस लौटना अब बच्चों के लिए भी मुश्किल होने लगा है। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक गर्मी और चिलचिलाती धूप अब लोगों को परेशान करने लगी है। अगले दो से चार दिनों में झारखंड का तापमान चार से पांच डिग्री बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी से किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले तीन से चार दिनों में ही रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। अभी रांची का तापमान लगभग 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। जमशेदपुर में अभी तापमान में और बढ़त होने की संभावना है। इस वक्त यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के आसपास है। मौसम विभाग ने कहा है कि अभी तापमान में बढ़त जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को राज्य में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। अगले कुछ दिनों तक तापमान लगातार बढ़ने का अनुमान है।

## झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 29 नए मरीज मिले

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 29 नए मरीज सामने आए हैं। संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 99 हो गई है। इस अवधि में पांच मरीज स्वस्थ हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से कोरोना दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। नए मरीजों में रांची में नौ, देवघर में चार, दुमका में दो, लोहरदगा में चार, वेस्ट सिंहभूम में दो, ईस्ट सिंहभूम में तीन, गढ़वा में एक, हजारीबाग में दो, खूंटी में एक, कोडरमा में एक, लातेहार में एक और रामगढ़ में एक शामिल हैं। इससे पहले रिम्स समेत 312 हॉस्पिटल में कोरोना मॉकड्रिल कर प्रबंधों का जायजा लिया जा चुका है। कोरोना का डर अभी भी लोगों में पूरी तरह कायम है।

# वाटरशेड परियोजना से भूमि की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में कार्य करें : राजेश्वरी बी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने वाटरशेड परियोजना से बेहतर जल प्रबंधन कर भूमि की नमी और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है। इससे कृषि और बागवानी के कार्यों को विस्तार दिया जा सके तथा किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी बुधवार को राज्य के सात जिलों के 24 प्रखंडों में हाई मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान बोल रही थीं। उन्होंने योजना से जुड़े बिदुओं और इसके कार्यान्वयन की जानकारी पदाधिकारियों से ली। योजना को भारत सरकार की संस्था भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। बैठक में बीआरएलएफ अंतर्गत सात के जिलों से डीडीसी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं परियोजना में कार्य कर रहे संस्था क्रमशः प्रधान, जन जागरण केंद्र, सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ वाटरशेड डेवलपमेंट, विकास भारती, ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी संस्था की ओर से प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा आयुक्त की ओर से सात जिलों के डीडीसी को सीएसओ भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ आगे की योजना बनाने और योजनाओं की अधिकतम स्वीकृति के लिए जिला स्तरीय कार्यशालाएं-सेमिनार आयोजित करने का निर्देश दिया है। नॉन इंटेंसिव प्रखंडों में डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए जल्द पत्र जारी किया जायेगा। राज्य के सात जिलों गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, दुमका और गिरिडीह के कुल 24 प्रखंडों में मनरेगा योजना से हाई इंपैक्ट मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य 24 प्रखंडों के कुल 696 वाटरशेड का विकास करना है।

**लाभ** | **किसानों को मिलेगा फसल बीमा का लाभ**

# 6 लाख किसानों को मिलेगी राहत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सूखे की वजह से परेशान किसानों के लिए राहत की खबर है। कृषि मंत्री ने सूखा प्रभावित इलाकों में किसानों के लिए बड़ा ऐलान किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, झारखंड के 6,83,922 किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिलेगा। कृषि विभाग ने बताया कि इसमें 810 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बता दें कि लाभुकों ने 2018-2019 में खरीफ और रबी फसल के लिए बीमा करवाया था। विगत 11 अप्रैल से ही किसानों को योजना के तहत राशि भुगतान शुरू किया गया है।

**कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों के साथ बैठक की :** बता दें कि किसानों को राहत पहुंचाने के लिए हाल ही में सरकार ने बीमा कंपनियों के साथ बैठक की थी। राज्य सरकार द्वारा बीमा योजना के अंतर्गत राज्यांश का बकाया 362.50 करोड़ रुपये का भुगतान होते ही कंपनियों ने किसानों को राशि भुगतान की पहल की है। बता दें कि सूखा से आर्थिक नुकसान झेलने वाले किसानों को इससे काफी ज्यादा लाभ पहुंचेगा। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि कुछ तकनीकी खामियों की वजह से पहले किसानों को भुगतान नहीं हो सका था। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि मैंने जब पदभार संभाला तो देखा कि सरकार तो बीमा कंपनियों को करोड़ों का भुगतान करती है लेकिन किसान भाइयों को इसका लाभ नहीं मिलता। इसमें कई तकनीकी समस्याएं थीं। आखिरकार हमने राज्यांश की राशि को बंद करने का फैसला किया।

### 400 से ज्यादा प्रखंड सूखाग्रस्त घोषित

गौरतलब है कि विगत वर्ष मानसून की दगाबाजी की वजह से संताल परगना प्रमंडल के 6 जिलों सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई। इसकी वजह से खरीफ फसलों का उत्पादन नहीं हो सका। संताल परगना में मुख्य रूप से धान की खेती होती है लेकिन बारिश नहीं होने से बिचड़ा खेतों में ही सूख गया। अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचा। इसके बाद दिसंबर-जनवरी में पर्याप्त बारिश नहीं होने से गेहूं और गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा। फरवरी में बारिश और ओलावृष्टि से रबी फसल खराब हो गई। कृषि विभाग ने सर्वे के आधार पर प्रदेश के 400 से ज्यादा प्रखंडों को सूखा प्रभावित घोषित किया। किसानों को राज्य सरकार ने प्रति परिवार 3500 रुपये का भुगतान भी किया।

## डॉ अमिताभ कौशल खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले के सचिव बने

**रांची।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। योजना एवं विकास विभाग के सचिव डॉ अमिताभ कौशल को स्थानांतरित करते खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले का सचिव बनाया गया है। डॉ. कौशल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ राजस्व,निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग का सचिव तथा आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जलसंसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार को अपने कार्यों के साथ योजना एवं विकास विभाग का सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग के सचिव विप्रा भाल को अपने कार्यों के साथ वाणिज्य कर विभाग का सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### जेएमएम में वापसी के बाद कार्यालय पहुंचने पर पूर्व मंत्री ने कहा

# नौ साल बाद मैं अपने घर लौटा हूं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
9 साल बीजेपी में रहने के बाद पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने झामुमो में वापसी की। झामुमो का दामन थामने के बाद पहली बार हेमलाल मुर्मू, पार्टी कार्यालय पहुंचे जहां उनका ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि मैं वापस आया हूं। अब पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के साथ मिल-बैठकर संवाद होगा और इसके बाद भविष्य की रणनीति तय होगी। बीजेपी से मोहभंग के सवाल पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि सवाल मोहभंग का नहीं है। बात दरअसल, विचारधारा की है। मैं वहां फिट नहीं बैठ रहा था। हेमलाल मुर्मू ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि घर वापसी करके अच्छा लग रहा है। मैं बीजेपी ज्वॉइन करने के 9वें साल में घर वापस आया हूं। 9 साल बीजेपी में रहने और 2 लोकसभा चुनाव लड़ने के बाद मोहभंग के सवाल पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बात मोहभंग का नहीं है। हमारे यहां संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था है और यहां आना-जाना लगा रहता है। यह कोई बड़ी बात नहीं है। किसी भी पार्टी में रहने के दौरान राय-मशवरा और मंथन चलता रहता है। विचारधारा के स्तर पर उतार-चढ़ाव और मंथन का दौर चलता रहता है। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि मैं बीजेपी में भी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम किया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि 9 साल तक बीजेपी की राजनीति करने के दौरान मैंने पाया कि इस क्षेत्र (संताल परगना) में लोगों की भावनाओं को समझने और उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का जरिया भारतीय जनता पार्टी नहीं बल्कि झारखंड मुक्ति मोर्चा है। मुझे लगने लगा था कि बीजेपी में मेरे उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो रही है। यहां उद्देश्य का मतलब चुनावी राजनीति से नहीं है बल्कि आमजन की भावनाओं तक पहुंचने से है। इससे पहले भी हेमलाल मुर्मू ने कहा था कि बीजेपी की रणनीति क्षेत्रवार जरूरतों के हिसाब से नहीं बनती बल्कि दिल्ली में साझा कार्यक्रम बनता है।

# चाईबासाः दो दिनी फुटबॉल सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए चयन शुरू

## पहले दिन 200 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**
पर्यटन,कला संस्कृति,खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण , रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) हेतु बालक एवम बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय चयन एसोसियेशन फुटबॉल ग्राउंड- चाईबासा शुरू हुआ। जिसमें जिला, राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट एवम स्किल टेस्ट लिया गया। बैट्री टेस्ट अन्तर्गत ऊंचाई, वजन,30 मीटर ,10 मीटर गुणा 6 सटल रनिंग, बॉल थ्रो,800 मीटर ,वर्टिकल जंप,स्किल टेस्ट के अंतर्गत ड्रिबलिंग,जैगलिंग ,बॉल कंट्रोलिंग, विथ बॉल रनिंग एंड टर्निंग, विथ बॉल जिग जैग मूवमेंट, मैच सिचुएशन गेम्स समेत कई तरह के टेस्ट लिए गए। 15-16 अप्रैल - फुटबॉल स्टेडियम दुधानी-दुमका 19-20 अप्रैल-रामा साहू हाई स्कूल- गढ़वा 24-25 अप्रैल - कर्जन स्टेडियम- हजारीबाग में ट्रायल होंगे। उपर्युक्त स्थलों से चयनित खिलाड़ियों का अंतिम चयन प्रक्रिया 28 एवम 29 अपैल को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी, रांची में किया जायेगा। अंतिम रूप से चयनित (बालक /बालिका) खिलाड़ियों को राज्य सरकार निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर चयन समिति के देवेन्द्र कुमार सिंह, खेल परामर्शी सह प्रतियोगिता प्रबंधक, साझा , मो सलीम, आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चाईबासा, अजय सुभाष तिर्की, आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र , गिरिडीह, योगेश प्रसाद यादव, आवासीय एथलेटिक प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज, सतीश मिंज सहायक प्रशिक्षक आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र , गुमला उपस्थित रहे । वही चयन में चाईबासा के तीरंदाजी कोच , हरेंद्र सिंह, फुटबॉल कोच सोना राम चंपिया, रिंकी कुजूर, बलराम महतो, तीरंदाजी कोच ललिता लागून, गंगाधर नाग समेत अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

# अफरा-तफरी का माहौल

# फूलो झानो एसटी गर्ल्स हॉस्टल में अचानक गैस सिलेंडर में लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
दुमका में झारखण्ड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित फूलो झानो एसटी गर्ल्स हॉस्टल में सोमवार को अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में आग लगने से लड़किया घबरा गईं जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। हालांकि समय रहते लड़कियों ने उस आग पर काबू पा लिया जिससे कोई बाड़ा हादसा नहीं हो पाया।दरअसल अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाली ये अनुसूचित जनजाति समुदाय की लड़कियां चार किलो वजन वाले छोटे सिलेंडर का प्रयोग करती हैं जो असुरक्षित है।ऐसे ही एक छोटे सिलेंडर में अचानक से आग लग गई। आग लगने से लड़कियों में अफरा-तफरी मच गई. उनके चिल्लाने पर कुछ ही दूर पर स्थित एसटी बॉयज हॉस्टल के छात्र भी दौड़ कर वहां पहुंचे और प्रशासन को इस बात की सूचना दी। जिसके बाद सदर अंचलाधिकारी जामुन रविदास के निर्देश के बाद तत्काल मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, हालांकि तब तक छात्र और छात्राओं ने आग पर काबू पा लिया था।आग बुझाने के क्रम में एक छात्र आंशिक रूप से झुलस गई थी। उसे इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है।इधर आग लगने की वजह से एक कमरे का काफी सामान जलकर राख हो गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### बालश्रम से मुक्त हुई 12 वर्षीया पूरी सबर पहुंची स्कूल

**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के टांगराईन गांव में दूसरों के घरों में काम करके अपनी माता का भरण पोषण करती की आदिम जनजाति की 12 वर्षीय पूरी सबर को टांगराईन उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविन्द तिवारी के अथक प्रयास से पूरी सबर को बालश्रम से मुक्ति मिली। अरविंद तिवारी ने पूरी सबर को स्कूल में दाखिला कराया। उल्लेखनीय है की टांगराईन स्कूल के प्रधानाध्यापक अरविन्द तिवारी लगातार प्रयास कर आदिम जनजाति के बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार को 12 वर्षीय लड़की पूरी सबर को बालश्रम से मुक्त कराया।

### पति की तलाश में पुलिस के पास पहुंची छत्तीसगढ़ की युवती

**घाटशिला।** छत्तीसगढ़ की युवती बुधवार की सुबह अपने पति को खोजते हुए घाटशिला थाना पहुंची। युवती ने पुलिस से मिलकर उसे अपने पति के घर भेजने की गुहार लगाई। युवती ने बताया कि घाटशिला के चापड़ी गांव का रहने वाला इंद्रजीत गोराई उसका पति है। दोनों ने प्रेम विवाह किया है, अब वह अपने पति के घर जाना चाहती है। घाटशिला थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने युवती से मामले के संबंध में पूछताछ की तो युवती यामिनी राकेश ने बताया कि वह मूल रूप से छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**जमशेदपुर।** कल्याण विभाग ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए आवेदन की तिथि में विस्तार कर दिया है। अब 10 मई तक छात्र योजना के तहत छात्रवृति के लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्रों से आवेदन मांगा गया है। सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों से आवेदन मांगा गया है ताकि वे छात्रवृत्ति योजना का लाभ ससमय ले सकें।

# 10 लाख के अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, जेल



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
हजारीबाग में 10 लाख मूल्य के अफीम साथ तीन तस्करों को कोर्रा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से तीन किलोग्राम अफीम जब्त हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों में चतरा जिला के सिमरिया थाना क्षेत्र सलगी गांव निवासी मोहम्मद इरफान पिता : मखलूक आलम, मनोज यादव पिता : झूबर यादव और सुधन कुमार पिता : स्व प्रीतम गोप का नाम शामिल है। सीसीआर डीएसपी आरिफ इकराम के नेतृत्व में तीनों तस्करों को कोर्रा पुलिस ने श्मशान घाट के निकट से गिरफ्तार किया है। तीनों तस्कर अफीम लेकर दिल्ली जानेवाले थे। सीसीआर डीएसपी आरिफ इकराम ने बताया कि एसपी मनोज रतन चौथे की गुप्त सूचना पर कोर्रा पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान जबरा श्मशान घाट के समीप तीनों तस्करों को पुलिस ने पकड़ा. पकड़े गए आरोपियों के पास से तीन किलोग्राम अफीम जब्त हुआ। सीसीआर डीएसपी ने बताया कि तीनों तस्कर रात में शहर के किसी होटल में ठहरते और दूसरे दिन बस से दिल्ली के लिए रवाना हो जाते। डीएसपी ने कहा कि जब्त अफीम का बाजार मूल्य लगभग 10 लाख रुपए है। तीनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्रा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी, राजीव कुमार और अजीत कुमार शामिल थे।

## डिजिटल ट्रांजेक्शन कार्यक्रम आयोजित

**महुआडांड़।** प्रखंड में आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत महुआडांड़ की अक्सी पंचायत के बांसकरचा मिडिल स्कूल में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जेएसएलपीएस के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है।

# बरही में गर्मी बढ़ते ही गहराने लगा पेयजल संकट, परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
गर्मी की तपिश बढ़ते ही बरही प्रखंड में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। प्रखंड की खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा ग्राम में आंगनबाड़ी का हैंडपंप महीनों से खराब है। सोलर टंकी भी फेल है। सेविका के अनुसार पंप बनाने के लिए मिस्त्री को कई बार सूचना दी गई, परंतु कोई बनाने नहीं आया. बच्चों के भोजन पकाने से लेकर खाना खिलाने का काम उत्क्रमित मध्य विद्यालय के हैंडपंप से किसी प्रकार किया जा रहा है। सबसे खराब हालत पंचमाधव सह बसरिया पंचायत के कारीमाटी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का है। यहां होली के बाद से विद्यालय परिसर में लगाया गया हैंड पंप खराब हो गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार ने बताया कि किसी प्रकार सेविका और रसोइया ग्रामीणों से पानी लेकर मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा है। पीने के लिए बच्चे अपने साथ बोतल में पानी लाते हैं. सबसे बड़ी समस्या शौचालय की है. पानी के अभाव में लड़कियां और शिक्षिकाओं को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभारी ने बताया कि इस बाबत शिकायत भी की गई।

# जिले के विभिन्न स्कूलों में बच्चों ने लिया एमआर टीका



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
जिले के विभिन्न प्रखंडों में 12 अप्रैल को एमआर टीकाकरण अभियान को लेकर स्कूलों में गहमागहमी रही। एग्यारकुंड प्रखंड में टीकारण का शुभारंभ तालडांगा स्थित लोयला स्कूल से किया गया। बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, चिनप अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, प्राचार्य जॉनी पी देवसिया, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पुष्पा की उपस्थिति में बच्चों को वैक्सीन दी गई। बीडीओ ने कहा कि टीके से शरीर में फैलने वाले वायरस को रोका जा सकता है। इसलिए अभिभावक 9 माह से 15 साल तक के बच्चों को टीका जरूर दिलवाएं। सभी स्कूलों में टीकाकरण सेंटर बनाया गया है. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में टीकाकरण का शुभारंभ बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, प्रखंड प्रमुख गीता देवी व बाघमारा सीएचसी प्रभारी डॉ. मनीष कुमार ने किया। प्राचार्य संतोष कुमार झा ने बच्चों को टीका लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडे भी मौजूद थे। सिंदरी में टीकाकरण की शुरूआत लायंस पब्लिक स्कूल से हुई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगे शिविर में टीका लेने के लिए बच्चों में काफी उत्साह दिखा. पहले दिन 150 से अधिक बच्चों को टीका लगाया गया।

## स्कूल फी जमा करा कर स्कूटी से घर लौटते वक्त हुआ हादसा

# परीक्षार्थियों की तेज बाइक की टक्कर से दुकानदार की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)**
थाना क्षेत्र के पुराना ब्लॉक कार्यालय मयूरहंड के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना स्थल पर ही राज हार्डवेयर इटखोरी संचालक सह चोरहा गांव निवासी बाबूलाल राणा पूरी तरह जख्मी हो गए। घटना स्थल पर ही उनके मुंह तथा कान से रक्त का तेज बहाव होने लगा।

जानकारी अनुसार मृतक युवक मॉडर्न पब्लिक स्कूल उपरौंध से अपने बच्चों के स्कूल फी जमा करा कर स्कूटी से घर वापस लौट रहा था। तभी विपरीत दिशा से तेज गति से बाइक पर सवार तीन युवकों ने सीधी टक्कर स्कुटी में मार दी। बाइक चालक स्वामी विवेकानंद प्लस टू विद्यालय में नौवीं कक्षा की परीक्षा देने आए थे। समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के बाद मनचले युवकों ने बेरोक टोक तेज गति से बाइक चला कर मस्ती कर रहे थे। तीनों लड़के थाना क्षेत्र के बलिया के मनिष कुमार पंडा एवं अनिल कुमार पंडा व शबीर कुमार पंडा नवडीहा गांव के बताए जा रहे हैं। मोटरसाइकिल दुर्घटना की जानकारी राहगीरों ने मयूरहंड पुलिस को दी। घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी रामबृक्ष राम सदलबल घटना स्थल पर पहुंच घायल दुकानदार को पुलिस वाहन से प्राथमिक उपचार के लिए इटखोरी भेजा। जहां डॉक्टरों ने गहन उपचार के लिए हजारीबाग भेजा, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक अपने पीछे बुढ़े माता- पिता के अलावा तीन बेटी व एक बेटा के साथ पत्नी को छोड़ चला गया है। वहीं पुलिस ने फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज कर परीक्षा के उपरांत तीनों आरोपी लड़कों को हिरासत में लिया। मृतक युवक का अंतिम संस्कार चोरहा शमशान घाट में किया गया। मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक युवक के आकस्मिक निधन होने पर राणा समाज तथा हार्डवेयर दुकानदार संचालकों ने शोक जताया।

# जंगली जानवर के हमले में मां और बेटा जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
वन क्षेत्र अंतर्गत शिबला पंचायत के चपरी टोली में जंगली जानवर के हमले से मां और बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जानकारी के अनुसार अनीता देवी पति जमुना प्रजापति एवं उसके पुत्र प्रिंस कुमार पर बुधवार दोपहर में अचानक घर के पास जंगली जानवर ने हमला कर दिया। उन्हें आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। ईधर गांव में जंगली जानवर के हमले से लोग डरे सहमे हुए हैं। ज्ञात हो कि बीते दिनों लातेहार जिले के मनिका बरवाडीह, महुआडांड़ आदि जंगली क्षेत्र के गांव में जंगली जानवरों ने कई लोगों को जख्मी कर दिया था कई लोगों की तो जाने चली गई थी । कई मवेशी भी इसके शिकार हो गए थे। इधर वन क्षेत्र में हुए जंगली जानवरों के हमले से लोग सहमे हुए हैं और लोगों में भय का माहौल है।

## आस्था

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ शुरू

# महायज्ञ में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब



**नवीन मेल संवाददाता। चौपारण**
चौपारण के जगदीशपुर में आयोजित श्री श्री 1008 मां भगवती सह हनुमंत महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। नौ दिनों तक चलने वाले महायज्ञ का शुभारंभ चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी ने विधायक उमाशंकर अकेला,पूर्व विधायक मनोज कुमार आदि की उपस्थिति में फीता काटकर किया। इससे पूर्व यज्ञ समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अतिथियों को गमछा देकर सम्मानित किया। कलश यात्रा जगदीशपुर देवी मंडप से निकलकर पांडेयबारा होते हुए चपरी पहुंची। वाराणसी से आए आचार्य शशिकांत पांडेय ने जलभरी का कार्य संपन्न कराया। कलश यात्रा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि जगदीशपुर सहित आसपास के क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। मौके पर समिति के संरक्षक सुकर यादव, बैजनाथ यादव, अध्यक्ष रामब्यास यादव, सचिव रामाधीन तुरी, कोषाध्यक्ष विजय यादव आदि ने बताया कि आयोध्या धाम से आयी सुप्रसिद्ध प्रवचन कर्ता प्रेमा सखी जी महाराज की मधुरवाणी से प्रवचन होगा। कलश यात्रा में स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र रजक, जिला परिषद सदस्य रविशंकर अकेला यादव, राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ सहित ग्रामीण शामिल हुए।

# नामकुम में भाजपा खिचड़ी मंडल ने सीएम का किया पुतला दहन




**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व मे रामपुर बाजार चौक में भ्रष्टाचार राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन सा पुतला दहन किया। के खिलाफ भाजपा कार्यकताओं ने काला पट्टी लगाकर एवं झारखंड राज्य सरकार हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया। और सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस की बर्बरता को काला दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, उमाकांत राय, शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, रितेश उरांव, गोरखनाथ सिंह, अंजली लकड़ा, हरीश कुमार गंझू, दिलीप साहू, सुदर्शन गंझू, रवि सिंह, रवि मुंडा, विकास टोप्पो, सहदेव सिंह, राजेंद्र ठाकुर एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

### पति की दूसरी शादी करने पर पहली पत्नी ने मामला दर्ज कराया

**बरही।** बरही के बेलादोहर गांव में ब्याही विवाहिता ने अपने पति व ससुराल वालों पर दहेज के मारपीट कर घर से निकाल देने और दूसरी ब्याह करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। कांटी गांव की कविता कुमारी पिता बबुनी यादव की शादी 8 जून 2019 को हुई थी। कविता कुमारी ने ससुराल वालों पर आरोप लगाया है कि शादी के बाद 10 दिन तक ससुराल वालों उसे ठीक-ठाक रखा। उसके बाद उसके पति रामदेव यादव, भैसुर ब्रह्मदेव यादव, राजेश यादव, मनोज यादव चारो के पिता स्व. मुंशी यादव और सास ने चार लाख नगद और एक मोटरसाइकिल की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करने लगे और कुछ दिन बाद मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले को लेकर सामाजिक स्तर पर पंचायत हुई, लेकिन ससुराल वालों ने पंचायत के फैसले को नहीं माना। वह एक वर्ष से अपने मायके कांटी में ही रह रही है। इस बीच उसे मालूम हुआ कि ससुराल वालों ने उसके पति का दूसरा विवाह 5 अप्रैल को करा दिया है। पति और ससुराल वाले आरोप को गलत बता रहे हैं। बरही महिला थाना प्रभारी केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### तिलैया डैम में महिला की मिली लाश

**बरही ।** जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम से एक महिला की लाश मिलने की सूचना मिली है । इंस्पेक्टर सा थाना प्रभारी ललित कुमार से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को एक लाश डैम से मिला है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया है। इस संबंध में अब तक किसी ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं करवाया है । न ही मृत महिला का शिनाख्त हो सका है । पोस्टमार्टम के बाद हिबपुरी जानकारी मिल सकती है । वही सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका हरिला की रहनेवाली है, जो एक विद्यालय में रसोईया थी । पिछले कई दिनों से तनावग्रस्त रह रही थी ।

### कई लोगों ने कान का कराया इलाज

**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों से लोग अपना इलाज करवाने यहां पहुंच रहे हैं। आंख के बाद आज से कान से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। कान से संबंधित समस्या का इलाज करवाने के लिए करीब 500 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। चिकित्सकों ने सभी मरीजों की बारी-बारी से जांच की। जिन मरीजों में सुनाई नहीं देता है, उन्हें कान की मशीन दी गई। साथ ही मरीजों को निः शुल्क दवाइयां भी दी गई। बीडीओ संजय यादव और सीओ राम रतन बर्नवाल समय-समय पर जाकर स्वास्थ्य कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते रह रहे हैं। बता दें कि कान की सर्जरी 12 अप्रैल से 16 अप्रैल तक, मुड़े हुए पैर की जांच एवं सर्जरी 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक, दांत की जांच एवं उपचार 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक और बीपी व शुगर की जांच 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किया जायेगा।

## बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा उत्तरी पंचायत अंतर्गत ग्राम परबत्ता में 10 मई से 18 मई तक होने वाले श्री श्री 1008 श्री मारुति नंदन सह रामचरित्र मानस महायज्ञ एवं बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने अयोध्या से आए यज्ञाचार्य पंडित छोटे सरकार की देखरेख में उक्त मंदिर के समीप ध्वजारोहण किया। मौके पर आचार्य और उनके सहयोगी पंडितों ने मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया।वहीं अयोध्या के कथावाचक शिवम शुक्ला एवं कथावाचिका देवी ज्योति शास्त्री ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न कराने में योगदान दिया।मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, बरकट्ठा उत्तरी के मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पूर्व ग्रामीणों ने गांव का भ्रमण ढोल गाजे-बाजे व आतिशबाजी कर किया। नगर भ्रमण के दौरान ग्रामीण धर्म से जुड़े गगनचुंबी नारे लगा रहे थे । शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में बूढ़े, बच्चे ,युवक, युवतियां व महिलाएं शामिल हुए । पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयानुसार ग्रामीणों ने यज्ञ समाप्ति तक पूरे गांव में मांस मदिरा का सेवन नही करने का संकल्प भी लिया । मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष बालकी यादव ,उपाध्यक्ष रूपलाल यादव, सचिव छोटी यादव,कोषाध्यक्ष महेश मंडल,उपसचिव श्रीकांत पांडेय, उप कोषाध्यक्ष रमेश यादव, निगरानी समिति अध्यक्ष शूसेन पांडेय, प्रवीण पाण्डेय, रोहित यादव, महादेव यादव समेत सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

### कब्रिस्तान कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, बोले

## जांच कर होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
ग्रामीणों की शिकायत पर कब्रिस्तान की चहारदीवारी की गुणवत्ता जांच करने जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव गरजामू पहुंचे थे। ग्रामीणों का शिकायत था कि चहारदीवारी निर्माण कार्य में चिमनी ईट के स्थान पर बंगला भट्ठा लगाया जा रहा था । इसके साथ ही ईंट की जोड़ाई में भी सीमेंट की भी चोरी की शिकायत मिली थी। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बताया कि साइट पर फिलहाल चिमनी ईट गिरा हुआ है, परंतु बाउंड्री वॉल का काम तीन नंबर के ईट से होने का प्रतीत हो रहा है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जायेगी । सूचना देने के बावजूद भी कार्यस्थल पर संवेदक मौजूद नहीं था, उनकी अनुपस्थिति में काम चल रहा था।दूरभाष से इसकी शिकायत विभागीय अभियंता को दिया गया । साथ ही शीघ्र ही प्रतिवेदन समर्पित करने की बात कही गई। उपस्थित ग्रामीणों ने सड़क पर पानी बहते रहने की शिकायत करते हुए डुमरियाडीह में पूर्व जिप सदा के आवास से लेकर डुमरियाडीह नदी तक नाली का निर्माण, कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ का निर्माण, नव प्राथमिक विद्यालय डुमरिया डीह में रनिंग वाटर एवं किचन शेड की व्यवस्था हेतु मांग पत्र भी सौंपा। साथ ही विद्यालय को शैक्षणिक कीट हेतु राशि उपलब्ध कराने, बेहरवाटांड से लेकर हाजी मो हाशिम के घर तक पीसीसी पथ, गरजामू स्कूल से लेकर डपोक तक सड़क मरम्मत, मदरसा दारुल उलूम में एक बोरिंग और लाइब्रेरी की व्यवस्था संबधित एक मांग पत्र भी सौंपा। जिसे पूर्वी जिप सदस्य ने हर संभव कार्य कारवाने का आश्वासन दिया। मांग पत्र सौंपने वालों में महताब आलम, जावेद अंसारी, शमशेर अंसारी, जैनुल हक अंसारी, महफूज अंसारी, आजाद अंसारी, सिकंदर अंसारी, रियाज अंसारी, जैनुल अंसारी एवं अन्य शामिल थे।

### अंबेडकर जयंती को लेकर किया पौधरोपण

**कोडरमा।** कोडरमा ताप विद्युत केंद्र में भीमराव अंबेडकर जयंती का शुभारंभ किया गया. इसका शुभारंभ दिलीप कुमार सिंह मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर रामप्रवेश शाह मुख्य अभियंता सीएस, रविंद्र कुमार उप मुख्य अभियंता यांत्रिक विभाग, विनोद कुमार राय उप मुख्य अभियंता संचार विभाग, सुनील कुमार सिन्हा वरीय प्रबंधक वित्त विभाग, एवं जयंत विश्वास अधीक्षण अभियंता असैनिक ने भी पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के तुरंत बाद सैकड़ों कर्मियों ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर रक्तदान के प्रति जागरुकता अभियान चलाया। वहीं रेड क्रॉस सोसायटी कोडरमा द्वारा दामोदर घाटी निगम के एंप्लाइज डिस्प्लेस क्लास लीग सीएसआर एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ दिलीप कुमार सिंह मुख्य अभियंता परियोजना प्रधान ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं रक्तदान केंद्र का फीता काटकर किया।

### भाजपाईयों ने मनाया काला दिवस



**रामगढ़ ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के आह्वान पर रांची में आयोजित प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को प्रदेश भर में भाजपा ने काला दिवस मनाया। भाजपा भुरकुंडा मंडल ने भी घटना पर विरोध प्रकट करते हुए भुरकुंडा जनता टॉकीज के समीप सीएम हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ता बिरसा चौक से थाना मैदान तक मौन जुलूस निकाल पहुंचे। कार्यक्रम में भुरकुंडा मंडल मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, अखिलेश प्रसाद, योगेश दांगी, सुखदेव प्रसाद, जगतार सिंह, सुमन सिंह, कुमेल उरांव, लक्ष्मी देवी, अनूप ठाकुर, सागर दांगी, प्रह्लाद पांडेय, संतोष शर्मा, अशोक सोनी, ज्योति सिंह, संतन सिंह आदि शामिल थे ।

### गोबरदरहा मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक



**रामगढ़।** रामगढ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 27 गोबरदरहा मन्दिर परिसर में 12 अप्रैल को ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई । बैठक में मंडा पूजा को भव्य रूप से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष पूरे मन्दिर परिसर को रंग रोगन के साथ आकर्षक रूप से विद्युत सज्जा कराने का निर्णय लिया गया । मंडा पूजा के दौरान बंगाल एवं पुरुलिया के छऊ नृत्य के कलाकारों द्वारा 4 मई की रात्री में देवी देवताओं पर अधारित कला दिखाया जाएगा। बताया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं उद्धघाटन कर्ता रामगढ विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी होंगे। कार्यक्रम को लेकर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष चन्द्रशेखर महतो,सचिव निरंजन कुमार, कोषाध्यक्ष गणेश महतो को बनाया गया। मौके पर कुंवर महतो, राजेन्द्र महतो, बिनोद महतो, कैलाश महतो,सजंय महतो,मनोज कुमार महतो,धनेश्वर महतो, कुंजलाल महतो,पुरुषोत्तम कुमार,पवन कुमार, अरुण महतो,अनिल कुमार, लालदेव कुमार,देवेन्द्र कुमार, राहुल कुमार,उमेश महतो,विकास कुमार,रुदलाल महतो, रितिक कुमार,सुन्दन कुमार,संदीप कुमार,उमाचरण महतो आदि उपस्थित थे।

### साइकिल से गिरकर मजदूर की मौत

**रामगढ़।** कुजू ओपी के बोंगावार स्थित भगवती राइस मिल में कार्यरत मजदूर फरदिह मुंगेर निवासी श्याम किशोर रजक (करीब 48 वर्ष) पिता जुगल रजक की मौत साइकिल से गिरकर हो गयी। वह सब्जी खरीददारी के लिए सांडी बाजार जा रहा था। इसी बीच धर्म कांटा के समीप अचानक चक्कर आने के बाद सड़क पर जा गिर गया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना की सूचना बाद कुजू ओपी के सअनि लेखनाथ सिंह सदल बल पहुंचे और शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### विहिप ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**बरही ।** जमशेदपुर की घटना को लेकर विहिप ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन दिया । ज्ञापन कार्यक्रम प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया था । ज्ञापन में बताया गया कि कुछ उपद्रवियों ने सनातनि संस्कृति प्रभावित व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से जमशेदपुर के एक मंदिर में भगवा ध्वज के साथ प्रतिबंधित मांस को मंदिर में टांग दिया गया था । जिसका सनातन परिवारों ने विरोध किया । प्रशासनिक पहल पर जब सनातनियो ने मंदिर परिसर का शुद्धिकरण कर रहे थे उसी समय पुनः उपद्रवियों ने मंदिर परिसर पर पथराव किया। पेट्रोल बम से वार किया । जिसमे कई दुकानें जलकर राख हो गई । लाखों की क्षति हुई । बाबजूद सिर्फ सनातन परिवार के ऊपर लगातार मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जा रहा है । जो घोर निंदनीय है । सरकार के एकपक्षीय कार्रवाई से अक्रोशित विहिप कार्यकताओं ने महामहिम उच्च स्तरीय जांच की मांग किया है । ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केसरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, एकल के विनोद पासवान और सामाजिक कार्यकर्ता प्रभु यादव आदि उपस्थित थे।

## डिजिटल सर्वे के दूसरे दिन सॉफ्टेक संग एसडीओ ने स्कूलों में किया सर्वे



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन अपने 25वें वार्षिकोत्सव पर किए जानेवाले डिजिटल सर्वेक्षण के दूसरे दिन की शुरूआत एसडीओ पूनम कुजूर से किया । एसडीओ ने केंद्र के रजत जयंती के लिए निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा को बधाई दिया । साथ हीं इस अभियान की सफलता का कामना किया । उन्होंने बताया कि आज कंप्यूटर हर एक कार्य के लिए आवश्यक है । किसी विकास की परिकल्पना करना ही बेईमानी होगा । ऐसे भी हर एक व्यक्ति को कंप्यूटर साक्षर होना ही होगा । उन्होंने सभी अनुमंडल वासियों से सॉफ्टेक के इस मुहिम में साथ देते हुए डिजिटल साक्षरता से जुड़ने की अपील किया । साथ ही सॉफ्टेक को इस कार्य के लिए प्रशंसा भी किया । केंद्र निदेशक ने बताया कि 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर उनके केंद्र में निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर कोर्स करवाया जा रहा है । साथ ही विद्यार्थियो और बेरोजगारों को स्वरोजगार की दृष्टि से कोर्स करने हेतु विशेष छूट भी दिब्जा रही है । मौके पर निदेशक ने एसडीओ को केंद्र का स्मारिका भी भेंट किया ।

## मुंह को साफ रखने के लिये छात्रों को किया गया जागरुक

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
कोडरमा के सुंदरनगर स्थित किंडर गार्टन स्कूल में 170 छात्र -छात्राओं को मुंह व दांत के रख रखाव की जानकारी दी गयी। साथ ही ओरल स्क्रीनिंग भी की गयी। डॉ शरद कुमार ने छात्र छात्राओं को बताया कि मुंह को साफ और स्वस्थ रखना महत्वपूर्ण है. प्रतिदिन दो बार ब्रश करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मुंह की ठीक से सफाई नहीं करने से दांतों में कैविटी होती है और दुर्गंध आती है। बता दे कि पूरे भारत में 20 मार्च से 20 अप्रैल तक चलने वाले राष्ट्रीय मुंख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहद ओरल स्क्रीनिंग अभियान में अब तक जिले में लगभग सत्रह हजार लोगों का ओरल स्क्रीनिंग किया जा चुका है. साथ ही अब तक सात विद्यालयों में कैंप लगाकर स्क्रीनिंग भी किया गया है। स्क्रीनिंग के बाद स्कूली छात्र छात्राओं को टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट व हांथ धोने का साबुन राष्ट्रीय मुंख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुफ्त में वितरित किया गया। ओरल स्क्रीनिंग के दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक मुकेश पांडेय के अलावा शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार वर्णवाल, सुनील कुमार, शिक्षिका संगीता कुमारी, रिजवाना परवीन, स्वाति कुमारी सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन करने में जिला एनसीडी के सहायक प्रदीप कुमार, डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्रा ने किया।

## मिजिल्स-रूबेला वैक्सीनेशन कैंप का डीसी ने किया उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
कोडरमा के सेक्रेड हार्ट स्कूल में मिजिल्स-रूबेला वैक्सीनेशन कैंप का डीसी आदित्य रंजन ने उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में पौने तीन लाख बच्चों को वैक्सीन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसकी शुरूआत सेक्रेड हार्ट स्कूल से की गई है। स्कूल में सात वैक्सीनेशन कैंप लगे हुए थे। जहां बच्चे बारी-बारी से वैक्सीन लगवा रहे थे। डीसी ने वैक्सीन लेने वाले बच्चों से बात की और हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। कैंप में लगभग 1300 छात्र छात्राओं को वैक्सीन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण कुमार ने किया। छात्रा नयनतारा गुप्ता ने मिजिल्स रूबेला के लक्षण और बचाव पर अपने विचार रखे। इस दौरान प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा की हमारे लिए यह गर्व की बात है कि जिला स्तर पर वैक्सीनेशन कैंप की शुरूआत सेक्रेड हार्ट स्कूल से हो रहा है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि मिजिल्स रूबेला पर अंकुश लगाने के लिए इस कैंप की शुरूआत की गई है. कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार, नोडल ऑफिसर डॉ. आशीष राज, डू के एसएमओ डॉक्टर दीपक कुमार और डॉक्टर मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के पवन कुमार, रंजीता सेठ, सुशांति लकडा, पायल सिंह, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, अभिलाषा सिंह, पवन ठाकुर, शालू अरोड़ा, कुंदन राणा, राकेश पांडेय, शंकर कुमार, फैयाज कैसर, सुनील पाठक, अलका सिंह, कुंतल जेठवा, लता सिन्हा, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, रूबी वर्मा, कामिनी सहाय, विककी कुमार, सतीश कुमार, विक्रम कुमार, संजय तिवारी, रंजीत सिंह, विशाल आनंद आदि उपस्थित थे।

उत्साह

### पूर्व विधायक ममता देवी ने किया न्याय यात्रा का आयोजन

## बड़ी संख्या में शामिल हुए समर्थक, किया स्वागत

सुसज्जित वाहन पर ममता देवी और अंबा प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बहुचर्चित गोला गोलीकांड में हाईकोर्ट द्वारा बेल दिये जाने के बाद हजारीबाग जेल से रिहा होने के उपरांत रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी न्याय यात्रा के साथ 12 अप्रैल को पटेल चौक पहुंची। पूर्व विधायक के पटेल चौक पहुंचने के उपरांत कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। वहीं, पूर्व विधायक ममता देवी द्वारा आयोजित न्याय यात्रा में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुई । इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने जब पूर्व विधायक ममता देवी का स्वागत किया। तो ममता देवी अंबा प्रसाद के गले लगकर रोनी लगीं। जिससे माहौल भवुक हो गया। मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि रामगढ़ में लोकतंत्र को पैसे के बल पर खरीदा गया है । उन्होंने कहा कि मैं रामगढ़ की जनता के लिए पहले भी तत्पर थी और आगे भी मैं तत्पर रहूंगी। पूर्व विधायक ने कहा कि जनता ही हमारी प्राथमिकता है। जबकि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आज रामगढ़ के लिए खुशी का दिन है कि हम सबों के बीच पूर्व विधायक ममता देवी वापस आ गई हैं । उन्होंने कहा कि ममता देवी हमेशा लोगों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करती रही हैं। कहा कि लोगों के हित में संघर्ष उनकी पहचान रही है। इसके पश्चात एक सुसज्जित खुली जीप पर पूर्व विधायक ममता देवी एवं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद सवार हुईं और न्याय यात्रा समर्थकों के हुजूम के साथ बढ़ी। न्याय यात्रा के दौरान ममता देवी और अंबा प्रसाद ने पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत उन्होंने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## मुखिया ने पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन, ग्रामीणों में उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड अंतर्गत चेचकपी पंचायत के ग्राम डूमरडीहा मे 15 वें वित्त आयोग के तहत नव निर्मित सड़क का उद्घाटन मुखिया सह जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष रीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सूर्यमुन्नी देवी, वार्ड सदस्य हीरामुन्नी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान मुखिया रीता देवी ने बताया की 15 वें वित्त आयोग के तहत पीसीसी सड़क दासो मांझी घर से परगण मांझी घर तक 2 लाख 49 हजार की लागत से निर्माण कराया गया है। कहा की विगत कई दिनों से ग्रामीणों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई थी कि सड़क नहीं रहने से राहगीरों को काफी परेशानी होती है। जिसे मुखिया ने संज्ञान में लेते हुए सड़क का निर्माण कराने में तत्परता दिखाई। सड़क निर्माण से ग्रामीणों में काफी हर्ष है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि डेग लाल साव ने कहा अपने क्षेत्र की चौहमुखी विकास के लिए सदैव तत्पर हूॅ। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि रामकृष्ण मुर्मू, शिबू मांझी, सुजान बास्के, अर्जुन बास्के, राम जी मांझी, भिखोलाल मांझी, विनोद मांझी, बालेश्वर बास्के, सीताराम बास्के, सुखदेव मांझी, महावीर मांझी, सीता राम मांझी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## आम बागवानी का कार्य शत प्रतिशत करने का निर्देश

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बीपीओ की अध्यक्षता में पंचायत सचिव व रोजगार सेवक के साथ बैठक सम्पन्न हुई। सरकार द्वारा संचालित विकास योजना के तहत मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र में लगभग दो सौ एकड़ भूमि में बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी के कार्य को प्रारम्भ करने के लिये प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार के द्वारा पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवकों को निर्देश प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतो में यथाशिघ्र शत प्रतिशत कार्य को चालू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि वजट के अनुसार मानव दिवस सृजन के लिये सरकार के निदेर्शानुसार सेन्हा प्रखंड को स्वीकृत मिला गया है। जिसके अनुरूप मानव दिवस में कार्य देने की बात कही गई। और साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के लिये मजदूरों का आधार कार्ड को बैंक खाता से लिंक करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव महिपाल उराँव,अधीश खाखा,आनन्द सिंह,सुजीत उराँव, भैया भगत,नागमनी उराँव रोजगार सेवक कृष्णा राम,देवेन्द्र कुमार,अंजू तिर्की,प्रवीण कुमार,रेखा कुमारी उपस्थित थे।

## सेवई मुखिया के आरोपों को पूर्व प्रमुख ने बताया बेबुनियाद

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत सेवई पंचायत की मुखिया सावित्री देवी के द्वारा पूर्व प्रखंड प्रमुख सहित कुल 5 लोगों के ऊपर मारपीट एवं घर में रखे पैसा एवं सोना चोरी करने का आरोप लगाकर सिमडेगा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की थी और इस मामले में पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। इधर मामले में पूर्व प्रखंड प्रमुख तिमूतियुस खाखा के द्वारा कहा गया कि घटना के दिन घटनास्थल पर नहीं गए थे। एक साजिश की भावना के तहत उसे फंसाने एवं उनकी छवि धूमिल करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुखिया के पति शंकर माली पूर्व में ही गांव की एक महिला के साथ यौन शोषण के मामले में सिमडेगा थाना में मामला चल रहा है। और इस मामले में पीड़िता के साथ सहयोग के लिए हम खड़े थे और इसी के वह द्वेष के भावना के साथ छवि को खराब करने के लिए इस प्रकार के षड्यंत्र रच रहा है। वहीं इधर सावित्री देवी मुखिया द्वारा प्रमोद बाड़ा के ऊपर भी हथियार लेकर लूटपाट करने का आरोप लगाया था तो इस मामले में उसकी पत्नी शशि बाड़ा ने सिमडेगा थाना में आवेदन देकर बताया है कि उसका पति उसके भांजा प्रवीण डुंगडुंग के कहने पर पूर्व मुखिया शंकर महली एवं उनकी पत्नी सावित्री देवी के घर अपना पूर्व का बकाया पैसा 4500 रुपये पंचायत चुनाव की वसूली करने गए थे और इसी बीच उनकी पत्नी और शंकर माली का पुत्र तलवार लेकर मारने निकला और सावित्री देवी गंदी गाली देने लगी।

# बाजार से लौट रहे ग्रामीण से हथियार के बल पर लूट

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा**



भंडरा के अखिलेश्वर धाम स्थित मंगलवार को देर शाम भंडरा साप्ताहिक बाजार से लौट रहे कसपुर नवाटोली निवासी स्व उदय उरांव के 45 वर्षीय पुत्र प्रभू उरांव से दो अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल और चाकू का भय दिखाकर करीब 10 हजार रुपए लूट लिए। जाते - जाते अपराधियों ने जान से मारने की धमकी भी दे डाली। लूटपाट करने के बाद अपराधी आराम से पैदल हाटी गांव होते हुए अम्बेरा की ओर निकल गए। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार को वह भंडरा साप्ताहिक बाजार में किराना दुकान लगाता है। शाम को वह दुकान समेट कर करीब 6: 30 बजे घर आ रहा था। तभी अचानक दो अपराधी आये और झोला छीनने लगे। नहीं देने पर पिस्टल सटा दिया और झोले समेत पैसे लूट लिए। झोले में बाजार में बिक्री के पैसे थे।पीड़ित काफी डरा हुआ है। पुलिस से शिकायत करने से डर रहा है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## किस्को में हुई घटना, परेशान भुक्तभोगी किसान ने की मुआवजे की मांग

# जंगली बिल्लियों ने 200 मुर्गियों को बनाया शिकार

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को/लोहरदगा**

जिले में बीते दिनों जंगली हाथी और जंगली भालू ने पालतू पशुओं और मनुष्यों को अपना शिकार बनाकर जान ले ली थी, लेकिन इससे परे एक नई घटना किस्को प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के नारी गांव में देखने के लिए मिला है। बता दें कि नारी गांव निवासी ऐश अंसारी खुद और अपने परिवार वालों की जिंदगी संवारने के उद्देश्य से शेड निर्माण कर मुर्गी पालन को अपना जीविकोपार्जन बनाकर स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर था परंतु अचानक से आधा दर्जन जंगली बिल्लियों के समूह ने किसान के सारे अरमान और सपनों पर पानी फेर दिया। यहां



पर मंगलवार रात्रि शेड के अंदर प्रवेश कर 200 मुर्गियों को मार डाला। इससे भुक्तभोगी किसान ऐश अंसारी को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

किसान ऐश अंसारी ने बताया कि महिला विकास मंडल से कर्ज लेकर नारी बिजली सब स्टेशन के समीप मुर्गी शेड बनाकर मुर्गी पालन करते आ रहे थे। अचानक बीती रात्रि जंगली बिल्लियों द्वारा हमला कर 200 मुर्गियों को मार डाला गया। इससे हमारे परिवार वालों के समक्ष दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। किसान ऐश अंसारी ने बताया कि प्रति मुर्गी एक से दो किलो वजन का तैयार था, जिसे बाजार में बिक्री करने की तैयारी थी लेकिन अचानक से जंगली बिल्लियों द्वारा मुर्गियों को मार डाले जाने से हमारी कमर ही तोड़ टूट गई। उल्लेखनीय है कि किस्को प्रखंड क्षेत्र में अचानक से जंगली बिल्लियों की धमक से क्षेत्र के मुर्गी पालक किसानों में दहशत फैल गया है। किसानों के अनुसार वन विभाग द्वारा नारी निवासी मुर्गी पालनकर्ता किसान ऐश अंसारी को तत्काल मुआवजा दिया जाता है तो किसान की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है।

## स्टेयर्स जिला कराटे संघ लोहरदगा के अध्यक्ष अमित बने स्टेट हेड

# नेशनल कराटे चैंपियनशिप में खेलेंगे लोहरदगा के 23 बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू-लोहरदगा**



भारतीय युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के तहत स्टेयर्स फाउंडेशन द्वारा आगामी 14 से 16 अप्रैल तक आयोजित स्टेयर्स नेशनल कराटे चैंपियनशिप में लोहरदगा के 23 खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। पहली बार नई दिल्ली के इंदिरा गांधी (आईजी) इंडोर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 2023 में झारखंड के अलग - अलग जिलों से कुल 68 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें 23 सिर्फ लोहरदगा जिले से हैं। बालिका वर्ग में अंडर 13 में प्राची कुमारी, आसी अदिति करकेटा, सोनिका कुमारी, रोली कुमारी और नैना कुमारी, अंडर 16 में पल्लवी कुमारी, अमीसा कुमारी, मरियम प्रवीण, तृषा उराव, चन्द्रमुनी कुमारी अलीशा टोप्पो, स्वीटी मुंडा और सरस्वती कुमारी, अंडर 18 में गीतांजलि उराव और सरस्वती कुमारी तथा सीनियर 18+ में अंजलि कुमारी का चयन हुआ है।

वहीं बालक वर्ग में अंडर 12 में अभिषेक उराव, अंडर 14 में अंशु उराव, मिहिर त्रिपाठी, नितेश उराव, अंडर 17 में प्रिंस प्रकाश, जीवन कुजूर और सीनियर 18+ में नितेश कुमार सिंह शामिल हैं। जिला कराटे संघ लोहरदगा के अध्यक्ष सेंसई अमित सिंह ने बताया कि पहली बार होने वाली निशुल्क प्रतियोगिता में राज्यस्तर पर स्वर्ण तथा रजत पदक विजेता ही खेल पाएंगे। सभी खिलाड़ी 13 अप्रेल को लोहरदगा से रवाना होंगे। सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ मनोरंजन कुमार, संघ के सचिव लाल प्रकाश नाथ सहदेव, उपसचिव सूरज प्रकाश, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रगुप्त महली तथा लोहरदगा जिला के गणमान्य नागरिकों ने इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए कोच अमित कुमार सिंह और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी हैं।

## कोलेबिरा विधायक ने हाथी प्रभावित परिवार से भेंट कर दी मदद

**जलडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जलडेगा प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्हें पता चला कि कोनमेरला पंचायत के मुगाकोना गांव में सीदरेंन कंडुलना नामक व्यक्ति तथा कॉलमडेगा में गुस्ताक कांडुलना के घर को हाथी के द्वारा क्षति पहुंचाया गया है। उन्होंने तत्काल प्रभावित परिवार से मुलाकात करते हुए सांत्वना दी एवं राहत के लिए कुछ राशि उपलब्ध कराई। विधायक के निर्देश पर जलडेगा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो ने पूर्व में भी हाथी प्रभावित परिवार से मिलकर विधायक द्वारा उपलब्ध कराया गई राशि दी थी। विधायक ने अपने प्रतिनिधि से कहा है कि प्रभावित लोगों से आवेदन बनवाकर वन विभाग को दीजिए, जिससे कि समय रहते पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाया जा सके। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम रावेल लकड़ा अर्जुन होरो आदि उपस्थित रहे।



# लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने जलाया पुतला



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सचिवालय घेराव रैली के दौरान भाजपा कार्यकताओं पर लाठीचार्ज एवं हवाई फायरिंग करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को पूरे काला दिवस मनाते हुए जिला के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया।

सिमडेगा नगर में पुतला फूंकते हुए जिला महामंत्री दिपक पूरी ने कहा कि झारखंड सरकार को पता है कि ज्यादा दिन अब यह सरकार नहीं रहने वाली। सरकार एक्सपोज हो चुकी है इसीलिए जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया। वहीं भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि अब तक एक भी वादा इस सरकार ने पूरा नहीं किया है और अपनी विफलता को छुपाने के लिए भाजपा कार्यकताओं एवं जनता पर लाठीचार्ज कर झारखंड की आवाज को दबाने का प्रयास किया है पर सरकार का यह प्रयास विफल होगा। झारखंड की जनता मन बना चुकी है कि सरकार को गिरा कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है। इसके अलावा सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंडों में भारतीय जनता पार्टी प्रखंड कमेटी की ओर से भी राज्य की हेमंत सोरेन सरकार का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष सत्य नारायण प्रसाद , ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश साहू, सुजान मुंडा, अनूप प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण ठाकुर, अंकित कुमार, रामबिलाश बड़ाईक, संजय शर्मा, सतीश पांडे, अशोक रजक, लाल साहू, उत्तम केरकेट्टा, जोगेंद्र राम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी, नंदनी दास, पिंकी प्रसाद, हंसा रानी, जयंती देवी, सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर निर्माण कार्य में किया श्रमदान

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा की बदला पंचायत में भव्य हनुमान मंदिर निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने गुंबज निर्माण में श्रमदान किया। महावीर चौक के समीप स्थानीय ग्रामीण सहित हिंदू संगठन के सहयोग से हनुमान मंदिर निर्माण कार्य आरम्भ किया गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा श्रमदान एवं अर्थदान से छत की ढलाई पूर्व में किया गया था। वहीं मंदिर का गुंबज निर्माण में सनातनी महिला पुरुष श्रमदान कर निर्माण में जुटे। वहीं सुंदरीकरण को लेकर चयनित समिति एवं ग्रामीणों की ओर से तैयारी जारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए कहा कि हनुमान



मंदिर का निर्माण कार्य 20 मार्च से प्रारंभ हुआ था। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण रूप से संपन्न होते ही विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## सत्याग्रह आंदोलन को लेकर कांग्रेस की बैठक

**ठेठईटांगर।** सिमडेगा में 14 अप्रैल को होने वाले जय भारत सत्याग्रह आंदोलन में शामिल होने के लिए बुधवार को प्रखंड कांग्रेस कमिटी की एक विशेष बैठक किया गया। बैठक में कांग्रेस पार्टी के झारखण्ड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे का सिमडेगा आगमन के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष मो समी आलम, जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा उपस्थित थे। प्रखंड कमेटी के पदाधिकरी, सभी पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बूथ कमेटी को कहा गया कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा सरकार और पीएम मोदी घबराए हुए हैं।

# जमशेदपुर घटना की जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

विश्व हिंदू परिषद ने जमशेदपुर घटना में प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए राज्यपाल के नाम उच्च स्तरीय जांच करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

इसमें कहा गया है जमशेदपुर महानगर के अंतर्गत कदमा थाना क्षेत्र में हुई घटना को लेकर विहिप के साथ हिंदू समुदाय के कई निर्दोष लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है। प्रशासन द्वारा गिरफ्तार किए गए कार्यकताओं के संबंध में बात करने हेतु दिनांक 10 अप्रैल - 2023 को जमशेदपुर के आरक्षी अधीक्षक से विश्व हिंदू परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल मिलने गए तो उन्होंने सभी कार्यकताओं को वही



गिरफ्तार करा लिया। प्रतिनिधिमंडल में गए सभी कार्यकर्ता प्रांत एवं विभाग स्तर के है तथा सभी निर्दोष हैं। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस घटना की त्वरित उच्च स्तरीय /सीबीआई जांच कराने तथा निर्दोषों को न्याय दिलाने के लिए उचित आदेश देने की कृपा करें। वहीं बजरंग दल के तत्वावधान में प्रान्त के निदेर्शानुसार सिमडेगा जिला मुख्यालय में एवं सभी प्रखंडो में झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया।

## आंधी से किसान का घर उजड़ा, मुआवजा मांगा

**बानो।** प्रखंड के अकोली पंचायत निवासी सरवन सिंह नामक किसान की बुधवार को दोपहर में आई तेज आंधी के बीच घर की छत पूरी तरह से उड़कर तहस-नहस हो गई। बताया गया कि छत में लगाए गए अल्बेस्टर पूरी तरह से उखड़ गए। इसके अलावा आसपास भी काफी नुकसान हुआ है। इधर मामले की जानकारी पंचायत के मुखिया कृपा हेमरोम को दी गई। उन्होंने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आंचल कार्यालय में आवेदन देने के साथ ही जल्दी पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाई जाएगी।

## लापरवाही : जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने बैठक कर जताया रोष

# बिना कनेक्शन विभाग भेज रहा बिजली बिल

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बिजली बिल की गड़बड़ी को लेकर जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बुधवार को प्रखंड के बाजारटांड चबूतरे पर बैठक की। ग्रामीणों ने बताया कि दनगद्दी बंडा टोली गांव में बिजली के पोल भी नहीं गाड़े गए हैं और न ही कोई बिजली कनेक्शन लिया है। इसके बावजूद चार लोगों का बिजली बिल आया है। पीडियापोंछ एवं पोंडखर गांव के लोगों ने बताया कि बिना सूचना दिए बिजली विभाग ने चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बोलबा के ग्रामीणों ने कहा कि एक ही व्यक्ति के नाम से दो-दो बिल दिया जा रहा है। कुछ लोगों ने कहा कि हर महीने बिल नहीं दिया जाता है और एक ही बार भारी भरकम बिल दिया जाता है।

कई लोगों ने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर बिजली ऑफिस जाने पर कोई अधिकारी समस्याओं को सुनने के लिए तैयार नहीं रहते हैं। समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कहा कि पिछले दिनों समसेरा पंचायत भवन के पास बिजली तार की



चपेट में आने से चार मवेशी सहित एक लोमड़ी की मौत हो गई। यह बिजली विभाग की लापरवाही है। बिना मीटर रीडिंग किए हुए भारी भरकम बिल दिया जा रहा है। कई ऐसे लोग है जिसके घर में मीटर नहीं लगा है उन्हें भी बिल आ रहा है। विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिल वसूली किया जा रहा है। इसके खिलाफ आंदोलन की तैयारी की जा रही है। जिला परिषद सदस्य ठेठईटांगर अजय एक्का ने कहा कि पूर्व में कैम्प लगाकर फ्री बिजली का मीटर बांटा गया। मीटर रीडिंग नहीं करके भारी बिल दिया जा रहा है। विभाग अपनी लापरवाही को छिपाने के लिए पब्लिक को परेशान कर रही है। निर्णय लिया गया कि कस्टमर कोर्ट में प्रथमिकी दर्ज कराई जा सकती है। इसके साथ ही सरकार के पास जनता की आवाज को पहुंचना होगा। हमलोग भारी संख्या में एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। आगामी 24 अप्रैल को सिमडेगा जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जायेगा, जिसमें वार्ड सदस्य से लेकर सभी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

जिला परिषद सदस्य अनिता सोरेंग ने कहा कि बिजली बिल से उपभोक्ता परेशान हैं। इसका समाधान करने के लिए सभी लोग एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा ने कहा कि समस्या यह है कि बिना बिजली खूंटा गाड़े बिजली विभाग द्वारा बिल दिया जा रहा है। गांवों में हाथी की समस्या, बिजली की समस्या, स्कूल में शिक्षक की समस्या, सड़क की समस्या ज्यो के त्यों है। इस मौके पर बसन्त कुमार लोंगा पूर्व विधायक, जिला परिषद अनिता सोरेंग, अजय एक्का जिला परिषद ठेठईटांगर, मुखिया सुरजन बड़ाईक, शशिकला तिर्की, स्नेहलता केरकेट्टा, अजय जायसवाल, मोहनाथ प्रधान, प्रसाद सिंह, नोवेल सोरेंग, दानिएल डुंग डुंग, एवं अन्य लोग भारी संख्या में मौजूद थे।

# डीसी ने किया वज्रगृह का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा ईवीएम वज्रगृह, 72-लोहरदगा (अजजा) विधानसभा क्षेत्र, लोहरदगा) का मासिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन के कर्मी, कोषागार के कर्मीगण उपस्थित थे।

**वन क्षेत्र के इको टूरिज्म को लेकर बैठक हुई :** वहीं उपायुक्त की अध्यक्षता में वन क्षेत्र के इको टूरिज्म को लेकर बैठक की गई। बैठक में लावापानी जलप्रपात, धरधरिया जलप्रपात, चूल्हा पानी दामोदर के उद्गम स्थल तथा 27 नंबर ब्रिज जाने वाले पहुंच पथों की स्थिति की जानकारी ली गई। उक्त पर्यटन स्थलों के पहुंच पथ एवं दूरी का आकलन कर आवश्यक कार्य हेतु वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्देश




कार्यपालक अभियंता आई ओ को दिया गया। इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार, नारायण राम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**उपायुक्त ने प्रखंड संसाधन केंद्र लोहरदगा सदर का निरीक्षण किया :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने प्रखंड संसाधन केंद्र लोहरदगा सदर का निरीक्षण किया गया। प्रखंड संसाधन केंद्र की स्थिति को देखकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से प्रखंड संसाधन केंद्र की उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली। प्रखंड संसाधन केंद्र लोहरदगा के मरम्मति का कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर नारायण राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं बीआरसी कर्मी उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### शारीरिक शिक्षा की अंतिम मेधा सूची जारी

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी के द्वारा बुधवार को शारीरिक शिक्षा के 166 अभ्यर्थियों की अंतिम मेधा सूची जारी की गयी। पलामू के कई अभ्यर्थियों का भी चयन आयोग द्वारा किया गया। आयोग की ओर से कई मुख्य विषयों की अंतिम मेधा सूची दी गयी है। लेकिन अभी भी कई विषयों की अंतिम मेधा सूची के परिणाम का इंतजार है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार आयोग के द्वारा हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा रही है। तीन महीने के बाद भी आयोग के द्वारा सभी विषयों की अंतिम मेधा सूची जारी नही की गयी है। जिसे लेकर अभ्यर्थियों में परेशानी बनी हुई है।

### शिव मंदिर की सजावट



**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित शिव मंदिर रात में कुछ इस तरह दिखता है। शिव मंदिर की सजावट में यहां के स्थानीय लोगों का अहम भूमिका रहा है। पहले इस शिव मंदिर में पूजा करने के लिए इक्का-दुक्का भक्त आते थे। परंतु मंदिर के बेहतर निर्माण के बाद अब यहां भक्तों की भीड़ हमेशा उमड़ती है। मंदिर की बेहतर डेकोरेशन की वजह से रात में इस मंदिर की खूबसूरती देखने योग्य होती है।


### श्रीराम सेना ने विधायक को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** रूद्र महायज्ञ की जलाभिषेक यात्रा के क्रम में यज्ञ के मुख्य संरक्षक सह डाल्टनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया को श्रीराम सेना के प्रतिनिधिमंडल ने अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस पुण्य अनुष्ठान कार्य हेतु धन्यवाद भी दिया गया। इस मौके पर श्रीराम सेना राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल, उप राज्य प्रमुख राजेंद्र पासवान, कार्यसमिति सदस्य बिट्टू लाठ, चिंटू गुप्ता, नगर प्रमुख अंकित कुमार लाल उपस्थित थे।

### तोरणद्वार जलाने की आजसू पार्टी ने निंदा की

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय संविधान निमार्ता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के तोरण द्वार नीलाम्बर पिताम्बर पुर (लेस्लीगंज) के जुरू ग्राम में तोड़ कर जला देने की घटना की आजसू पार्टी घोर निंदा करती है। कल बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती हैं। केन्द्र सरकार राष्ट्रीय छुट्टी घोषित कर रही है। दूसरी ओर कुछ ओछी मानसिकता के लोग बाबा साहब का अपमान करके राष्ट्र का अपमान कर रहे हैं। उन्होने मांग की है कि जिला प्रशासन अबिलंम्ब इस कुकर्म मे शामिल अपराधियों को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज करे व गिरफ्तार करे। आजसू पार्टी कल राज्य के सभी विधान सभा क्षेत्र में बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती मनायेगी। आजसू पार्टी ने झारखण्ड के 81 विधान सभा क्षेत्र में बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

# 100 साल में पहली बार लगने जा रहा हाइब्रिड सूर्य ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आने वाले गुरूवार 20 अप्रैल 2023 को पलामू में साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। लेकिन ये सूर्य ग्रहण कोई आम सूर्य ग्रहण नहीं होने वाला है। 100 साल में पहली बार ऐसा सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। जब सूर्य और धरती के बीच चंद्रमा आ जाएगा और कुछ देर के लिए सूर्य की रोशनी को ढक लेगा। ग्रहण सुबह 7:04 से शुरू होगा जो दोपहर 12:29 पर खत्म होगा। इस बार सूर्य ग्रहण की अवधि 5 घंटे 24 मिनट की होगी। इस बार का सूर्य ग्रहण बेहद खास होने वाला है क्योंकि ये तीन रूपों में दिखाई देगा।

**क्यों खास होगा सूर्य ग्रहण** : इस बार का सूर्यग्रहण इसलिए खास होगा क्योंकि ये तीनों रूपों में दिखाई देने वाला है। जिसमें आंशिक, पूर्ण और कुंडलाकार सूर्य ग्रहण शामिल हैं। आंशिक सूर्यग्रहण में चंद्रमा सूर्य के छोटे हिस्से में आकर उसकी रोशनी को प्रभावित करता है। कुंडलाकार सूर्य ग्रहण में चंद्रमा सूर्य के बीचो बीच आकर रोशनी रोकता है। ऐसी स्थिति में सूर्य के चारों तरफ चमकदार रोशनी का गोला बन जाता है और बीच में अंधेरा हो जाता है।

**क्या होता है 'रिंग ऑफ फायर'** : जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा एक ही कतार में होते हैं तब पृथ्वी का एक भाग पूरी तरह से अंधेरे में डूब जाता है। इस स्थिति को पूर्ण सूर्य ग्रहण कहा जाता है। आंशिक, पूर्ण और कुंडलाकार सूर्य ग्रहण का मिश्रण ही हाइब्रिड सूर्यग्रहण कहलाता है। ऐसी स्थिति लगभग 100 साल में एक बार देखने को मिलती है। इस सूर्यग्रहण के दौरान चंद्रमा की धरती से ना तो ज्यादा दूरी होती है और ना ही कम होती है। इस सूर्यग्रहण के दौरान सूरज कुछ सेकंड के लिए रिंग जैसी आकृति बना लेता है। जिसे रिंग ऑफ फायर कहा जाता है।

**12 घंटे पहले लगता है सूतक :** हिन्दू मान्यता के मुताबिक सूर्य ग्रहण के बारह घंटे पहले सूतक काल शुरू होता है। सूतक काल में शुभ काम करने की मनाही होता है। लिहाजा भगवान की पूजा नहीं होती और मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। हालांकि साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। इसलिए यहां इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। हालांकि ग्रहण के दौरान सूर्य मेष राशि में होगें। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस दिन वैशाख माह की अमावस्या तिथि भी है। ऐसे में माना जा रहा है कि भले ही ग्रहण भारत में ना दिखाई दे लेकिन कुछ राशियों पर उसका असर जरूर पड़ सकता है।

# दबंगों ने महिला के साथ की मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के खनवा गांव में खेत में मवेशी चराने को लेकर दबंगों ने महिला को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के खनवा गांव निवासी नागून विश्वकर्मा की पत्नी शारदा देवी उम्र 45 वर्ष मंगलवार की सुबह अपने मवेशी को खुला छोड़ दी थी। इसी बीच मवेशी गांव के ही मुकेश विश्वकर्मा और सुग्रीव विश्वकर्मा के खेत में जाकर चरने लगा। मवेशी को चरते देख मुकेश विश्वकर्मा और सुग्रीम विश्वकर्मा दोनों घर से निकले और नागुन विश्वकर्मा की पत्नी शारदा देवी के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घायल शारदा देवी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना के एसआई प्रकाश कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर घायल महिला शारदा देवी से घटना से संबंधित मामले की जानकारी लीये। इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### चार घरों में लगी आग, सामान जलकर राख



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत तेतराईं (माड़न) स्थित बेसिक स्कूल के पास के घर मे अचानक आग लगने से एक साथ चार घर जल गये। इससे रोजमर्रा की सामग्री सहित विक्रमा सिंह, सुरेश सिंह, भोला सिंह व राजकुमार सिंह के घर में रखे सामान जल गये। मोटर पंपों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना मंगलवार की शाम चार बजे की है। मुखिया राजेन्द्र पांडेय व पीड़ित परिवारों ने कहा अब कुछ नहीं बचा। अचानक आग की लपटें उठी और देखते ही देखते पूरा घर जलकर राख हो गया। आगलगी के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

## पलामू में हुई तीखी गर्मी की शुरूआत

# शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी मांग



**सुबह 10 बजे से ही तेज धूप लोगों को तपाने लगी है**

**"मनुष्य के साथ पशु पक्षियों की हालत भी गर्मी से होने लगी है पस्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में गर्मी के तेवर अब सख्त होने लगे हैं। ऐसे में बाजार में कोल्डड्रिंक, खीरा ककड़ी समेत शीतल पेय पदार्थों की ब्रिकी शुरू हो गई है। मौसम के तेवर देख लोग परेशान होने लगे हैं। कहने को तो अभी अप्रैल का महीना ही चल रहा है। फिर भी शरीर को भेद देने वाली तेज धूप एवं उमस से लोगों को मई-जून की याद आ रही है और लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि अप्रैल महीना का यह हाल है तो आने वाले मई- जून में क्या हाल होगा? गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थानीय बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शर्बत, नीबू पानी, आम का जूस आदि की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि स्थानीय बाजार में इन पेय पदार्थो की दुकानें सज गई हैं और लोग खुद को गर्मी से राहत देने के लिए इनका सेवन भी कर रहे हैं। वहीं कोल्ड ड्रिंक की बिक्री भी खूब बढ़ गई है। वहीं दूसरी तरफ गर्मी के बढ़ते असर से सुबह 10 बजे से ही तेज धूप लोगों को तपाने लगी है। दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक गर्मी और बढ़ जा रही है। मनुष्य के साथ पशु पक्षियों की हालत भी गर्मी से पस्त होने लगी है। वहीं गर्मी आते ही शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर देशी पेय पदार्थो की दुकानें सज गई हैं। साथ ही ठेलों के द्वारा गली गली देशी पेय पदार्थ उपलब्ध हो रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है कि देशी पेय पदार्थ की बात ही कुछ अलग है। शुद्ध और बिना कैमिकल युक्त देशी पेय पदार्थ सेहत के लिए भी फायदेमंद है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक देशी पेय पदार्थ का आनंद ले रहे हैं। वहीं राहगीर तपती धूप और प्यास से राहत पाने के लिए इसका उपयोग अधिक कर रहे हैं। सफर के दौरान लोग रास्ते पर कहीं भी देशी पेय पदार्थ के मिलने पर वहां रुक इसका आनंद ले रहे हैं।

### स्वास्थ्य के लिए लाभदायक गन्ना

चिकित्सकों के अनुसार आयरन व कार्बोहाइड्रेट की प्रचुर मात्रा होने के कारण गन्ने का रस तुरंत शक्ति व स्फूर्ति प्रदान करता है। इसमें ढेर सारे खनिज तत्व व ऑर्गेनिक एसिड होने के कारण इसका औषधीय महत्व भी है। गन्ने का रस पेट, दिल, दिमाग, गुर्दे व आंखों के लिए लाभदायक है। गन्ने का रस हमेशा ताजा व छना हुआ ही पीना चाहिए। एसीडिटी के कारण होने वाली जलन में भी गन्ने का रस लाभदायक होता है। गन्ने के रस का सेवन यदि नींबू के रस के साथ किया जाए तो पीलिया जल्दी ठीक हो जाता है।

# उपायुक्त ने लिया जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी का प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के उपायुक्त अंजनेयुलु डोड्डे ने बुधवार को जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष 2022 के नवम्बर माह से ही जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार फरार थे। श्री कुमार के कार्यालय नहीं आने से सर्वे कोर्ट का कार्य प्रभावित हो गया था। हालांकि जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार गत 9 अप्रैल तक उपार्जित अवकाश में थे। पिछले तीन दिनों से श्री कुमार के अवकाश अवधि समाप्त हो जाने के कारण अधिकृत क्रम से जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी अनुपस्थित चल रहे थे। ज्ञातव्य है कि जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार के विरुद्ध साहेबगंज कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी है और साहेबगंज पुलिस पलामू जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार की गिरफ्तारी हेतु कार्यालय में तीन बार तलाशी और छापामारी भी कर चुकी है।

### भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**प्रतिनिधि हरिहरगंज :** प्रखंड के भाजपा कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में मेन बाजार के आर सी लाल चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुतला फूंका। इससे पहले कार्यकताओं ने किसान विरोधी, छात्र विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी, निकम्मी सरकार ,भ्रष्टाचारी सरकार ,हेमंत हटाओ ,झारखंड बचाओ का नारा लगाते हुए शहर के भ्रमण किया। इस अवसर पर अरुण मिश्रा, भीमसेन ा सहित अनेक भाजपाई उपस्थित थे।

# धर्मप्रांत के लिए बुलाहट शिविर का अयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में 12 अप्रैल से 14 अप्रैल 2023 तक मेदिनीनगर धर्मप्रांत के लिए पुरोहित बन कर जो युवा कार्य करना चाहते हैं उनके लिए बुलाहट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर शिविर की शुरआत बिशप थियोडोर ने मिस्सा पूजा से की, जिसमे 22 युवा भाग ले रहे हैं। बिशप थियोडोर ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु येसु लोगों में प्यार बांटने और सेवा करने के लिए दुनिया में आए, पर लोगों ने उन्हें क्रूस दिया। पर येसु मृतक हो जी उठे हैं। उन्होने मृत्यु पर विजय प्राप्त की है।आप जो येसु का अनुकरण लोगों को सेवा और प्यार दे कर करना चाहते है, तो आपको नम्र और ईमानदार बनना होगा। साथ ही बिशप ने सभी पुरोहितों और धर्मबहनों से आग्रह किया कि सभी इन युवाओं को उनके बुलहाट जीवन में आगे बढ़ने में सहयोग करें। इस मौके पर उपास्थित बिशप सेक्रेटरी फादर प्रदीप बखला ने अपने 5 वर्ष के पुरोहिताई जीवन की वर्षगांठ मनाई। सभी ने उनकी इस उपलब्धि के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया और उन्हें बधाई दी। बिशप थियोडोर के साथ फा अरविन्द मुंडा, फा. अमित खाखा, फा. जोन ब्रदर, सुमन कुजूर, जेवियर, अजीत, टोबियास और धर्मबहने उपस्थित रहीं।


# संत मरियम विद्यालय की समय सारणी में परिवर्तन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बढ़ती हुई गर्मी के प्रकोप को देखते हुए पलामू उपायुक्त श्री ए. दोड्डे ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों की समय सारणी में परिवर्तन हेतु निर्देश दिया है। उपायुक्त महोदय के निर्देश के आलोक में संत मरियम विद्यालय प्रबंधन ने अपनी समय सारणी में परिवर्तन किया है। सीनियर बच्चों के लिए समय सुबह 7:00 से 12:30 एवं जूनियर छात्रों के लिए 7:30 से 11:30 तक किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने सभी अभिभावकों से अपील की कि गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है। बच्चों को खाली पेट स्कूल ना भेजें, लंच, पानी बोतल और तौलिया जरूर दें। साथ ही स्कूल से घर जाने पर उन्हे धूप में न निकलने दे।

# कॉलेज में परिचर्चा का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में अपराह्न 12 बजे से 1 बजे तक 'आधुनिक जीवनशैली एवं महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याएं' शीर्षक पर ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. दमयंती कच्छप, मेडिकल ऑफिसर, एम.सी.एच.ओरमांझी- राँची और डॉ. गजाला शाहिद, एम.बी.बी.एस., एम.एस., स्त्री एवं प्रसूति रोग-विशेषज्ञ-कोलकाता मौजूद थीं। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता ने आधार व्याख्यान दिया। डॉ. दमयंती कच्छप ने एनीमिया से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया झारखंड में 65% महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं। गांव की महिलाएं जो इस समस्याओं से जूझती हैं,वो गाँव की सहिया से सम्पर्क कर सकती हैं। डॉ. गजाला शाहिद ने स्तन-कैंसर,मासिक-धर्म,सर्वाइकल कैंसर जैसे महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डाला। छात्रों के लिये प्रश्न-सत्र भी रखे गए थे। जिसमें छात्रों ने जोश से सहभागिता प्रदर्शित की। डॉ. ललिता भगत ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. मिनी टुडु ने कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका निभाई और डॉ. मशरिक जहाँ ने कार्यक्रम की मेजबानी की। इस परिचर्चा में कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षिका भी मौजूद रहे।

# पुरस्कार से बच्चों का बढ़ता है मनोबल : अजहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** पुरस्कार से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। इसका प्रभाव सुखद व आनंददायक होता है। शिक्षा में पुरस्कार का विशेष महत्व है। उक्त बातें प्रधानाध्यापक एम.जे.अजहर ने रा.उर्दू उत्क्र.मध्य विद्यालय बी.एम.सी.नेउरा में आयोजित सत्र 2022 - 23 के पुरस्कार वितरण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय परिसर के अंदर विविध क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार पुरस्कृत करता है।इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है। आत्मसम्मान व अनुशासन का भाव उत्पन्न होता है। मौके पर सीआरपी वीरेंद्र राम उपस्थित थे। संचालन रेणु कुमारी जायसवाल व धन्यवाद ज्ञापन रामप्रवेश सिंह ने किया। विद्यार्थियों में सर्वश्रेष्ठ- जांनिसार अंसारी, स्वास्थ्य- तमन्ना खातून, स्वच्छता- शबीना खातून, सुरक्षा एवं न्याय - अरमान अंसारी, पोषण- ईसा खातून, उपस्थिति- नाजिया खातून, शिक्षा- जीनत परवीन, कौशल विकास- शाहीना बानो, पर्यावरण- अरशद अंसारी, खेलकूद- गुलफराज अंसारी, सूचना- नौशाद अंसारी व सांत्वना- क्रमशः तमीना जीनत, रुखशाना खातून, गौसिया नूरानी, शैबुन खातून, अफसाना खातून, शाने अली, नासरीन परवीन, साबिर अंसारी को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में मोसर्रत जहां, रेणु कुमारी जायसवाल, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार ने संयुक्त रूप से चयनित छात्र-छात्राओं के नामों की घोषणा की व उन्हें पुरस्कृत किया।

**अभियान** | **माओवादी कमांडर की सूचना मिलने पर सक्रिय हुई पलामू पुलिस**

# चारपहिया वाहनों की जांच हुई शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मंगलवार को अचानक सक्रिय हो गईं। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक टॉप माओवादी कमांडर चार पहिया वाहन से इलाके से भागने वाला है। इसके बाद पुलिस ने चार पहिया वाहनों के खिलाफ मैराथन जांच अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान पलामू पुलिस की ओर से प्रत्येक 10 किलोमीटर के बाद एक बैरिकेडिंग लगा दी गई। नेशनल हाइवे हो या स्टेट हाइवे पुलिस एक-एक वाहनों की जांच कर रही है। नेशनल हाईवे 75 और 98 पर पुलिस विशेष तौर पर चौकस है और वाहनों की चेकिंग कर रही है।

**मंगलवार को 400 से अधिक वाहनों की हुई जांच** : वहीं पलामू पुलिस ने मंगलवार को 400 से अधिक चार पहिया वाहनों की जांच की और उनके कागजात और स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पुलिस ने यात्रियों के बारे में भी जानकारी इकट्ठा की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खुफिया विभाग और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने यह जानकारी उपलब्ध करवाई है कि कुछ माओवादी कमांडर झारखंड को छोड़कर बाहर भागना चाहते हैं। इसी सूचना पर पुलिस ने सभी चार पहिया वाहनों की जांच करने की योजना तैयार की। पुलिस अधिकारी बस, ट्रक, निजी चार पहिया वाहन समेत अन्य वाहनों की भी जांच कर रहे हैं। कई इलाकों में यात्रियों का ब्योरा भी लिया जा रहा है।

### पलामू में 35 स्थानों पर बनाए गए चेकिंग प्वाइंट्स

बिहार से सटे पलामू के हरिहरगंज में इंटरस्टेट बॉर्डर पर विशेष चौकसी बरती जा रही है और वाहनों की जांच की जा रही है. पलामू पुलिस ने मंगलवार को एक रिलीज जारी कर चार पहिया वाहनों का जांच अभियान शुरू करने की घोषणा की थी। पुलिस द्वारा जारी बयान में कहा गया कि अगले एक सप्ताह तक चार पहिया वाहनों की जांच की जायेगी। पलामू में 35 से अधिक जगहों पर चार पहिया वाहनों की जांच के लिए चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं।

# नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली का विरोध शुरू, सियासत गर्म

**एजेंसी। पटना**

बिहार मंत्रिमंडल के नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली पर मुहर लगाने के 24 घंटे के बाद ही इसका विरोध शुरू हो गया। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा इस नियमावली को शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ छलावा बता रही है वहीं सत्ता पक्ष इस नियमावली को शिक्षा में सुधार के लिए ऐतिहासिक कदम बता रहा है। इधर, शिक्षक संघ और शिक्षक अभ्यर्थी इस नई नियमावली को लेकर आंदोलन करने का मन बना रहे हैं। सरकार के इस नियमावली के विरोध में बुधवार को लाखों शिक्षक काला दिवस मना रहे हैं। शिक्षक सभी जिला मुख्यालयों में नियमावली की प्रति जलाकर विरोध करेंगे। शिक्षक संगठनों ने इसे शिक्षक और शिक्षक अभ्यर्थी दोनों के लिए छलावा बताया है। टीइटी एसटीइटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोप गुट के प्रदेश अध्यक्ष मार्कंडेय पाठक कहते



हैं कि महागठबंधन ने विधानसभा चुनाव के वक्त वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद वह शिक्षकों को नियमित शिक्षकों की तरह वेतनमान और सेवा शर्त देगा और आज जब वह सत्ता में आया है, तो अपने वादे से मुकर रहा है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को शिक्षक संगठनों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

बिहार प्रारंभिक युवा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव का कहना है कि शिक्षक अभ्यर्थी सातवें चरण की बहाली की मांग चार सालों से कर रहे थे, नियमावली के नाम पर शिक्षकों को सरकार ने ठगा है। नयी नियमावली के अनुसार शिक्षक अभ्यर्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा चयनित आयोग के माध्यम से फिर से परीक्षा देनी देनी होगी। इनलोगों का कहना है कि सरकार नई नियमावली को वापस ले, नहीं तो आंदोलन होगा। इधर, इस नियमावली के विरोधियों को मुख्य विपक्ष भाजपा का भी साथ मिला है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार राज्य अध्यापक नियमावली 2023 पात्रता परीक्षा पास अभ्यर्थियों और नियोजित शिक्षकों के साथ छलावा है।

सिन्हा ने कहा कि नियमावली के नियम 19 द्वारा वर्ष 2006, 2012 और 2020 में विभिन्न कोटि के शिक्षक नियुक्ति नियमावली को संसीमित कर दिया गया है और कहा गया है कि नियमावली 2023 के अन्य प्रावधान के तहत वे कोई दावा नहीं कर सकेंगे। इधर, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का कहना है कि शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए यह नियमावाई ऐतिहासिक होगा। उल्लेखनीय है कि बिहार मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्यवाही एवं सेवा शर्त) नियमावली 2023 को स्वीकृति दी थी। इसके बाद से ही इस नियमावली का विरोध शुरू हो गया।

# पटना हवाई अड्डे पर बम की खबर से हड़कंप, जांच में सूचना गलत निकली

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना के जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डे पर बुधवार को बम की सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। बम की सूचना के बाद पुलिस बल और बम निरोधक दस्ता हवाई अड्डा पहुंच गया। पुलिस के मुताबिक, इस सूचना के बाद पुलिस ने हवाई अड्डे के बाहर और अंदर मोर्चा संभाल लिया और सूचना के आधार पर बम की तलाशी शुरू हुई।

हवाई अड्डे के चप्पे चप्पे पर बम की तलाश की गई, लेकिन बम नहीं मिला। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि करीब 10:45 बजे पटना हवाई अड्डे के अधिकारी को एक अज्ञात फोन कॉल के द्वारा हवाई अड्डा पर बम होने की सूचना दी गयी।



हवाई अड्डा ऑथोरिटी द्वारा इसकी सूचना मिलते ही पटना पुलिस की टीम तत्काल हवाई अड्डा पहुंच कर बम निरोधक दस्ता, सीआईएसएफ एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर हवाई अड्डा के अंदर एवं बाहरी परिसर की एहतियातन सुरक्षा जांच की गयी। सुरक्षा जांच के दौरान किसी प्रकार का बम अथवा अन्य कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला है।

उन्होंने बताया कि अब तक के जांच से यह सूचना गलत पायी गयी है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गयी है, जिसे समस्तीपुर पुलिस द्वारा पूछ-ताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। कॉल करने में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद किया गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### तेजस्वी की बेटी को गोद में ले खुश नजर आये नीतीश, दिया आशीर्वाद



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दिल्ली में एक खास इंसान से मुलाकात की। खास इसलिए क्योंकि वह कोई राजनेता नहीं, बल्कि एक नन्ही सी मेहमान है। यह खास मेहमान थी लालू प्रसाद यादव की पोती कात्यायनी यादव। जिनसे मिलने के लिए नीतीश कुमार आज तेजस्वी यादव के नई दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचे। जहां तेजस्वी यादव और उनकी पत्नी राजश्री ने अपनी नन्हीं सी बेटी से मिलवाया। जिसे गोद में लेते ही नीतीश कुमार के चेहरे पर मुस्कुराहट उभर गई। इस दौरान नीतीश कुमार ने नन्ही सी बच्ची को उपहार भी दिया।

### बिहार के मोतिहारी में बैक से 40 लाख रुपये की लूट

**मोतिहारी।** जिले से बड़ी खबर सामने आयी है। जहां अपराधियों ने दिनदहाड़े चकिया थाना क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक में भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया है। घटना बुधवार दोपहर की है। बाइक पर सवार होकर पांच की संख्या में आईसीआईसीआई बैंक में पहुंचे अपराधियों ने लूट की इस घटना को अंजाम दिया और हथियार लहराते आराम से निकल गए। बैंक से करीब 40 लाख रुपये की लूट हुई है। हालांकि अब तक इसकी कोई अधिकारिक पुष्टि नही की गई है।

### बिहार के कुछ जिलों में 4.3 तीव्रता का भूकंप

**पटना।** बिहार के सीमांचल इलाके के कुछ जिलों में बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जिले पूर्णिया, अररिया और भागलपुर आदि हैं। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग आनन-फानन में घरों से बाहर निकल गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई।

## मुख्यमंत्री योगी ने पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का किया अनावरण, कहा

# टंडनजी को कभी छू नहीं पाया अहंकार : योगी

**शून्य से शिखर की है लालजी टंडन की जीवन यात्रा : सीएम**

**सीएम योगी ने कहा- टंडनजी एक कार्यकर्ता के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री अटल की विकास की लाइन को आगे बढ़ाते रहे**



**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में महानता का मानक ऊपर से नीचे जाना नहीं होता है। कोई व्यक्ति जब शून्य से शिखर की यात्रा को अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से प्राप्त करता है तो वह उसकी महानता का मानक तय करता है। लालजी टंडन की जीवन यात्रा शून्य से शिखर की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ के कार्यकर्ता, एक पार्षद, एक विधायक, एक सांसद और राज्यपाल के रूप में टंडन जी ने जीवनपर्यंत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की विकास की लाइन को आगे बढ़ाने का काम किया।

सीएम योगी ने बुधवार को पूर्व राज्यपाल लाल जी टंडन की जयंती के अवसर पर काली चरण महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही महाविद्यालय में शताब्दी विस्तार भवन का नामकरण किया। अब भवन का नाम लालजी टंडन भवन हो गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अहंकार टंडन जी को कभी छू नहीं पाया। एक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी जो राजनीतिक यात्रा प्रारम्भ की थी वही सज्जनता और सादगी जीवन पर्यंत उनमें दिखाई पड़ती रही।

सीएम योगी ने कहा कि कालीचरण महाविद्यालय के साथ उनका लंबा जुड़ाव रहा है। लालजी टंडन जी ने यहां के भवनों को जिस रूप में बनाया है वह दर्शनीय है। उन्होंने कहा कि यह कैंपस आजादी के आंदोलन का साक्षी रहा है। इस संस्थान से मूर्धन्य साहित्यकार और वैज्ञानिक निकले हैं। हिंदी गद्य के प्रख्यात साहित्यकार श्याम सुंदर दास यहां के पहले प्राचार्य थे। अनेक साहित्यकार, समाजसेवी, वैज्ञानिक और राजनीतिज्ञों को जन्म देने का कार्य इस संस्थान ने किया है।
सीएम योगी ने कहा कि समाज में परिवर्तन का माध्यम शिक्षा ही बन सकती है। इस क्षेत्र में हम जितना सहयोग करेंगे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उतना परिवर्तन दिखाई देगा। आज उत्तर प्रदेश में जो भी परिवर्तना आया है शिक्षा उसके मूल में है। सीएम योगी ने टंडन जी की स्मृतियों को नमन करते हुए प्रबंधन से अपील करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय का इतिहास 118 वर्ष पुराना है। सरकार की नई नीति से आप जुड़िए और यहां के सभी जर्जर भवनों को सुधारने में सरकार आपका सहयोग करेगी।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सासंद कौशल किशोर, विधायक आशुतोष टंडन, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कोविड संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में बनाए रखें : योगी

**देश में** बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्तमान में देश में 38 हजार से अधिक एक्टिव केस हैं, हालांकि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। यहां न केवल पॉजिटिविटी दर कम है, बल्कि जो कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, उनकी स्थिति भी सामान्य है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति घबराने की नहीं सतर्क और सावधान रहने की है।

योगी बोले कि वर्तमान में प्रदेश में 1791 एक्टिव केस हैं और अप्रैल माह में अब तक पॉजिटिविटी दर 0.65 फीसद रही है। पिछले अनुभवों को ध्ष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। हमें अलर्ट मोड में रहना होगा। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव के लिए उत्तर प्रदेश में सभी जरूरी लॉजिस्टिक उपलब्ध हैं। विगत वर्ष स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हों। अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों को उपलब्ध कराए गए वेंटिलेटर एक्टिव हों। पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो। जहां वेंटिलेटर हो वहां एनेस्थेटिक की तैनाती जरूर की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत दिवस आयोजित प्रदेशव्यापी मॉक ड्रिल में जहां भी जिस भी तरह की कमी पाई गई हो, उसे तत्काल ठीक किया जाए। सभी 75 जनपदों में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम हों। इंटीग्रेटेड कोविड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को तत्काल एक्टिव करें।

योगी ने कहा कि प्रदेश में जारी गेहूं खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक 19 हजार मीट्रिक टन गेहूं क्रय किया जा चुका है। खरीद के बाद किसानों को भुगतान में कतई देरी न हो। तय समय के भीतर किसानों के बैंक खाते में गेहूं मूल्य का भुगतान कर दिया जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों की जरूरतों का भी ध्यान रखें।

## बंगाल मवेशी घोटाला

# ईडी 'रियल एस्टेट निवेश' के एंगल से जांच कर रही

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के पशु-तस्करी मामले की जांच कर रहा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब इस बारे में विवरण और जानकारी एकत्र करने की कोशिश कर रहा है कि कैसे घोटाले से करोड़ों रुपये रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश किए गए, चीजों की जानकारी रखने वाला एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईडी ने इस संबंध में पहले ही एक निजी रियल एस्टेट प्रमोटर सुब्रत हाजरा को पूछताछ के लिए अपने दिल्ली कार्यालय में तलब किया है। सुब्रत हाजरा तृणमूल कांग्रेस के मजबूत नेता और पार्टी के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल के करीबी विश्वासपात्र हैं। उनकी पत्नी भी बीरभूम जिले के बोलपुर नगरपालिका में तृणमूल कांग्रेस की पार्षद हैं। सूत्रों ने यह भी दावा किया



कि पशु-घोटाले में घोटाले की आय के एक बड़े हिस्से के बारे में कुछ विशिष्ट सुराग प्राप्त हुए थे, जिसे हाजरा के स्वामित्व वाली अचल संपत्ति परियोजनाओं में निवेश किया जा रहा था। इस बीच, अनुब्रत मंडल की बेटी सुकन्या मंडल ने तीसरी बार पूछताछ के लिए दिल्ली में उपस्थित होने के लिए ईडी के समन को टाल दिया है। वह इस सप्ताह दिल्ली आने वाली थी और पूछताछ का सामना करने वाली थी। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि वह स्वास्थ्य कारणों से पूछताछ के लिए उपस्थित होने में असमर्थता व्यक्त करते हुए पहले ही ईडी को संदेश भेज चुकी हैं।

## उमेश पाल हत्याकांड में अतीक से होगी पूछताछ

**प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)।** उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए प्रयागराज पुलिस की 37 सदस्यीय टीम गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद को लेकर बुधवार दोपहर प्रयागराज पहुंचेगी। अतीक को लेकर चार वाहनों का काफिला मंगलवार को अहमदाबाद के साबरमती जेल से रवाना हुआ। अतीक को प्रासंगिक वारंट के तहत प्रयागराज लाने और नैनी सेंट्रल जेल में रखने के बाद पुलिस एक स्थानीय अदालत से उसकी हिरासत के लिए आवेदन कर सकती है। दो सप्ताह के भीतर यह दूसरी बार है जब अतीक को साबरमती जेल से प्रयागराज लाया जा रहा है। इससे पहले प्रयागराज पुलिस की 22 सदस्यीय टीम उसे एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश करने के लिए 27 मार्च को शहर लाई थी। उमेश पाल अपहरण मामले में 28 मार्च को अदालत ने अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 में निर्देश दिया था कि अतीक अहमद को गुजरात की उच्च सुरक्षा वाली साबरमती जेल में शिफ्ट कर दिया जाना चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बिना नाम लिए लालू पर बोला हमला, कहा-

# 'गरीबों की जमीन छीनकर नौकरी का झांसा दिया गया'

**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना नाम लिए राजद सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने उनके रेलमंत्री वाले कार्यकाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश का दुर्भाग्य रहा कि रेलवे जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था जो सामान्य मानव के जीवन का इतना बड़ा हिस्सा है उसे भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था। हालत ये थे कि रेलवे की भर्तियों में राजनीति होती थी। गरीब लोगों की जमीन छीन कर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया।
प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश की 15वीं और राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद अपने



वर्चुअल संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे में राजनीति को लेकर पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजनीति स्वार्थ पर तय किया जाता था कि कौन रेल मंत्री बनेगा। कौन नहीं बनेगा। राजनीतिक स्वार्थ में तय होता था कि कौन सी ट्रेन किस स्टेशन पर चलेगी। इसी स्वार्थ के चलते बजट में ऐसी-ऐसी ट्रेनों की घोषणा हुई, जो कभी चली ही नहीं। रेलवे की सुरक्षा, स्वच्छता, सबकुछ नजरअंदाज कर दिया गया था। 2014 के बाद से इन सब परिस्थितियों में बदलाव आना शुरू हुआ। उल्लेखनीय है कि लालू यादव वर्ष 2004 से 2009 तक केन्द्र सरकार में रेलमंत्री थे। उस दौरान लालू यादव पर रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी दिलाने के बदले कई लोगों से पटना सहित अन्य जगहों पर जमीन लेने का आरोप लगा है। इस मामले में सीबीआई ने आरोप पत्र भी दाखिल किया है। पिछले एक महीने के दौरान लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी मीसा भारती सहित अन्य लोगों से सीबीआई और ईडी की पूछताछ हो चुकी है। एक दिन पहले ही तेजस्वी से ईडी ने कई घंटों तक पूछताछ की थी।

## कोलकाता के मोमिनपुर दंगों में सात भगोड़ों के खिलाफ वारंट

**कोलकाता।** कोलकाता के इकबालपुर-मोमिनपुर में पिछले साल 9 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा के मौके पर हुई हिंसा के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने सात भगोड़े आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी किया है। एनआईए ने इन सात में से हर भगोड़े आरोपी के बारे में सूचना देने वालों को एक-एक लाख रुपए इनाम देने की घोषणा की है। पूरी खोजबीन के बावजूद एनआईए उन्हें नहीं पकड़ पाई है। इस साल जनवरी में विशेष अदालत में दायर आरोपपत्र में भी उनके नाम थे। चार सौ पन्नों के आरोपपत्र में 14 लोगों के नाम हैं। इनमें सात को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि शेष सात अब भी फरार हैं। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद एनआई उनकी संपत्ति जब्त करने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर सकती है। एजेंसी को शक है कि ये पश्चिम बंगाल से बाहर किसी दूसरे राज्य में छिपे हुए हैं। इकबालपुर-मोमिनपुर हिंसा की जांच शुरू से ही विवादों में रही है।

## मुहिम

## डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह संपन्न, प्रो. शैलेंद्र मणि त्रिपाठी बोले

# सामाजिक जागरूकता व प्रसार गतिविधियां नितांत आवश्यक

**कुलपति-कुलसचिव के मर्गदर्शन में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कीं ओर अग्रसर : प्रो. शैलेंद्र**

**नवीन मेल नेटवर्क। महू**

सामाजिक न्याय एवं समावेशी ध्येय को लेकर आगे बढ़ने की जरुरत है. डॉ. अम्बेडकर एवं बाबू जगजीवन राम का जीवन सदैव प्रेरणास्पद रहा है। समरसता एवं समानता के शिखर पुरुष रहे डॉ. अम्बेडकर ने हमेशा अधिकारहीन एवं हाशिये के समाज के लोगों के लिए कार्य किया। खुद असुविधाओं में रह लोगों के अधिकारों एवं वंचित समुदाय के कल्याण के लिए काम किया। महापुरुषों की नीतियाँ समाज के प्रत्येक वर्ग को पुष्पित एवं पल्लवित करती रही हैं। उक्त बातें बाबू जगजीवन राम पीठ के पीठ आचार्य एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता



प्रो. शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह के अवसर पर 12 अप्रैल को ग्राम- कोदरिया के ग्राम पंचायत भवन में आयोजित प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम को संचालित करते हुए कही।

प्रो. शैलेंद्र मणि ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रामदास आत्राम तथा कुलसचिव डॉ. एल.एस. सोलंकी के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय निरन्तर प्रगति कीं ओर अग्रसर है । भारत सरकार के सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्रालय के अन्तर्गत शोध पीठ निरंतर गतिशील हैं एव अपने ज़िम्मेदारी कीं भूमिका निभा रहां हैं। सामाजिक जागरूकता एवं प्रसार गतिविधियां नितांत आवश्यक है। अम्बेडकर पीठ एवं बाबू जगजीवन राम पीठ के संयुक्त तत्वावधान में गांव पंचायत- कोदरिया में प्रसार, जागरूकता एवं विस्तार कार्यक्रम ग्रामीण समुदाय को जोड़ना है।

बाबू जगजीवन राम पीठ के शोध अधिकारी डॉ. रामशंकर ने डॉ. अम्बेडकर एवं बाबू जगजीवन राम की विस्तार नीतियों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि महापुरुषों का संघर्षमय जीवन प्रेरणा पुंज सामान है। डॉ. अम्बेडकर एवं बाबू जगजीवन राम दोनों विभूतियों के जीवन को आत्मसात करने की जरुरत है। सदियों से शोषण और उत्पीड़ित दलितों, मजदूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। लोगों के प्रश्नों का समाधान भी किया।

डॉ. अम्बेडकर पीठ के शोध अधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन व्यक्तित्व असाधारण रहा है। ऐसा व्यक्तित्व जिसने कभी भी अन्याय एवं विरोध से समझौता नहीं किया और अनुसूचित जाति,अनुसूचित जन जाति, महिलाओं, अल्पसंख्यक तथा समाज के सभी उपेक्षित वर्ग के सम्मान एवं अधिकारों के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। डॉ. मनीषा सक्सेना डॉ अम्बेडकर पीठ आचार्य के रूप में सक्रियता से कार्यरत हैं. प्रसार एवं जागरूकता परिचर्चा में धन्यवाद ज्ञापन ग्राम कोदरिया के सरपंच सतीश डावर तथा उपसरपंच रणवीर चौहान ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव मुकेश शर्मा का भरपूर सहयोग मिला इस अवसर पर गाँवपंचायत के पंच मेघा वाड़कर महेन्द्र कुमार सुभाष पटेल मंजूलता समेत काफी संख्या मे कोदरिया के गणमान्य निवासी उपस्थित रहे।

# 'मोदी सरनेम' मामले में राहुल को कोर्ट में पेश होने का आदेश

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार जहां दिल्ली में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से मिल रहे हैं, वहीं बिहार की एक अदालत ने मानहानि के एक मामले में राहुल को 25 अप्रैल को हाजिर होने का आदेश दिया है। पटना एमपी एमएलए अदालत ने राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में बुधवार को हाजिर होने का आदेश दिया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। इस मामले की अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। अदालत ने इस दिन राहुल को पेश होने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि पटना की एमपी-एमएलए अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने 2019 में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने कर्नाटक की जनसभा में मोदी



सरनेम वालों को चोर कहा था। मोदी के अधिवक्ता एस.डी. संजय ने बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत को कहा कि गांधी जान बूझकर मामले को लम्बा खींचने को लेकर अदालत में नहीं आ रहे हैं। उन्होंने अदालत से उनकी जमानत को रद्द करते हुए उनके विरुद्ध गैरजमानतीय अधिपत्र जारी किये जाने का अनुरोध किया। इधर, राहुल गांधी के अधिवक्ता ने इस मामले में राहुल की पेशी की तारीख आगे बढ़ाने का अनुरोध किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

## NEWS इन ब्रीफ

### जोकोविच मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में



**मोंटे कार्लो।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने कोर्ट पर विजयी वापसी करते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने रूसी क्वालीफायर इवान गाखोव को 7-6(5), 6-2 से हराया। जोकोविच का एक महीने से ज्यादा समय में यह पहला टूर्नामेंट है। उन्होंने पिछले दो एटीपी 1000 मास्टर्स इवेंट्स- इंडियन वेल्स और मियामी ओपन- नहीं खेले थे। उन्हें वेक्सिनेशन को लेकर अमेरिका में प्रवेश देने से इंकार किया गया था। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद विश्व के नंबर एक खिलाड़ी को 198वें नंबर के खिलाड़ी गाखोव से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। लेकिन जोकोविच ने पहला सेट टाई ब्रेक में जीतने के बाद दूसरा सेट आसानी से जीत लिया। टॉप सीड का तीसरे राउंड में किसी इतालवी खिलाड़ी--लोरेंजो मुसेटी या लुका नार्डी से मुकाबला होगा।

### महिला विश्व कप अभ्यास मैच में स्पेन ने चीन को 3-0 से हराया



**इबिजा (स्पेन)।** स्पेन महिला फुटबॉल टीम ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले आगामी विश्व कप की तैयारी के लिए एक मैत्री अभ्यास मैच में चीन को 3-0 से हरा दिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार स्पेन की जीत में तेरे एबेलीरा, एथेनिया डेल कैस्टिलो और अल्बा रेडोन्डो ने गोल दागे। चीन ने भी कुछ मौके बनाये लेकिन उसकी फिनिशिंग कमजोर साबित हुई। स्पेन ने पांच दिन पहले नॉर्वे को 4-2 से हराया था।

# मैं ओलंपिक में खेलना और अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं: सुनीलिता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

16 वर्षीय सुनीलिता टोप्पो - जिन्होंने हाल के वर्षों में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है, को उनकी काबिलियत देखते हुए अप्रैल 2023 में हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप में बुलाया गया।

युवा फारवर्ड सुनीलिता सुंदरगढ़ के कुकुडा गांव से आती हैं, जो ओडिशा का दूसरा सबसे बड़ा और खनिज समृद्ध जिला है और कई जनजातियों का घर भी है, जहां गांवों में एक चीज समान है और वह है- हॉकी। विशेष रूप से, ओडिशा के 90 प्रतिशत हॉकी खिलाड़ी सुंदरगढ़ से आते हैं, इसलिए सुनीलिता के लिए हॉकी स्टिक उठाना काफी स्वाभाविक था और उन्होंने आठ साल की उम्र में ऐसा ही किया।

उन्होंने कहा, मेरे गांव के ज्यादातर लोग हॉकी खेलते हैं और वे वहां स्थानीय हॉकी टूर्नामेंट भी आयोजित करते हैं, जो मुझे आकर्षक लगा और आखिरकार आठ साल की उम्र में इस खेल को अपनाने का फैसला किया।

उन्होंने कहा, हालांकि, मैंने कभी पेशेवर खिलाड़ी बनने के बारे में नहीं सोचा था और सिर्फ खेल का लुत्फ उठाने के लिए हॉकी खेलती थी।


इस क्षेत्र के कई युवा उभरते खिलाड़ियों की तरह सुनीलिता भी एक सामान्य पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके पिता किसान हैं, जबकि उनकी मां गृहिणी है। इसलिए, एक पेशेवर हॉकी खिलाड़ी बनने की राह युवा फॉरवर्ड के लिए आसान नहीं थी, लेकिन कभी हार न मानने की भावना और परिवार के समर्थन ने उन्हें सुंदरगढ़ में साई प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश दिलाने में मदद की, जो आवासीय सुविधा के अलावा हॉकी सहित कई खेल की कोचिंग प्रदान करता है।

सुनीलिता ने कहा, आर्थिक तंगी के कारण, मुझे एक पेशेवर हॉकी खिलाड़ी बनने की अपनी यात्रा में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन मेरे परिवार ने मुझ पर विश्वास किया, उन्होंने मेरा समर्थन किया और नैतिक समर्थन भी दिया, जिसके कारण मैं आज इस मुकाम पर हूं। साई केन्द्र में प्रवेश करने के बाद, सुनीलिता ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, उन्होंने जूनियर महिला टीम में जगह बनाई, जहां उन्होंने लगातार अपने अच्छे प्रदर्शन से कई लोगों को प्रभावित किया, जिसके बाद अंततः उन्हें हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप में शामिल होने में मदद मिली। अपनी सफलता के मंत्र का खुलासा करते हुए सुनीलिता ने कहा कि यह उनके कोच की सरल लेकिन महत्वपूर्ण सलाह थी जिसने उनकी जिंदगी को अच्छे के लिए बदल दिया।

उन्होंने कहा, मेरे कोच ने मुझे बताया कि मेरा खेल अच्छा है लेकिन यह कड़ी मेहनत है जो एक व्यक्ति को सफल बनाती है। इसलिए मैं अब तक इसी सलाह का पालन कर रही हूं और इसलिए मैं हमेशा कड़ी मेहनत करने और अपने किसी भी काम में अपना शत प्रतिशत देने का लक्ष्य रखती हूं। एक खिलाड़ी के रूप में अपने अंतिम लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर, सुनीलिता ने कहा, मैं ओलंपिक में खेलना चाहती हूं और अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं।



# रोहित शर्मा की पारी से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा : शास्त्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुम्बई इंडियंस की दिल्ली कैपिटल्स पर छह विकेट की जीत के बाद पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा ने सारा दबाव सोख लिया और आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया। शास्त्री ने साथ ही कहा कि उनकी इस पारी से उन्हें आईपीएल के शेष मैचों के लिए सकारात्मक ध्ष्टिकोण बनाये रखने में मदद मिलेगी। पहले दो मैचों में जल्दी आउट हो जाने के बाद रोहित ने तीसरे मैच में फॉर्म में वापसी करते हुए 45 गेंदों में 65 रन ठोके जिसकी बदौलत मुम्बई ने दिल्ली के खिलाफ मंगलवार रात नाटकीय उतार चढ़ाव से भरा मैच आखिरी गेंद पर जीत लिया। शास्त्री के हवाले से स्टार स्पोर्ट्स ने कहा, उन्होंने सारा दबाव सोख लिया क्योंकि सीनियर खिलाड़ी ऐसा कर सकते हैं। वे पहले भी ऐसी स्थिति में रहे हैं, उनके पास अनुभव है। उन्होंने आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया और इसका उन्हें शेष टूर्नामेंट में फायदा मिलेगा।₹ पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि मंगलवार को टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने के बाद मुम्बई अब लगातार कई मैच जीत सकती है और उन्होंने ऐसा पहले भी किया है। शास्त्री ने कहा, आप मुंबई इंडियंस को जानते हैं कि उन्हें एक बार जीत मिल जाए तो वे दो-तीन मैच लगातार जीत सकते हैं। जिस तरह से उन्होंने आखिरी ओवरों में दबाव को संभाला, वह उन्हें शेष मैचों में आगे रखेगा। अगले मैच में मुम्बई का 16 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाईट राइडर्स से मुकाबला होगा।

## तिलक वर्मा भविष्य का खिलाड़ी है : पार्थिव पटेल

पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने मुम्बई इंडियंस की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत में 29 गेंदों में 41 रन बनाने वाले तिलक वर्मा की तारीफ करते हुए उन्हें भविष्य का खिलाड़ी बताया है। तिलक वर्मा ने 41 रनों में एक चौका और चार छक्के लगाए। जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने कहा, वह नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हैं और जिस पिच पर उन्होंने बल्लेबाजी की, जो बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं थी, वह सराहनीय है। उनका फुटवर्क शानदार है और वह तेजी से पोजीशन में आ जाते हैं। जिस तरह ऑफ स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे स्ट्राइक रोटेशन आसान नहीं था। हमने उनकी एक के बाद एक परिपक्व पारियां देखी हैं जो उनका सबसे सकारात्मक पक्ष है।



डब्ल्यूएफआई यौन शोषण मामला

## बजरंग-विनेश ट्रेनिंग ट्रिप से हटे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

किर्गिजिस्तान और पोलैंड में ट्रेनिंग करने के आग्रह के बाद स्टार पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने अब जाने से इंकार कर दिया है जब तक समिति कुश्ती महासंघ पर अपनी रिपोर्ट जमा नहीं कराती और उसके अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह को बर्खास्त नहीं किया जाता। बजरंग और विनेश ने यौन शोषण के आरोप लगाते हुए बृज भूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। सूत्रों ने आईएएनएस से कहा, बजरंग और विनेश उन चीजों से बहुत हताश हैं जिस तरह से मामले को देखा गया है। उन्होंने कहा है कि जब तक समिति अपनी रिपोर्ट जमा नहीं कराती और बृज भूषण को बर्खास्त नहीं किया जाता तब तक वे ट्रेनिंग नहीं करेंगे। इससे पहले केंद्रीय खेल मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत स्टार पहलवानों बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट का किर्गिस्तान और पोलैंड में प्रशिक्षण लेने का आग्रह स्वीकार कर लिया था। बजरंग किर्गिस्तान में 16 दिन और विनेश पोलैंड के स्पाला में 11 दिन ट्रेनिंग करना चाहते हैं। टॉप्स के तहत खिलाड़ियों के हवाई यात्रा खर्च, रहने-खाने का खर्च वहन किया जाएगा। इसके अलावा विनेश की पार्टनर संगीता फोगाट, फिजियोथेरेपिस्ट अश्विनी जीवन पाटिल और बजरंग के कोच सुजीत मान का भी खर्च भी इसमें कवर होगा। हालांकि रिपोटरें के अनुसार पहलवानों के ताजा ध्ष्टिकोण ने साई को नाराज कर दिया है।

### ब्राजीली फुटबॉल क्लब फ्लामेंगो ने मैनेजर विटोर परेरा को किया बर्खास्त

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के पेशेवर फुटबॉल क्लब फ्लामेंगो ने पुर्तगाली मैनेजर विटोर परेरा को बर्खास्त कर दिया है। क्लब ने यह फैसला रियो डी जनेरियो राज्य चैम्पियनशिप फाइनल के दूसरे चरण में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी फ्लुमिनेंस से 4-1 से मिली हार के दो दिन बाद लिया। फ्लामेंगो के अपने सोशल मीडिया पर लिखा, हम सूचित करते हैं कि कोच विटोर परेरा और उनके कर्मचारी अब पेशेवर टीम के प्रभारी नहीं हैं। हम परेरा को धन्यवाद देते हैं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। 54 वर्षीय परेरा ने जनवरी में क्लब की कमान संभाली। उनके निर्देशन में क्लब को 12 जीत, दो ड्रॉ और सात हार मिली।



क्रिकेट वेस्ट इंडीज कॉर्टनी वाल्श का अनुबंध नहीं बढ़ाएगा

## महिला टीम के लिए करेगा नए प्रमुख कोच नियुक्त



**एजेंसी। सेंट जोंस (एंटिगा)**

क्रिकेट वेस्ट इंडीज ने महिला टीम के प्रमुख कोच कॉर्टनी वाल्श और तकनीकी सहायक कोच रॉबर्ट सैमुअल्स और कोरी कोलीमोर के अनुबंध का नवीकरण नहीं करने का फैसला किया है। क्रिकेट वेस्ट इंडीज ने महिला टीम के प्रदर्शन की समीक्षा करने के बाद यह फैसला किया है। वाल्श का कार्यकाल अक्टूबर 2020 में शुरू हुआ था। उनके कार्यकाल के दौरान वेस्ट इंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ होम और अवे सीरीज जीती तथा 2022 आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनायी। वाल्श के तहत वेस्ट इंडीज ने 24 टी20 में से सात और 32 वनडे में से 11 जीते। दक्षिण अफ्रीका में हाल के टी20 विश्व कप में वेस्ट इंडीज ग्रुप चरण में पाकिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ केवल दो मैच जीतकर नॉक आउट में जगह नहीं बना पाया। क्रिकेट वेस्ट इंडीज ने कहा कि वह महिला टीम के नए कोच की भर्ती के लिए प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगा और भर्ती अवधि के दौरान एक अंतरिम तकनीकी सपोर्ट टीम रखी जायेगी।

# राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई को दिया 176 रन का लक्ष्य

### बटलर का तीसरा अर्धशतक

**एजेंसी। चेन्नई**

आईपीएल 2023 का 17वां मैच आज चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में चेन्नई ने टॉस जीतकर राजस्थान को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया है। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रनों का लक्ष्य रखा है। राजस्थान के बल्लेबाज जोस बटलर एक बार फिर चमके। उन्होंने 36 गेंदों में 1 चौके और 3 छक्कों के मदद से 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, यह बटलर का आईपीएल 2023 में तीसरा अर्धशतक है। उनके अलावा देवदत्त पाडिकल ने 38 और रविचंद्रन अश्विन ने 30 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र 10 रन बनाकर चलते बने। कप्तान संजू सैमसन एक बार फिर फ्लॉप रहे और बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौटे। ध्रुव जुरेल 4 और जेसन होल्डर शून्य पर आउट हुए। अंत में शिमरोन हेटमायर ने 30 नाबाद रनो की पारी खेली, जबकि आखिरी गेंद पर एडम जैम्पा एक रन दौड़कर रन आउट हो गए। चेन्नई की ओर से रविंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और आकाश सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए। उनके अलावा मोईन अली ने 1 विकेट हासिल की।




एशियन कुश्ती चैंपियनशिप

## निशा ने रजत और प्रिया ने जीता कांस्य पदक

**एजेंसी। अस्ताना**

भारतीय पहलवान निशा दहिया ने कजाकिस्तान में मंगलवार को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर सीनियर स्तर पर अपने करियर का पहला बड़ा पदक जीता। अंडर-17 विश्व चैंपियन और अंडर-20 विश्व रजत पदक विजेता प्रिया मलिक ने भी 76 किग्रा वर्ग में कांस्य जीतकर सीनियर सर्किट पर अपना पहला बड़ा पदक जीता। निशा को स्वर्ण पदक मुकाबले में 2022 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता, जापानी पहलवान इशी ने 10-0 से हराया। इससे पहले, निशा ने फाइनल में जगह बनाने के लिए दो शानदार जीत हासिल की थी। उन्होंने मंगोलिया की डेल्गेरमा एनखसाइखान को और चीन के फेंग झोउ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। 73 किग्रा में कैडेट विश्व चैंपियन प्रिया ने क्वालीफिकेशन दौर में चीनी ताइपे की हुई त्स चांग को हराया, लेकिन किर्गिज गणराज्य की एपेरी मेडेट काजी से 43 सेकेंड में हार गईं। भारतीय पहलवान ने रेपेचेज मुकाबले में जापान की मिजुकी नगाशिमा को हराकर कांस्य पदक जीता।






कार्यक्रम | एफएमएससीआई वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित

# 118 राष्ट्रीय चैंपियनों को किया सम्मानित

### एफएमएससीआई को सितंबर में एफआईएम मोटोजीपी विश्व चैम्पियनशिप के सफल आयोजन की उम्मीद

**एजेंसी। चेन्नई**

हैदराबाद में इस साल की शुरूआत में एबीबी एफआईए फॉमूर्ला-ई विश्व चैम्पियनशिप के सफल आयोजन के बाद, फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) को उम्मीद है कि एफआईएम मोटोजीपी विश्व चैम्पियनशिप सितंबर में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। एफएमएससीआई वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान आज खेल के विभिन्न प्रारूपों में 2022 सीजन के 118 राष्ट्रीय चैंपियनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एफएमएससीआई के अध्यक्ष अकबर इब्राहिम ने कहा, पिछले साल, हमने घोषणा की थी कि मोटोजीपी भारत आ रहा है और मुझे भारतीय प्रमोटरों और एफआईएम द्वारा सूचित किया गया है कि काम प्रगति पर है, और सभी को उम्मीद है कि आयोजन योजना के अनुसार होगा। एफएमएससीआई ने 2022 सीजन के राष्ट्रीय चैंपियन को सम्मानित करने के अलावा, बेंगलुरु की प्रगति गौड़ा, जिन्होंने चेन्नई में एफआईए रैली स्टार एशिया-पैसिफि क फाइनल राउंड जीता, और श्रिया लोहिया (सुंदरनगर, हिमाचल प्रदेश) जिन्होंने पेरिस, फ्रांस में एफआईए गर्ल्स ऑन ट्रैक इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया, को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए ।

इब्राहिम ने अपनी स्वर्ण जयंती मना रहे एफएमएससीआई के विभिन्न उपलब्धियों को याद करते हुए बताया कि हैदराबाद ने भारत का पहला एफआईए ग्रेड 2 और एफआईए फॉमूर्ला ई स्ट्रीट सर्किट तैयार किया। उन्होंने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने की योजना की भी घोषणा करते हुए कहा, हम खेल को जन-जन तक ले जाना चाहते हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए स्टीवर्ड और मार्शल के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे। सभी कार्यक्रम सुरक्षा आवश्यकताओं का पालन करते हुए चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, केवल मान्यता प्राप्त अधिकारी ही भारत में सभी मोटरस्पोर्ट आयोजनों की निगरानी करेंगे। फिलहाल, 2,500 एफएमएससीआई लाइसेंस धारक हैं और हम संख्या को 20,000 तक बढ़ाना चाहते हैं। अकबर इब्राहिम ने प्रतिष्ठित यूरोपीय रैली चैम्पियनशिप (ईआरसी) खिताब जीतने के लिए एमआरएफ टायर्स को भी बधाई दी।



# ड्रोन लेने पर किसानों को मिलेगी सब्सिडी



## देशभर में ड्रोन टेक्नोलॉजी का होगा डेमोन्स्ट्रेशन

इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च को 100 कृषि विज्ञान केंद्रों, आइसीएआर के तहत 75 संस्थान और 25 स्टेट एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी बड़े पैमाने पर ड्रोन टेक्नोलॉजी को डिमॉन्सट्रेट करेंगे। इसके लिए 52.5 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। राज्य सरकारों को भी 70.88 करोड़ रुपए दिए गए है। इस राशि से ड्रोन का डिमॉन्सट्रेस और किसानों को सब्सिडी भी दी जाएगी।

## ड्रोन के इस्तेमाल से कैसे बदल सकती है खेती?

जनसंख्या के लिहाज से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है और क्षेत्रफल के हिसाब से सातवां बड़ा देश है। ऐसे में इतनी बड़ी आबादी को अन्न सुरक्षा देना बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसलिए जरूरी है कि पारंपरिक खेती की बजाय आधुनिक और तकनीकी खेती का विस्तार हो। खेती की बढ़ती लागत और प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी किसानों को खेती से नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के निवेश वाला ड्रोन स्टार्टअप गरुड़ एयरोस्पेस अपने एग्रीकल्चर ड्रोन्स के लिए एग्री सब्सिडी हासिल करने वाला पहला स्टार्टअप बन गया है। यह सब्सिडी एग्री ड्रोन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की पहल का एक हिस्सा है। इसके अलावा यह सब्सिडी गरुड़ एयरोस्पेस को ऑपरेशंस का विस्तार करने और अपने ड्रोन को भारत में किसानों तक आसानी से पहुंचाने में मदद करेगी। मंगलवार (11 अप्रैल) को पुणे में इस सब्सिडी स्कीम के तहत 8 किसानों को 'गरुड़ किसान ड्रोन' दिए गए। एग्री ड्रोन सब्सिडी कृषि और किसान कल्याण विभाग की ओर से शुरू की गई एक योजना है। इस योजना के तहत, सरकार ड्रोन की खरीद के लिए वित्तीय सहायता देगी। स्कीम के तहत मिलने वाली सब्सिडी सभी के लिए अलग-अलग है। पिछले साल नवंबर-2022 में धोनी ने गरुड़ एयरोस्पेस के स्वदेशी प्रोडक्ट 'किसान ड्रोन' को लॉन्च किया था। यह बैटरी से चलने वाला ड्रोन है, जो प्रति दिन 30 एकड़ भूमि पर कृषि कीटनाशक छिड़काव करने में सक्षम है। तमिलनाडु बेस्ड इस ड्रोन स्टार्टअप गरुड़ एयरोस्पेस के फाउंडर और सीओ अग्निश्वर जयप्रकाश हैं। धोनी पिछले साल जून-2022 में इस स्टार्ट-अप के ब्रांड एंबेसडर बने थे। धोनी ने इस कंपनी में निवेश भी किया है और वे इसके शेयरहोल्डर भी हैं। जयप्रकाश ने गरुड़ एयरोस्पेस को 2016 में बनाया था और यह कृषि में इस्तेमाल होने वाले ड्रोन भी बनाती है। पिछले 6 सालों से बी2बी स्पेस में काम करने के बाद अब यह कंपनी बी2सी स्पेस में भी उतर चुकी है। ऐसे में ड्रोन जैसी टेक्नोलॉजी के जरिए की गई प्रिसिजन फार्मिंग देश के किसानों को बेहतर विकल्प दे सकती है। ड्रोन का इस्तेमाल कर किसान लागत में कमी और समय की बचत कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। पारंपरिक तरीके से कीटनाशकों का छिड़काव करने से हेल्थ पर इसका इफेक्ट पड़ता है। लेकिन ड्रोन के इस्तेमाल से इससे बचा जा सकता है।


# भारत सुधार के एजेंडे के लिए प्रतिबद्ध है : सीतारमण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत मजबूत और गतिमान राष्ट्र के निर्माण के लिए सुधार के एजेंडे पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि मिलकर काम करने और निवेश के लिए अनेकानेक अवसर बन सकें। आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों के मौके पर वाशिंगटन डीसी में उद्योग निकाय फिक्की और यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित भारत दशक में निवेश पर एक गोलमेज बैठक में सीतारमण ने मंगलवार को नए भारत की वैश्विक स्वीकृति की वास्तविकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एक निवेश गंतव्य के अलावा भारत वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में नई भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के लोग दुनिया के दूसरे देशों की तुलना में दोगुनी तेजी से प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण को अपना रहे हैं, जिससे प्रभावी रूप से उनका जीवन कहीं अधिक आसान हो गया है। वित्त मंत्री ने गोलमेज प्रतिभागियों को बताया कि डिजिटलीकरण अभियान में स्थानीय भाषाएं शामिल हैं, जिससे इन भाषाओं में संवाद करने वाले लोग अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं, प्रभाव पैदा कर रहे हैं और संभावनाएं तलाश रहे हैं। सीतारमण ने आगे जोर देकर कहा कि दुनिया भर में रीसेट की वास्तविकता और कोरोना वायरस महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में सुधार की गति बेरोकटोक बनी हुई है। उन्होंने केंद्र द्वारा 2023-24 के बजट के माध्यम से निर्धारित किए गए कई संरचनात्मक और शासन संबंधी सुधारों के बारे में भी विस्तार से बताया।

# रियलमी नारजो एन55 स्मार्टफोन भारत में लॉन्च



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चाइनीज टेक कंपनी रियलमी ने बुधवार (12 अप्रैल) को भारतीय बाजार में 'रियलमी नारजो एन55' स्मार्टफोन लॉन्च किया है। कंपनी ने इस बजट सेगमेंट स्मार्टफोन में 6.72-इंच का बड़ा डिस्प्ले और 33वाट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5000एमएएच की बैटरी दी है। फोटोग्राफी के लिए नारजो एन55 के रियर पैनल पर 64जीबी + 2जीबी का डुअल कैमरा सेटअप दिया गया है। इस स्मार्टफोन को कंपनी ने 4जीबी रैम + 64जीबी स्टोरेज और 6जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज वैरिएंट में लॉन्च किया है। रियलमी ने 4जीबी रैम + 64जीबी स्टोरेज वाले स्मार्टफोन को 10,999 रुपए और 6जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज वाले वैरिएंट को 12,999 रुपए में पेश किया है। डिस्प्लेः रियलमी नारजो ठ55 में 6.72 इंच का फुल एचडी+ आइपीएस एलसीडी डिस्प्ले दी गई है, जो 90हटर्ज रिफ्रेस रेट को सपोर्ट करती है। इसका रेजोल्यूशन 1080+ 2400 पिक्सल है, जिसमें 680 निड्स की पीक ब्राइटनेस मिलती है। डिस्प्ले में कंपनी ने इंटरैक्टिव मिनी कैप्सूल फीचर दिया है, जिसमें बैटरी, चार्जिंग स्टेटस के साथ नोटिफिकेशन दिखेगा। इंटरैक्टिव मिनी कैप्सूल फीचर आई फोन14 प्रो के डायनेमिक आइलैंड जैसे काम करता है। परफॉर्मेंस के लिए फोन में मीडियाटेक का हीलियो जी88 प्रोसेसर दिया गया है। इससे इंटरनल रैम को एक्सपेंड कर 12 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं दोनों वैरिएंट 1टीबी तक का मैमोरी कार्ड सपोर्ट कर सकते हैं। फोटोग्राफी के लिए फोन के रियर पैनल पर 64 मेगापिक्सल का प्रायमरी कैमरा और 2एमपी का सेकेंडरी कैमरा दिया है। जबकि सेल्फी व वीडियो कॉलिंग के लिए डिस्प्ले में 8एमपी का कैमरा दिया गया है। कंपनी ने इन कैमरों के अपर्चर के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी है।

# शेयर बाजार में रही तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी बुधवार (12 अप्रैल) को तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 235 अंक की बढ़त के साथ 60,392 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 90 अंकों की बढ़त रही। यह 17,812 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 17 शेयरों में तेजी और 13 में गिरावट देखने को मिली। अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 8 में गिरावट आज अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 8 में गिरावट देखने को मिली है। हालांकि अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 2.49% चढ़ा है। वहीं अंबुजा सीमेंट और ठउ्रळश के शेयरों में 2-2% की गिरावट देखने को मिली ।विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को कैश मार्केट में लगातार 8वें दिन खरीदारी की है। मंगलवार को कैश मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 342 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों ने बीते 8 कारोबारी सत्र में कुल 5,960 करोड़ रुपए की खरीदरी की है। जबकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कल 264 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। वहीं बीते हफ्ते यानी 31 मार्च से 6 अप्रैल के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1,604.56 करोड़ की खरीदारी की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,272.53 करोड़ रुपए के शेयर बेच डाले।

# माइक्रोसॉफ्ट ने 40 नए देशों में पीसी गेम पास लॉन्च किया




**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले दो महीनों में अपनी नई सेवा का पूर्वावलोकन करने के बाद 40 नए देशों में पीसी गेम पास सेवा शुरू की है। कंपनी ने फरवरी में इन 40 नए देशों में पीसी गेम पास प्रीव्यू की उपलब्धता की घोषणा की थी। माइक्रोसॉफ्ट ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, फरवरी में, हम पहली बार 40 नए देशों में पीसी गेम पास का पूर्वावलोकन लाए। प्रतिक्रिया अविश्वसनीय थी। इसमें कहा गया, रहमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आज इन देशों के सभी खिलाड़ी पीसी गेम पास समुदाय में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि पीसी गेम पास में शामिल होने के इच्छुक नए सदस्य स्थानीय मूल्य निर्धारण के साथ-साथ साइन अप करने के तरीके के बारे में अधिक जानने के लिए एक्सबॉक्स.कॉम/पीसीगेमपास पर जा सकते हैं। कंपनी के अनुसार, पीसी गेम पास के साथ, खिलाड़ियों को विंडोज पर सैकड़ों पीसी गेम की लाइब्रेरी तक तत्काल पहुंच मिलेगी, जिसमें पहले दिन नए एक्सबॉक्स गेम स्टूडियो रिलीज, प्रतिष्ठित बेथेस्डा गेम, एक ईए प्ले सदस्यता और लीग ऑफ लीजेंड्स और वेलोरेंट जैसे रियोट गेम्स में केवल सदस्य को लाभ मिलता है। पीसी गेम पास अब क्रोएशिया, आइसलैंड, लीबिया, कतर और यूक्रेन समेत यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों में आधिकारिक तौर पर उपलब्ध है। इस विस्तार के साथ, 86 देशों के पास अब गेम पास तक पहुंच होगी क्योंकि माइक्रोसॉफ्ट कंसोल से परे अपनी सब्सक्रिप्शन सेवा को बढ़ाना चाहता है। भारत में, माइक्रोसॉफ्ट ने 2019 में पीसी के लिए एक्सबॉक्स गेम पास सेवा को 50 रुपये प्रति माह की कीमत पर लॉन्च किया था।

# माउंट एवरेस्ट में तीन शेरपा पर्वतारोही लापता



**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के पर्यटन विभाग के अनुसार, बुधवार को माउंट एवरेस्ट के एक हिमदरार में तीन शेरपा पर्वतारोही लापता हो गए। विभाग के निदेशक युबराज खातिवाड़ा के अनुसार, तीनों की पहचान चिरी शेरपा, लकपा टेंडी शेरपा और लकपा रीता शेरपा के रूप में की गई है, जो कैंप 1 से रस्सी-फिक्सिंग उपकरण लेकर कैंप 2 जा रहे थे। जैसे-जैसे अभियान का नया मौसम नजदीक आ रहा है, उम्मीद है कि इस साल लगभग 500 पर्वतारोही दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर चढ़ने का प्रयास करेंगे। 2022 में यह संख्या घटकर 325 हो गई क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध ने दो युद्धरत देशों, पोलैंड और कुछ अन्य यूरोपीय देशों के संभावित पर्वतारोहियों को नेपाल आने से रोक दिया था। एवरेस्ट पर चढ़ने के परमिट की लागत विदेशियों के लिए 11,000 डॉलर और नेपालियों के लिए 75,000 एनपीआर है। एक अनुभवी पर्वतारोही गाइड 45 दिनों के मौसम के दौरान 12,000 डॉलर जितना कमाता है, जहां अच्छे मौसम की विंडो आम तौर पर एक वर्ष में दो सप्ताह के लिए उपलब्ध होती है।

## शवदाह गृह के बाहर फायरिंग, एक की मौत तीन लोग हुए घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में मंगलवार को गोलीबारी की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना उस वक्त हुई, जब लोग किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने वहां पहुंचे थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख रॉबर्ट कोंटी ने कहा कि उत्तर-पूर्वी वाशिंगटन में अंतिम संस्कार गृह के पास एक पुलिस अधिकारी तैनात था, जहां दोपहर करीब 12.30 बजे गोलीबारी शुरू हुई थी। पुलिस के मुताबिक, अंतिम संस्कार समाप्त होने के लगभग 20 मिनट बाद गोलीबारी हुई और इसमें एक की जान चली गई। अधिकारी ने कहा कि पीड़िता के परिवार की अपील पर अंतिम संस्कार के पास अधिकारी को भी तैनात किया गया था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख रॉबर्ट कोंटी ने कहा कि कम से कम चार लोगों को गोली मारी गई। डीसी फायर एंड ईएमएस के एक प्रवक्ता के अनुसार, एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं।

## विदेश

# तुर्की के राष्ट्रपति ने दोबारा शुरू किया चुनाव अभियान



**एजेंसी। अंकारा**

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने महंगाई को 10 प्रतिशत से कम करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ दोबारा चुनाव अभियान की शुरूआत की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एर्दोगन ने अंकारा की राजधानी में चुनाव अभियान समारोह में अपने समर्थकों से कहा, हम मुद्रास्फीति को फिर से इकाई अंक में ला देंगे, और निश्चित रूप से, हम अपने देश को इस समस्या से बचाएंगे। अपनी पार्टी के चुनावी घोषणापत्र के बारे में विस्तार से बताते हुए, एर्दोगन ने कहा कि सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) ने 2024 और 2028 के बीच 5.5 प्रतिशत की वार्षिक आर्थिक वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है, ताकि 2028 के अंत तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 15 खरब डॉलर तक पहुंच सके। उन्होंने कहा, आने वाले समय में, 5.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ, हम अपनी राष्ट्रीय आय को 15 खरब डॉलर तक बढ़ाएंगे, और फिर हमारा अगला लक्ष्य 20 खरब डॉलर होगा। दो दशकों के शासन के बाद, एर्दोगन 14 मई को होने वाले चुनावों में राष्ट्रपति पद का एक और कार्यकाल चाहते हैं, जबकि उच्च मुद्रास्फीति और कमजोर मुद्रा के साथ ढुलमुल अर्थव्यवस्था उनकी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

## 90 टन विस्फोटक चीन से लाया नेपाल

**काठमांडू।** चीन से 90 टन विस्फोटक नेपाल लाया गया है। नेपाल में चीनी निवेश उद्योगों और परियोजनाओं के लिए पहली बार चीन से विस्फोटकों का आयात किया गया है। नेपाली सेना के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद भंडारी ने पुष्टि की। उन्होंने बताया कि विस्फोटक चीन से आयात किए गए है। विस्फोटक सरकार की अनुमति से 10 अप्रैल को लाए गए हैं। विस्फोटकों की कमी से उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट प्रभावित होने के कारण से व्यवसायियों ने सरकार से विस्फोटक लाने के लिए अनुरोध किया था। इस अनुरोध के बाद विस्फोटक लाने की अनुमति दी गई। विस्फोटकों की कमी, उद्योग और विकास परियोजनाओं में असुविधा के कारण सेना की राय के बाद इसे चीन से लाया गया है। सैन्य प्रवक्ता भंडारी ने बताया कि सरकार की अनुमति से विस्फोटकों का आयात किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय से रक्षा मंत्रालय के जरिए नेपाली सेना के मुख्यालय तक राय मांगी गई है।

## पेज एक के शेष

### फिल्म में नक्सलवाद...

आप इन प्रतिभाओं पर भी कोई फिल्म बनाएंगे? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहाः मेरी लगातार कोशिश रहती है कि किसी भी ज्वलंत मुद्दे पर फिल्म बनाऊं। अभी एक कहानी पर काम चल रहा है। इसमें हम लोग पूरे गांव की महिलाओं की प्रतिभा और साहस को दिखाने का प्रयास करेंगे। एक सवाल कि 23 साल के झारखंड को एक फिल्मकार के नजरिये से आप कैसे देखते हैं, शाहदेव कहते हैं : बहुत कुछ बदला है। सरकार को ईमानदारी से झारखंड के विकास के लिए काम करना चाहिए। अब भ्रष्ट लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। सोशल मीडिया का जमाना है तो राजनीती में भी ईमानदारी दिखानी होगी। अब कुछ भी छुपता नहीं है। एक सवाल कि 1932 के खतियान को लेकर खूब खींचातानी चल रही है। आप क्या सोचते हैं, के जवाब में उन्होंने कहा कि इस पर मैंने गंभीरता से कभी सोचा ही नहीं। इसलिए इस पर कुछ बोल नहीं सकता। बॉलीवुड क्लब 100 करोड़ का दीवाना है। आप उसमें कब एंट्री मार रहे हैं? इस सवाल के जवाब में शाहदेव कहते हैः यह पता नहीं पर निरंतर फिल्मों का निर्माण जारी रहेगा। हम लोग अपने तईं ईमानदारी से काम कर रहे हैं।

### सचिवालय घेराव : तीन...

गुंजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडेय, दिलीप कुमार सिंह, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, नीलम चौधरी, साधु मांझी, विमल मरांडी, आनंद यादव, त्रिलोचन कुमार पासवान, संजू पांडेय, अमर नाथ कुमार सिंह और दीपक बड़ाइक पर भी मामला दर्ज किया गया है।

### विपक्षी एका पर...

वाला रास्ता चुन सकते हैं। यह ठीक है कि नीतीश कुमार का कुर्ता किसी भी विपक्षी पार्टी के कुर्ते से ज्यादा चमकदार है, पर इसका क्या अर्थ निकाला जाए। वह 2005 से बिहार के मुख्यमंत्री हैं और बिहार आज तक गरीब राज्य के टैग को उखाड़ कर नहीं फेंक सका। फिर, जिस तरीके से भाजपा को उन्होंने झटका दिया है, उससे भाजपा अंदर से उनसे चिढ़ी बैठी है। भाजपा कई मुद्दों को सान चढ़ा रही है, धार दे रही है। बिहार भाजपा हर हाल में नीतीश कुमार को घेर कर तीखे हमले की तैयारी को अंतिम रूप दे रही है।

### विपक्ष में हर...

रहे हैं और समस्या का समाधान लेकर जाते रहे हैं। बुधवार को पहली बार ऐसा हुआ कि मराठा क्षत्रप शरद पवार से मिलने उद्धव ठाकरे मातोश्री से निकलकर शरद पवार के घर पर गए। सियासी दिग्गज यह मान रहे हैं कि उद्धव ने खुद को डी-ग्रेड किया है, क्योंकि उन्हें पता है कि पवार से मिलने के लिए उन्हें जाना ही पड़ेगा और यह भई कि अगर वह विपक्षी एका के पक्ष में खड़े नहीं होंगे तो अकेले रह जाएंगे। बड़ा सवाल यह भी है कि इस विपक्षी एका को लीड कौन करेगा? कन्वीनर कौन होगा? नीतीश क्या करेंगे? पवार के जिम्मे क्या होगा? सोनिया-राहुल-प्रियंका क्या करेंगे? केसीआर के हिस्से में क्या जिम्मेदारियां आएंगी? क्या इस एका में जितने चेहरे जुड़ेंगे, सभी एक-दूसरे को मान्यता देंगे? बड़ा सवाल यह भी है कि क्या राष्ट्रीय पार्टी का तमगा हासिल करने वाली आप इस गठबंधन में कंफर्ट फील करेगी? फिर नीतीश को जो काम दिया गया है, वह उसे कर पाएंगे या नहीं? अगर नीतीश बिहार से बाहर रहेंगे तो बिहार कौन देखेगा? क्या ललन सिंह या फिर तेजस्वी? तेजस्वी फिलहाल एक दागी चरित्र में हैं। उनसे पूछताछ चल रही है। कुल मिलाकर विपक्षी एका के वजूद पर और उसके कांसेप्ट पर कई किस्म के सवाल उठ रहे हैं। आने वाले दिनों में कुछ चीजें साफ हो जाने की उम्मीद है।

**लोगों को जोड़ने का काम :** सूत्र बता रहे हैं कि विपक्षी पार्टियों को जोड़ने का काम नीतीश और पवार करेंगे जबकि सरकार की विफलता बताने का काम राहुल-प्रियंका को दिया जा सकता है। केसीआर का नाम भी इसमें शामिल किया जा सकता है। एक डर यह भी है कि भाजपा राहुल को उनके ही बयानों में उलझाकर विपक्षी एका की खिल्ली न उड़ाए।

## उपलब्धि

## इनोवेशन रोबोटिक्स की दुनिया के लिए अहम

# वैज्ञानिक बना रहे रोबोटिक केंचुए



**एजेंसी। लंदन**

कई दशकों से वैज्ञानिक सॉफ्ट रोबोट डेवलप करने में जुटे हैं। ये रोबोट उस जीव से प्रेरित हैं, जिन्हें अमूमन किसी काम का नहीं समझा जाता यानी बिना रीढ़ के केंचुए। हालांकि, केंचुओं की खूबियां अपने-आप में काफी अनूठी हैं। मसलन ये मिट्टी में काफी अच्छी खुदाई कर सकते हैं और आसानी से कहीं भी घुस और मुड़ सकते हैं। स्वीडिश यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेस की रिसर्चर एल्सा एराजोला कहती हैं कि केंचुए काफी फ्लेक्सिबल होते हैं। केंचुए कुछ ऐसे काम कर सकते हैं जो अभी मशीन भी नहीं कर सकतीं। यही वजह है कि रोबोटिक्स केंचुए विज्ञान, रक्षा, चिकित्सा, कृषि जैसे कई क्षेत्रों में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। इटैलियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सॉफ्ट रोबोटिक्स ग्रुप के शोधकताओं ने एक ऐसा रोबोट बनाया है जो केंचुए की तरह सरक-सरक कर चल सकता है। आइआइटी की मैकेनिकल इंजीनियर रिद्धी दास कहती हैं, ह्यये डिजाइन काफी अनूठा है। इसमें रोबोटिक केंचुए को आगे बढ़ाने और पीछे सरकाने के लिए पॉजिटिव और नेगेटिव प्रेशर का इस्तेमाल होता है। इनका बनाया रोबोटिक केंचुआ आकार में हल्के डंबल की तरह है। इसमें जेल भरा हुआ है जो इसके मूवमेंट में मदद करता है। अमेरिका की नोट्रे डेम यूनिवर्सिटी की इलेक्ट्रिकल इंजीनियर यासमीन ओजकेन कहती हैं कि आइआइटी ग्रुप का ये इनोवेशन रोबोटिक्स की दुनिया के लिए अहम है। जीई के मैकेनिकल इंजीनियर दीपक त्रिवेदी कहते हैं, ह्यरोबोटिक केंचुए बहुत अच्छी सुरंग खोद सकते हैं। उन्हें जीई के बनाए लगभग 10 सेमी व्यास वाले रोबोट के लिए काफी संभावनाएं नजर आती हैं।

## नेपाल हादसे में चार भारतीय नागरिकों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुली जिले में एक कार दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। पुलिस ने ये जानकारी दी है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, हादसा मंगलवार देर रात बीपी हाईवे के सिंधुलीमाडी-खुरकोट खंड के कमलामाई नगर पालिका-3 के सोलभंजयांग के पास हुआ। दुर्घटनास्थल काठमांडू से करीब 100 किमी दूर है। पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिलवाल ने कहा कि कार का भारतीय रजिस्ट्रेशन नंबर था और यह काठमांडू की ओर जा रही थी। वाहन सड़क से करीब 500 मीटर दूर जा गिरा। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### कर्नाटक के एक और भाजपा नेता ने की संन्यास की घोषणा

**दक्षिण कन्नड़।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा को एक और झटका देते हुए, सुलिया निर्वाचन क्षेत्र से छह बार के विधायक, मत्स्य, बंदरगाह और अंतर्देशीय जल परिवहन मंत्री एस. अंगारा ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट से इनकार किए जाने के बाद सक्रिय राजनीति से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की है। अंगारा को विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट से वंचित किया गया था। उन्होंने चुनाव प्रचार में भी हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। उन्हें सुलिया निर्वाचन क्षेत्र में अपराजेय राजा के रूप में जाना जाता है।

### सात लाख की स्मैक के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नशे के सौदागरों की फेहरिस्त दिन प्रतिदिन लंबी होती जा रही है। रानीपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 66 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़ी गई स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 7 लाख रुपये बताई जा रही है। सभी अभियुक्तों का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया है। सूचना पर पुलिस ने नशे के सौदागरों का नेटवर्क तोड़ते हुए सुमन नगर तिराहे से कार से स्मैक की तस्करी करते हुए गिरोह के सरगना सचिन उर्फ रावण को उसके तीन साथियों अश्वनी, शमीम व कामिल को 51.1 ग्राम स्मैक के साथ हिरासत में ले लिया।

### गुरुग्राम में दो स्कूल बसों में लगी आग



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में बुधवार दोपहर एक निजी स्कूल के परिसर में खड़ी दो स्कूल बसों में आग लग गई। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, दोपहर करीब 1.15 बजे सूचना मिली कि शहर के सेक्टर-45 स्थित यूरो इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में खड़ी दो बसों में अचानक आग लग गई है। हालांकि, घटना के समय बसों के अंदर कोई बच्चा मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि बस में चिंगारी से कथित तौर पर आग लगी जो दूसरी बस में भी फैल गई। देखते ही देखते दोनों बसें धू-धू कर जलने लगीं। आग बुझाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

# पंजाब : बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग, चार जवान शहीद

## पंजाब पुलिस ने कहा: यह आतंकी हमला नहीं, आंतरिक घटनाक्रम

**एजेंसी। बठिंडा**

देश के सबसे बड़े रक्षा प्रतिष्ठानों में से एक पंजाब के बठिंडा में मिलिट्री स्टेशन के भीतर हुई गोलीबारी की घटना में सेना के चार जवान शहीद हो गए। भारतीय सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह आतंकी हमला नहीं था। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक (जांच) अजय गांधी ने बताया कि इंसास राइफल के 19 खाली शेल मौके से बरामद किए गए हैं। मिलिट्री स्टेशन के भीतर बैरक में सो रहे सैन्यकर्मियों पर सादे कपड़ों में दो अज्ञात लोगों ने 19 गोलियां चलाईं। वहीं, पीआरओ दक्षिण पश्चिम कमान ने एक बयान में कहा कि मिलिट्री स्टेशन क्विक रिएक्शन टीमों को अलर्ट कर दिया गया है और इलाके को घेर लिया गया है और सील कर दिया गया है। बठिंडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुलनीत सिंह खुराना ने मीडिया से कहा: यह कोई आतंकी हमला नहीं था। मिलिट्री स्टेशन में कोई आंतरिक घटनाक्रम हुआ है। पुलिस की टीमें जांच करने और स्थानीय सैन्य अधिकारियों की सहायता करने के लिए मौके पर मौजूद हैं। शुरुआती रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना आपस की लड़ाई प्रतीत होती है। सूत्रों ने कहा कि यूनिट से एक इंसास राइफल और कुछ राउंड गोला-बारूद हाल ही के दिनों में यूनिट परिसर से गायब हो गए थे। बठिंडा का मिलिट्री स्टेशन 10 कोर का मुख्यालय है, जो राजस्थान में जयपुर स्थित दक्षिण पश्चिमी कमान के अधिकार क्षेत्र में आता है।

### अफवाहों से बचें, अटकलों से रहें दूर : सेना



**दो दिन पहले बठिंडा मिलिट्री स्टेशन से 28 राउंड गोलियों के साथ इंसास राइफल हो गया था गायब**

**सेना के जांचकर्ता इंसास राइफल व 28 राउंड लापता होने की घटना को भी वारदात से जोड़कर मामले की कर रहे हैं जांच**

**उधर,** बठिंडा मिलिट्री स्टेशन पर फायरिंग की घटना में 4 सैनिकों की मौत के बाद सेना ने कहा कि घटना की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अफवाहों से बचें और अटकलों से दूर रहें। सेना की प्रारंभिक जांच में एक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। भारतीय सेना द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले बठिंडा मिलिट्री स्टेशन से 28 राउंड गोलियों के साथ एक इंसास राइफल के लापता होने की सूचना मिली थी। अब सेना के जांचकर्ता इंसास राइफल व 28 राउंड लापता होने की घटना को भी इस वारदात से जोड़कर मामले की जांच कर रहे हैं।

#### सभी पहलुओं का लगाया जा रहा पता

**भारतीय** सेना ने इस संदर्भ में आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि घटना के लिए संभावित मामले सहित सभी पहलुओं का पता लगाया जा रहा है। भारतीय सेना के मुताबिक बठिंडा मिलिट्री स्टेशन के अंदर सुबह करीब 4 बचकर 35 मिनट पर फायरिंग की घटना की सूचना मिली। स्टेशन क्विक रिएक्शन टीमों को सक्रिय किया गया। इलाके की घेराबंदी कर सील कर दिया गया। सर्च ऑपरेशन जारी है। चार हताहतों की सूचना दी गई है। सेना का कहना है कि आगे के विवरण का पता लगाया जा रहा है।

# राहुल गांधी या तो राजनीति करना सीख जाएंगे या दरकिनार हो जाएंगे



**वायनाड में राहुल की रैली के दिन ही जयपुर में पायलट का अनशन और अतीक को प्रयागराज ले जाया जाना संयोग है या सोची समझी योजना**

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

कुछ राजनीतिकों को लग रहा है सोची समझी योजना, कुछ को लग रहा है संयोग। लेकिन ज्यादातर लोगों का कहना है कि जो हालात बनते जा रहे हैं और जिस तरह से घेराबंदी हो रही है उसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी या तो संघर्ष करके नेता बन जाएंगे, दांव-पेंच शातिरपना जान जाएंगे या वह व उनकी पार्टी बस नाम के लिए रह जाएंगे। चीन व रूस में विपक्ष की तरह। इस बारे में पूर्व सांसद हरिकेश बहादुर का कहना है कि कोई भी घटना लीजिए, उसकी कड़ी जोड़िए तो लगता है कितनी योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी हो रही है। उसकी काट कांग्रेस, राहुल गांधी लचर तरीके से कर रहे हैं। ढीले-ढाले रवैये, काम चलाऊ तरीके से राजनीति करने पर यही होगा।

वरिष्ठ पत्रकार कुशाल का कहना है कि राहुल गांधी का अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड जाकर रैली करने का कार्यक्रम 11अप्रैल को रहा। राजस्थान में मुख्यमंत्री बनने के लिए बेचैन सचिन पायलट उसी दिन एंग्री यंग मैन की मुद्रा में अनशन पर बैठते हैं। तर्क देते हैं कि भाजपा की वसुंधरा सरकार के समय के तथाकथित खनन घोटाला की जांच कराने की मांग को लेकर यह एक दिनी अनशन है। उधर, कई हत्या आदि कांड में संलग्न उत्तर प्रदेश के माफिया अतीक अहमद को गुजरात के साबरमती जेल से वैन से सड़क मार्ग से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज ले जाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस गुजरात के साबरमती जेल पहुंचती है और अतीक को लेकर 11 अप्रैल को ही दिन के दो बजे के लगभग प्रयागराज के लिए निकलती है। इस तरह सुबह से ही सचिन पायलट का अनशन तथा दोपहर से माफिया डॉन अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज लाने की खबर टीवी चैनल व सोशल मीडिया में चलने लगती है। राहुल गांधी के वायनाड यात्रा, रैली, रोड शो की खबर दब गई। यदि पायलट व माफिया डॉन वाली खबर नहीं होती तो राहुल वाली खबर ही ज्यादा चलती।

इन सब के बीच कुछ राजनीतिक भी कहने लगे हैं कि यह सब संयोग से ज्यादा सोची समझी रणनीति के तहत राहुल गांधी को ठीक से सबक सिखाने, उनकी राजनीति खत्म करने के लिए चली जा रही चाल के तहत हो रहा है। इन हालात में राहुल या तो राजनीति करना जान जाएंगे या दरकिनार हो जाएंगे।

# लालू की पहल पर नीतीश, खड़गे, राहुल मिले, विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

कांग्रेस, जदयू, राजद में बहुत दिनों से पहले आप, पहले आप का चक्कर चल रहा था। जिसका लाभ केंद्रीय सत्ताधारी पार्टी को मिला और उसका चक्र और तेज चलने लगा। केंद्रीय जांच एजेंसियों आदि की मार से पस्त करने की कोशिश परवान चढ़ने लगा। जिसके चलते त्राहि-त्राहि। फिर भी नाक का सवाल कि पहले पहल कौन करे। कहीं अगला ना न कर दे। जब अति होने लगा तो राजद प्रमुख लालू यादव ने बीमारी की हालत में ही हिम्मत करके पहल की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बात की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात की। उसके बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने नीतीश से बात की थी। फिर नीतीश मंगलवार 11 अप्रैल को दिल्ली पहुंचे, लालू यादव से मिले। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ईडी द्वारा पूछताछ किये जाने के मामले में पहले ही दिल्ली आए हुए थे। बुधवार 12 अप्रैल को नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जदयू अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर पहुंचे। जहां खड़गे व राहुल गांधी ने उनका स्वागत किया। उस मुलाकात के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बैठक में बहुत बातों पर चर्चा हुई। हम सभी ने मिलकर तय किया है कि सभी दलों (विपक्षी) को एकजुट करेंगे और एक होकर आगे के चुनावों में लड़ेंगे। हम सभी मिलकर उसी रास्ते पर काम करेंगे।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम अधिक से अधिक पार्टियों को पूरे देश में एकजुट करने का प्रयास करेंगे। हम एक साथ मिलकर चलेंगे। जितने लोग हमारे साथ आने के लिए तैयार होंगे, उसके बाद हम सब मिलकर बैठेंगे, तब आपको पता चल जाएगा। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि यह विपक्ष को एकजुट करने की दिशा में कदम है, जो भी हमारे साथ आएगा, उसे साथ लेकर चलेंगे। विपक्ष को एक करने में एक बहुत ऐतिहासिक कदम लिया गया है। विपक्षी दलों के साथ विचारधारा की लड़ाई लड़ेंगे। देश पर आक्रमण के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होंगे। इस बारे में पूर्व सांसद व जदयू नेता केसी त्यागी का कहना है कि बहुत समय तक हमारे राजनीतिक विरोधी रहे लालू प्रसाद यादव के साथ गठबंधन करके नीतीश कुमार ने क्षेत्रीय दलों को यह संदेश दे दिया है कि वे 2024 के चुनावों में भाजपा को हराने के लिए अपने मतभेदों को भूल जाएं। वैसे तो नीतीश ने कई बार कहा है कि वह पीएम पद की दौड़ में नहीं हैं, वह चाहते हैं कि अधिकतम विपक्षी दल भाजपा के खिलाफ एक साथ आएं। नीतीश कुमार एक विपक्षी मोर्चे पर जोर दे रहे हैं जिसमें कांग्रेस को मुख्य भूमिका निभानी चाहिए, जबकि कई विपक्षी दल गैर-कांग्रेसी गठबंधन के लिए इधर-उधर दौड़ लगा रहे हैं। इस बीच 25 अप्रैल 2023 को राहुल गांधी को पटना के एक न्यायालय में उपस्थित होना है। कर्नाटक के कोलार में 2019 में एक चुनावी कार्यक्रम में दिये गये भाषण में नीरव मोदी, ललित मोदी, जैसे मोदी क्यों... चोर... कहे जाने को लेकर राहुल गांधी के विरूद्ध पटना के न्यायालय में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने मानहानि की याचिका दायर की है। जिस पर 25 अप्रैल को सुनवाई है। उसमें राहुल गांधी जाएंगे, तो पटना हवाई अड्डा से न्यायालय तक के रास्ते में कांग्रेस कार्यकर्ता तो होंगे ही, राजद व जदयू कार्यकर्ता भी होंगे।

# राजस्थान में वंदे भारत ट्रेन को पीएम ने दिखाई झंडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अजमेर और दिल्ली छावनी के बीच ट्रेन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने खेद व्यक्त किया कि रेलवे जैसी महत्वपूर्ण और बुनियादी आवश्यकता को लंबे समय तक राजनीति के अखाड़े में फंसा दिया गया। पीएम मोदी ने कहा: आजादी के समय भारत को काफी बड़ा रेलवे नेटवर्क विरासत में मिला था, लेकिन आजादी के बाद के वर्षों में राजनीतिक हित आधुनिकीकरण की जरूरत पर हावी रहे। रेल मंत्री के चयन, ट्रेनों की घोषणा और यहां तक कि भर्तियों में भी राजनीति साफ झलक रही थी।




### 'फिरोज खान के सामने न्यूड हुई थी सेलिना'



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने एक सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वाले यूजर को करारा जवाब दिया है। दरअसल, यूजर ने दावा किया था कि वह पिता (फिरोज खान) और बेटे (फरदीन खान) दोनों के साथ सोई थी। बता दें सेलिना ने 2003 में दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता फिरोज खान की फरदीन खान अभिनीत 'जानशीन' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। उमैर संधू नाम के यूजर ने अपनी पोस्ट में लिखा, सेलिना जेटली बॉलीवुड की एकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो पिता (फिरोज खान) और बेटे (फरदीन खान) के साथ सो चुकी हैं। इस यूजर को मुंहतोड़ जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, डियर मिस्टर संधू, उम्मीद है कि इसे पोस्ट करने के बाद आप मर्द बन गए होंगे और आपके इरेक्टाइल डिसफंक्शन का इलाज हो गया होगा, लेकिन आपकी समस्या को ठीक करने के लिए और भी कई तरीके हैं, जैसे डॉक्टर के पास जाना।

### सामंथा, वरुण धवन के साथ 'सिटाडेल' इंडिया में शामिल हुए सिकंदर खेर



**अमेरिकी** टीवी सीरीज 'सिटाडेल' के हिंदी रीमेक में समांथा रुथ प्रभु और वरुण धवन के साथ एक्टर सिकंदर खेर स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। निर्माता धीरे-धीरे हिंदी रीमेक के लिए अन्य कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं और सिकंदर खेर को टीम में शामिल किया है। यह शो हिट फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। प्रोडक्शन टीम के एक करीबी सूत्र का कहना है: सिकंदर खेर 'सिटाडेल' के हिंदी वर्जन के कलाकारों में शामिल किए गए हैं। उन्होंने मुंबई में हुए अमेरिकी वर्जन के भारत प्रीमियर में भी भाग लिया। 'सिटाडेल' सीजन के सबसे बड़े शो में से एक होने का अनुमान है। यह पहली बार होगा जब सिकंदर राज और डीके एक साथ काम करेंगे। हिंदी वर्जन में वरुण प्रमुख भूमिका में होंगे। शो में समांथा भी वो भूमिका निभाएंगी, जो मूल रूप से प्रियंका चोपड़ा द्वारा निभाई गई है।

### 'केडी' की शूटिंग के दौरान संजय दत्त को लगी चोट

**बॉलीवुड** सुपरस्टार संजय दत्त फिलहाल बेंगलुरु के आसपास के इलाकों में अखिल भारतीय कन्नड़ फिल्म 'केडी' की शूटिंग कर रहे हैं। वह एक बम विस्फोट सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बम विस्फोट के सीन की शूटिंग के दौरान संजय दत्त की कोहनी, हाथ और चेहरे पर चोटें आई। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है। फाइट मास्टर डॉक्टर रवि वर्मा फिल्म के लिए फाइट कंपोज कर रहे थे। घटना की सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि यह घटना बेंगलुरु के मगदी रोड पर हुई थी। फिलहाल, संजय दत्त चोटों से उबर रहे हैं।

### माही और नेहा का 'कमरिया' गाना रिलीज



**भोजपुरी** सिनेमा जगत में अपने हुस्न और अदाओं से सभी को दीवाना बनाने वाली अदाकारा माही श्रीवास्तव और सुपर सिंगर नेहा राज की जोड़ी को इंडस्ट्री की हिट जोड़ियों में से एक जोड़ी माना जाता है। अब इस जोड़ी का धमाकेदार गाना 'कमरिया' वर्ल्ड वाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से रिलीज किया गया है। इस गाने को खेत खलियान के बीच फिल्माया गया है, जिसमें माही ने रंग बिरंगे लहंगा चोली पहना हुआ है, जिसमें वे कमाल की लग रही है और उनके डांस और एक्सप्रेशन के क्या कहने। उनके चेहरे के एक्सप्रेशन हर किसी को अपना दीवाना बनाने के लिए काफी है। बीच-बीच में नेहा राज भी गाने में नजर आ रही है। माही श्रीवास्तव और नेहा राज के कमरिया गाने को वर्ल्ड वाइड रिकार्ड्स भोजपुरी द्वारा पेश किया गया है। वही इसके लिरिक्स पिंकू बाबा ने लिखे हैं। इसका संगीत विनय विनायक ने दिया है।

## चारधाम यात्रा: घोड़े और खच्चर संचालकों के लाइसेंस होंगे निरस्त

# यात्रियों से अभद्रता करने पर होगी कार्रवाई

**अक्षय तृतीया के दिन 22 अप्रैल को गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे**

**25 अप्रैल को केदारनाथ धाम के और 27 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के खुलेंगे कपाट**



**एजेंसी। रुद्रप्रयाग**

साल 2023 चारधाम यात्रा की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इस साल सरकार को पूरी उम्मीद है कि इस बार की चारधाम यात्रा में पिछले साल से भी ज्यादा श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे। अभी तक 12 लाख से भी ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। वहीं, चारधाम यात्रा में आने वाले यात्रियों को हर सुविधा देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में इस बार यात्रियों से अभद्रता करने वाले घोड़े खच्चर और डंडी-कंडी संचालकों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जी, हां! केदारनाथ पैदल मार्ग पर संचालित होने वाले घोड़े खच्चर हॉकर और डंडी-कंडी संचालक अगर इस बार यात्रियों के साथ अभद्रता करते हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए कुछ नियम भी तय किए गए हैं।

साथ ही प्रशासन घोड़े खच्चर हॉकरों के इस बार पहचान पत्र भी जारी करेगा। घोड़े खच्चर और डंडी-कंडी संचालक यात्रियों से अभद्रता करता है तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। जिसके बाद यात्री की शिकायत पर पुलिस घोड़े खच्चर और डंडी-कंडी संचालकों पर एक्शन लेगी। आपको बता दें कि इस बार चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हो रही है। 22 तारीख को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। वहीं 25 अप्रैल को केदारनाथ धाम के और 27 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।